श्रावण मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 229, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 18 सितंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## 'पीएम विश्वकर्मा' योजना हुनरमंदों के लिए उम्मीद की किरण: मोदी, भारत में कांफ्रेंस टूरिज्म की आपार संभावनाएं, यशोभूमि, 'भारत मंडपम' देंगे बड़ा योगदान

# विश्वकर्मा जयंती पर 'विश्वमित्र' का तोहफा

**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने रविवार को विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर दिल्ली के द्वारका में इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर यशोभूमि का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरूआत भी की। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने देश की समृद्धि में विश्वकर्मा भाई-बहनों के योगदान को सराहा और कहा कि ऐसे ही हुनरमंदों के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना उम्मीद की किरण बनकर आई है। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में योजना से जुड़े 18 व्यवसायों के विश्वकर्मा कारीगरों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। उन्होंने कहा कि उनके योगदान के बिना रोजमर्रा के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। इनकी अहमियत समाज में उसी तरह है जैसे शरीर में रीढ़ की हड्डी की होती है। इन्हीं को मदद पहुंचाने के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना लाई गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया में हाथ से बने समानों की कीमत बढ़ रही है। ऐसे में भारत सरकार विश्वकर्मा लोगों को इस सप्लाई चैन का हिस्सा बनाएगी। इसके लिए उनके प्रशिक्षण, औजारों और वाणिज्य जरूरतों को पूरा किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान 500 रुपये भत्ता दिया जाएगा। औजारों के लिए 15 हजार रुपये दिए जाएंगे। वे अपना व्यवसाय करें इसके लिए पहले एक लाख और बाद में दो लाख का बिना गारंटी ऋण दिया जाएगा। इस ऋण पर ब्याज काफी कम होगा। प्रधानमंत्री ने वंचितों को वरीयता अपनी सरकार की प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा, जिसको कोई नहीं पूछता उसके लिए गरीब का बेटा मोदी सेवक बनकर काम करेगा। उन्होंने बताया किर रेहड़ी-पटरी





वालों, स्थानीय कारीगरों, बंजारा एवं घुमंतू जातियों और दिव्यांगजन के लिए देश में पहली बार उनकी सरकार ने प्रयास किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जी-20 में आए महमानों को भी स्थानीय विश्वकर्मा कारीगरों के हुनर से परिचय कराया गया है। प्रधानमंत्री इस अवसर पर लोगों से स्थानीय उत्पाद खरीदने की विशेष अपील की। उन्होंने कहा कि आगे आने वाले त्योहोरों में हम ऐसे उत्पाद खरीदें जिससे देश की मिट्टी और पसीने की महक आती हो। भारत में कांफ्रेंस टूरिज्म की आपार संभावनाओं का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत मंडपम और इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर यशोभूमि इसमें बड़ा योगदान दे सकते हैं। दुनिया में हर साल 32 हजार से ज्यादा एक्सपो आयोजित होते हैं। इससे जुड़ा 25 लाख करोड़ का कन्फ्रेंस टूरिज्म का बाजार है। इसमें मेहमान अन्य पर्यटकों से ज्यादा खर्च करते हैं। अभी तक भारत की इसमें एक प्रतिशत की ही हिस्सेदारी है।

### पीएम विश्वकर्मा योजना: 13 हजार करोड़ रुपये मंजूर

**पीएम** विश्वकर्मा योजना के तहत 13 हजार करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। इसके अंतर्गत 18 पारंपरिक शिल्पों को शामिल किया गया है। इनमें बढ़ई; नौका निमार्ता; शस्त्रमसाज; लोहार; हथौड़ा और टूल किट निमार्ता; ताला बनाने वाला; सुनार; कुम्हार; मूर्तिकार, पत्थर तोड़ने वाला; मोची (जूता/जूता कारीगर); राजमिस्त्री; टोकरी/चटाई/झाडू निमार्ता/कॉयर बुनकर; गुड़िया और खिलौना निमार्ता (पारंपरिक); नाई; माला बनाने वाला; धोबी; दर्जी और मछली पकड़ने का जाल बनाने वाला शामिल हैं। यह योजना पूरे भारत में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता प्रदान करेगी।

### यशोभूमि: कनेक्टविटी और गतिशक्ति का विशेष ख्याल रखा गया

**प्रधानमंत्री** ने बताया कि यशोभूमि के विकास में मल्टी मॉडल कनेक्टविटी और गतिशक्ति का विशेष ख्याल रखा गया है। उन्होंने कहा कि भारत मंडपम हो या यशोभूमि, ये भारत के आतिथ्य, भारत की श्रेष्ठता और भारत की भव्यता के प्रतीक बनेंगे। भारत मंडपम और यशोभूमि दोनों में ही भारतीय संस्कृति और अत्याधुनिक सुविधाओं का संगम है। कार्यक्रम में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री नारायण राणे, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और शिक्षा और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने योजना से जुड़े प्रतीक चिह्न, टैगलाइन और पोर्टल लांच किया। उन्होंने कस्टमाइज 18 डॉक टिकट का डिजिटल उद्घाटन किया। यह डॉक टिकट 18 विश्वकर्मा व्यवसायों से जुड़ी है जिन्हें योजना में शामिल किया गया है। इसके अलावा टूलकिट ई-बुकलेट भी रिलीज की गई। इसमें इन व्यवसायों से जुड़े 249 टूल की जानकारी दी गई है।



# भारत ने जीता एशिया कप 2023 का खिताब

**कोलंबो**

**भारतीय** टीम ने एशिया कप 2023 का खिताब जीत लिया है। फाइनल में भारत ने श्रीलंका को 10 विकेट से हरा दिया। भारतीय टीम को एशिया कप 2023 की टॉफी जीतने के लिए मात्र 51 रन बनाने थे। भारतीय टीम ने बिना कोई विकेट खोए मात्र 6.1 ओवर में ही 51 रन बनाकर 10 विकेट से जीत हासिल कर ली। फाइनल में भारतीय टीम की जीत के हीरो तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज रहे, जिन्होंने बेहतरीन गेंदबाजी करके 6 विकेट झटके। इस कारण श्रीलंका की टीम मात्र 50 रन पर ही ऑलआउट हो गई। रविवार को कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में गत चैंपियन श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। टीम की शुरूआत काफी खराब रही। पहले ही ओवर में जसप्रीत बुमराह ने श्रीलंका को झटका दिया। बुमराह ने ओवर की तीसरी गेंद पर सलामी बल्लेबाज कुसल परेरा को चलता किया। वह खाता भी नहीं खोल सके। इसके बाद दूसरे छोर से मोहम्मद सिराज ने अपनी गेंदबाजी का कहर बरपाया। उन्होंने एक ही ओवर में चार विकेट लेकर श्रीलंका की बल्लेबाजी की कमर ही तोड़ दी। उन्होंने चौथे ओवर में पथुम निसांका (2), सदीरा समरविक्रमा (0), चरिथ असलंका (0) और धनंजय डिसिल्वा (4) का विकेट लिया। सिराज यहीं नहीं रूके। उन्होंने अपने अगले ओवर में कप्तान दासुन शनाका (0) को क्लीन बोल्ड कर पहली बार एक वनडे में पांच विकेट झटके। इसके बाद भी श्रीलंका के विकेट गिरते रहे। श्रीलंका का 33 के स्कोर पर सातवां विकेट गिरा। सिराज ने कुसल मेंडिस को क्लीन बोल्ड किया। वह 17 रन बना सके। इसके बाद हार्दिक पांड्या ने दुनिथ वेलालगे (8), प्रमोद मदुशन (1) और मथीशा पथिराना (0) को आउट कर श्रीलंकाई टीम को 15.2 ओवर में 50 रन पर ही समेट दिया। भारत की ओर से मोहम्मद सिराज ने 6 विकेट, हार्दिक पांड्या ने 3 विकेट और जसप्रीत बुमराह ने एक विकेट अपने नाम किया।

इसके बाद भारतीय टीम को एशिया कप जीतने के लिए मात्र 51 रन बनाने थे।



**फाइनल**

**सिराज रहे जीत के हीरो, फाइनल में भारत ने श्रीलंका को 10 विकेट से हरा दिया**

## संसद के विशेष सत्र में सरकार महिला आरक्षण विधेयक पारित कराए: कांग्रेस

**हैदराबाद/नई दिल्ली**

**कांग्रेस ने** केन्द्र सरकार से मांग की है कि आगामी संसद के विशेष सत्र में महिला आरक्षण विधेयक को पारित किया जाए। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने रविवार को हैदराबाद में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि संसद और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह संविधान संशोधन विधेयक लाए थे। विधेयक 9 मार्च, 2010 को राज्यसभा में पारित हुआ लेकिन लोकसभा में नहीं ले जाया जा सका। ऐसे में कांग्रेस वर्किंग कमेटी ने हैदराबाद बैठक का यह प्रस्ताव है कि केन्द्र सरकार संसद के विशेष सत्र में महिला आरक्षण विधेयक पारित कराए। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि वर्ष 1989 में राजीव गांधी ने स्थानीय निकाय के चुनावों में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण सुनिश्चित किया था। पवन खेड़ा ने कहा कि अप्रैल, 1993 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने पंचायतों और नगर पालिकाओं में महिलाओं के एक तिहाई आरक्षण के लिए संविधान संशोधन विधेयक को फिर से पेश किया था।

# पुरानी सरकारों ने तुष्टीकरण की राजनीति के चलते इसका जश्न नहीं मनाया: शाह

**हैदराबाद**

**केंद्रीय गृह** मंत्री अमित शाह हैदराबाद लिबरेशन डे कार्यक्रम में शामिल हुए। हैदराबाद के परेड ग्राउंड में हुए कार्यक्रम में गृह मंत्री शाह ने लिबरेशन डे नहीं मनाने के लिए पुरानी सरकारों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पिछले 75 सालों में किसी सरकार ने हैदराबाद लिबरेशन डे नहीं मनाया। तुष्टीकरण और वोटबैंक की राजनीति के चलते पुरानी सरकारें इसका जश्न मनाने से डरती रहीं। इतिहास से मुंह मोड़ने वालों से देश की जनता भी मुंह मोड़ लेगी।

सरदार पटेल और केएम मुंशी ने

**हैदराबाद लिबरेशन डे कार्यक्रम में शामिल हुए**



आजादी दिलाईः अमित शाह ने कहा- सरदार पटेल और केएम मुंशी जैसे नेता हैदराबाद की आजादी के लिए जिम्मेदार हैं। अंग्रेजों से आजादी मिलने के बाद 399 दिनों तक हैदराबाद पर क्रूर निजाम ने राज किया। ये दिन लोगों के लिए परेशानियों से भरे थे।

सरदार पटेल ने 400वें दिन राज्य को आजादी दिलाने में मदद की। इसके लिए कई संगठनों ने भी संघर्ष किया। तेलंगाना, मराठावाड़ और कर्नाटक के लोगों को शहीदों के बलिदान को याद रखना चाहिए।

75 साल पहले भारत में शामिल हुआ था हैदराबादः 17 सितंबर 1948 के दिन भारतीय सेना से 5 दिन जंग के बाद हैदराबाद के निजाम मीर उस्मान अली खान ने सरेंडर कर दिया था।

## संसद के विशेष सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक

**नई दिल्ली**

**संसद** के विशेष सत्र से पहले संसद पुस्तकालय भवन में रविवार को सर्वदलीय बैठक हुई। इस बैठक में केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी, जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस नेता फारूक अब्दुल्ला सहित कई विपक्षी पार्टियों के नेता शामिल हुए। मालूम हो कि संसद का विशेष सत्र कल से शुरू होने वाला है।



महिला आरक्षण विधेयक पारित करने की मांगः

सर्वदलीय बैठक के बाद कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि सभी विपक्षी दलों ने इस संसद सत्र में महिला आरक्षण विधेयक पारित करने की मांग की है। वहीं, इस बैठक में शामिल भाजपा सहयोगी और राकांपा नेता प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि हम सरकार से इस संसद सत्र में महिला आरक्षण विधेयक पारित करने की अपील करते हैं।

## आईटी के क्षेत्र में तेलंगाना देश में सर्वश्रेष्ठ: सीएम


**हैदराबाद**

**तेलंगाना** के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि तेलंगाना के इतिहास में 17 सितंबर एक खास तारीख है। भारत की आजादी के बाद तत्कालीन भारत सरकार ने ब्रिटिश प्रशासन से बाहर की रियासतों को भारतीय संघ में विलय करने की प्रक्रिया शुरू की। उसी के एक भाग के रूप में हमारा हैदराबाद 17 सितंबर, 1948 को वृहत्तर भारत का अभिन्न अंग बन गया।

## हाईकमान का फैसला मानूंगा, सीएम सिद्धारमैया ने साफ किया रुख

# क्या कर्नाटक में तीन और उप-मुख्यमंत्री बनेंगे?

**बेंगलुरुः कर्नाटक** की कांग्रेस सरकार में तीन और उपमुख्यमंत्री बनाने की मांग उठ रही है। दरअसल, सरकार में सहकारी मंत्री के एन राजन्ना ने शनिवार को तीन और उप-मुख्यमंत्री बनाने का विचार दिया था। उन्होंने यह भी कहा था कि वह इस मुद्दे पर पार्टी आलाकमान से बात करेंगे। इस मांग पर राज्य के सीएम सिद्धारमैया ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि इस पर आखिर में आलाकमान ही फैसला करेगा। वह हाईकमान के फैसले का पालन करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यह मंत्री राजन्ना की



निजी राय है। सीएम ने साफ किया कि इस मुद्दे पर निर्णय लेना आलाकमान का काम है। वे इसमें कोई हस्तक्षेप नहीं करेंगे।

इन वर्गों के नेताओं को डिप्टी सीएम बनाने की मांगः बता दें कि शनिवार को राजन्ना ने कहा था कि अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए वीरशैव-लिंगायत, एससी/एसटी और अल्पसंख्यक वर्ग से भी एक-एक नेता को उपमुख्यमंत्री बनाया जाना चाहिए।

फिलहाल कर्नाटक में सिद्धारमैया की सरकार में डीके शिवकुमार उपमुख्यमंत्री हैं। साथ ही वह कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। राजन्ना ने कहा था कि लोकसभा चुनाव सिर पर हैं और सभी पार्टियां चुनाव की तैयारी कर रही हैं। हम चाहते हैं कि कांग्रेस ज्यादा से ज्यादा सीटों पर जीते और हमें विश्वास है कि हम जीतेंगे।

# तिरंगे के नीचे खड़े होने का गर्व कांग्रेसियों को क्यों नहीं होता: स्मृति ईरानी

**नई दिल्ली**

**देश की नई** संसद भवन में तिरंगा फहराने के कार्यक्रम में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के शामिल न होने पर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज की छत्रछाया में खड़े होने पर हर भारतीय को गर्व होता है।

इस गर्व की अनुभूति कांग्रेस पार्टी को क्यों नहीं होती इसका जवाब गांधी परिवार को देना चाहिए। वह झांसी में आयोजित पीएम विश्वकर्मा योजना के कार्यक्रम में



शामिल होने के लिए झांसी आईं थीं। राहुल गांधी के 2024 में अमेठी से चुनाव लड़ने के सवाल पर बोलीं कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष 2019 में भी पूरे विपक्ष के प्रत्याशी थे।

## आजम खां: जौहर ट्रस्ट लेनदेन मामले में बढ़ा जांच का दायरा

# सपा सरकार में तैनात रहे कई अफसरों से होगी पूछताछ

**रामपुर**

**सपा नेता** आजम खां के जौहर ट्रस्ट के लेनदेन की शिकायतों से शुरू हुई आयकर विभाग की जांच का दायरा बढ़ता हुआ दिख रहा है। आयकर के रडार पर सपा शासन में लोक निर्माण विभाग, जिला पंचायत और सीएंडडीएस से जुड़े वह अफसर आ गए हैं जिन्होंने निर्माण कार्यों में नियम विरुद्ध काम किया है। आयकर विभाग इन अफसरों को नोटिस जारी कर इनसे पूछताछ कर सकता है। सपा शासन में लोक निर्माण विभाग, सीएंडडीएस व जिला पंचायत के




माध्यम से तमाम कार्य कराए गए थे, इसमें जौहर यूनिवर्सिटी के भवनों का भी निर्माण भी शामिल है। इसके अलावा यूनिवर्सिटी में नियम विरुद्ध लोक निर्माण विभाग ने सड़क भी बनवाई थी। साथ ही कई और सड़कों का निर्माण कराया था। अब जौहर ट्रस्ट से जुड़े लेनदेन के मामले की जांच चल रही है। इसी बीच आयकर विभाग के निशाने पर ठेकेदार और अफसर भी जांच के घेरे में आ गए हैं। सपा शासन में रामपुर में तैनात लोक निर्माण, सीएंडडीएस व जिला पंचायत से जुड़े अफसरों से आयकर विभाग पूछताछ कर सकता है। सूत्रों के अनुसार इन अफसरों की सूची तैयार कराई जा रही है। जल्द ही इनसे पूछताछ हो सकती है। ऐसे में इन अफसरों की भी नींद उड़ी हुई है।

# सफल होने की राह पर है चीता प्रोजेक्ट, गिनाई उपलब्धियां

**नई दिल्ली**

**भारत में** चीतों को फिर से बसाने की योजना सफल होती दिख रही है। सरकार की एक रिपोर्ट में ये दावा किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीता प्रोजेक्ट सफल होने की राह पर है और कम अवधि की सफलता के लिए तय किए गए छह मानदंडों में से चार पूरे हुए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रोजेक्ट की प्रारंभिक प्रगति उम्मीदों के अनुरूप है।

चीता प्रोजेक्ट को एक साल पूराः



बता दें कि देश में चीतों की विलुप्ति के कई दशकों के बाद बीते साल फिर से चीतों को बसाने का प्रोजेक्ट शुरू किया गया। इस प्रोजेक्ट की शुरूआत बीते साल 17 सितंबर को पीएम मोदी ने की थी।

## 2014 के बाद बढ़ा भारत का महत्व: रिजिजू

**ईटानगर**

**केंद्रीय** मंत्री किरेन रिजिजू ने रविवार को विश्वकर्मा योजना के शुभारंभ में आयोजित समारोह में पीएम मोदी और भाजपा के तारिफों के पुल बांध दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विश्व स्तर पर एक महान नेता माना जाता है और 2014 में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के सत्ता में आने के बाद भारत के प्रति विकसित देशों का दृष्टिकोण काफी बदल गया है। पृथ्वी विज्ञान मंत्री रिजिजू ने कहा, "पहले, भारत के नेताओं को उनकी विदेशी यात्राओं के दौरान महत्व नहीं दिया जाता था।

## खबर संक्षेप

### महिला से चैन स्नैचिंग पर पुलिस ने तीन को पकड़ा

**मऊआइमा।** सौच के लिए गई महिला से बाइक सवार नकाब पोश तीन शातिर बदमाशो ने महिला का मोबाइल तथा सोने की चेन छीन कर फरार हो गए थे। मऊआइमा थाना क्षेत्र के बकरा बाद गांव निवासी विनोद कुमार उर्फ बिल्लू का आरोप है कि उसकी पत्नी व दो बेटियां घर से कुछ ही दूरी पर शौच के लिए जा रही थी कि रास्ते मे एक बाइक पर तीन नकाब पोश बदमाशो ने उसकी पत्नी का मोबाइल व सोने का मंगल सूत्र छीन कर भाग गए। रविवार को पुलिस ने मो सैफ निवासी किराव व शिवम विश्वकर्मा,मोहित विश्वकर्मा पुत्र गण बच्चा लाल निवासी मलाकिया गहर पुर सोरांव को गिफ्तार कर पूछताछ कर रही है।

### चार देशी बम के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस ने एक अभियुक्त को चार देशी बम के साथ गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी क्षेत्र के प्रतापपुर रोड, गढ़वा किला के पास से की गई है। वरिष्ठ उप निरीक्षक शिवकुमार सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर जय सिंह पुत्र महेश सिंह (निवासी ग्राम बड़गड़ी, शंकरगढ़) को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से चार देशी बम बरामद हुआ है। आरोपी का सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर चालान भेज दिया गया है।

# विश्वकर्मा योजना आर्थिक एवं सामाजिक विकास में क्रांतिकारी साबित होगी : योगेश शुक्ला

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** मानव सभ्यता में कृषि क्रांति के बाद हजारों साल तक जो अठ्ठारह पारंपरिक व्यवसाय ने समाज की भौतिक आवश्यकताओं को पूरा करती रही है। उन व्यवसायों से जुड़े लोगो के लिए पीएम नरेन्द्र मोदी ने विश्वकर्मा योजना लागू किया है। जो आने वाले समय में आर्थिक एवं सामाजिक विकास एक क्रांतिकारी योजना साबित होगी। उक्त बातें भाजपा के वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ल ने ग्राम पंचायत मेजा के पंचायत भवन में लोहार कुम्हार नाई धोबी कारपेंटर माली समाज के लोगो के विश्वकर्मा योजना के शुभारम्भ का लाइव प्रसारण देखने तथा विश्वकर्मा जयंती के मौके पर कही। उन्होंने कहा यह योजना एक तरफ मनुष्यता के हजारों साल पुराने व्यवसायों के प्रति सरकार का सम्मान ब्यक्त करती है वही दूसरी तरफ देश भर में इन व्यावसायों से जुड़े करोड़ों लोगो के पेशे और जीवन को बेहतर बनाने का माध्यम बनेगा साथ ही साथ आने वाले समय में यह योजना देश के आर्थिक एवं सामाजिक विकास में एक क्रांतिकारी योजना साबित होगी। इस योजना से लोहार कुम्हार नाई धोबी कारपेंटर तथा माली समाज के लोगों की न केवल आर्थिक स्थिति मजबूत होगी बल्कि वे पूरी तरह आत्मनिर्भर बनेंगे। गौरतलब है कि लाइव प्रसारण देखने के पश्चात श्री शुक्ल मेजा स्थित भगवान शिव के अति प्राचीन मंदिर जो बोलन धाम के नाम से चर्चित है पहुंच कर भोले नाथ का पूजन अर्चन और हवन करके पीएम के दीघार्यु होने की प्रार्थना किया। इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख मुन्नन शुक्ला पूर्व प्रमुंख एवं प्रधान प्रतिनिधि जंगी लाल गुप्ता लालजी मिश्र श्याम बहादुर सिंह संतोष कुमार गुप्ता मो साकिर शाह जहान' निर्मला देवी गौड़ सुनील विश्वकर्मा अतुल द्विवेदी संजय तिवारी सर्वजीत वर्मा छविनाथ प्रजापति राम प्रताप पांडेय हरिमोहन पांडेय नेब्बुलाल शुक्ल सूर्यमणि यादव शेषमणि शुक्ला कृपा शंकर भोला यादव शिवकांत पांडेय ललिता आदिवासी सोनी शर्मा तथा निधि पाल सहित सैकड़ों लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

बोलन धाम मंदिर में हवन कर पीएम के दीघार्यु होने की किया प्रार्थना





### जसरा में केक काटकर मनाया प्रधान मंत्री का जन्मदिन

**जसरा।** रविवार को प्राधन मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा कार्यकताओं ने जसरा के दौना स्थित शिवालय में झाड़ू लगाते हुए पूजा अर्चना की और प्रधान मंत्री जी के दीघार्यु की कामना की। भाजपा ज़िला मंत्री यमुनापार कमलेश त्रिपाठी की अगुआई में दर्जनों कार्यकताओं के साथ पंचायत भवन जसरा में केक काटा और बधाई देते हुए कहा कि एक ऐसा मजबूत प्रधान मंत्री जो पूरी दुनिया में भारत का डंका बजाया उन्होने आज देश को उस मुकाम पर लाकर खड़ा कर दिया जहा से अन्य देश शून्य दिखाई पड़ते है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला ने किया व संचालन मंडल महामंत्री भूपेंद्र पाठक ने किया कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का मंडल महामंत्री नीरज केसरवानी ने अभिनंदन करते हुए आभार जताया। मीडिया प्रभारी आलोक पाठक ने सभी कार्यकताओं का मुंह मीठा कराया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल मंत्री सुरेश मिश्रा, जसरा प्रधान आशीष सोनकर, दीप चंद्र गुप्ता, राम केसरवानी, उदित नारायण मिश्रा, अश्वनी द्विवेदी, अवध बिहारी मिश्रा, रामसागर दुबे, स्वतंत्र शुक्ला, दिलीप, अरविंद भारतीय, सहित दर्जनों लोग मौजूद रहें।

## न्यूज झरोखा

### परिवर्तन समाज पार्टी की बैठक पार्टी की मजबूती के लिए हवा मंथन : दुर्गा प्रसाद गुप्ता



**सिरसा।** विधानसभा मेजा में परिवर्तन समाज पार्टी की एक कार्यकर्ता बैठक मांडा के खवास का तारा में आयोजित की गई बैठक में सदस्यता अभियान की भी शुरूआत की गई बैठक के मुख्य अतिथि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद गुप्ता रहे विशिष्ट अतिथि प्रदेश महासचिव नंद लाल गुप्ता, प्रदेश सचिव अनिल कुमार मौर्य, अब्दुल कलाम, प्रदेश अध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ रहे कार्यक्रम का संचालन कृष्ण मणि गुप्ता ने किया और अध्यक्षता मेजा विधान सभा अध्यक्ष भोला नाथ सोनकर ने किया उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाए क्योंकि बहुत जल्द ही लोकसभा का चुनाव होने जा रहा है और अपनी पार्टी उत्तर प्रदेश के 50 सीटों पर चुनाव लड़ाने की तैयारी कर रही है इसलिए बूथ स्तर तक सभी कार्यकर्ता अपने अपने बूथ पर अधिक से अधिक वोट दिलाने का प्रयास करेंगे तभी पार्टी मजबूत होगी सैकड़ों लोगो ने सपा,बसपा,भाजपा छोड़कर पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया सभी को मनोनयन पत्र देकर सम्मानित भी किया गया प्रदेश महासचिव नंद लाल गुप्ता ने कहा की हमारी पार्टी जाति के आधार राजनीति नहीं करती है हमारी पार्टी में सभी जाति के लोग है और सभी लोग मिलकर पार्टी में कार्य कर रहे है अब वह दिन दूर नही की सरकार में हमारी भी पार्टी के नेता होगे विधान सभा अध्यक्ष भोला नाथ ने सभी लोगो को बताया की कार्यकर्ता पार्टी की रीढ होते है इसलिए कार्यकताओं का हमेशा सम्मान होना चाहिए तभी पार्टी बूथ स्तर तक मजबूत होगी कार्यक्रम में मुख्य रूप से बेचन लाल गुप्ता,अशोक गुप्ता,अंजनी गुप्ता,राम प्रताप यादव,विनोद सोनकर,जितेंद्र गुप्ता,मथुरा प्रसाद बिंद,विष्णु गुप्ता,शिवचंद गुप्ता,शिवकुमार पटेल,मंगला प्रसाद बिंद,राजकुमार गुप्ता,हीरा लाल ,निक्की,योगेश गुप्ता,लक्ष्मण गुप्ता,संदीप कनौजिया,कमल सिंह,लोकापति गुप्ता,सतीश चंद्र गुप्ता ,तेजबहादुर गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

### बच्चों को आधारभूत शिक्षा की जरूरत : गिरीश तिवारी



**मेजा।** विकास खंड मेजा के ग्राम पंचायत अतरी अमिलिया में शिक्षा चौपाल का आयोजन प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी के निर्देशन और खंड शिक्षा अधिकारी मेजा कैलाश सिंह की अगुवाई में आयोजित की गई, जिसमें विद्यालय में कायाकल्प के तहत हो रहे कार्यों एवं बच्चों को शान द्वारा दी जा रही सुविधाओं तथा निपुण भारत मिशन के बारे में चर्चा की गई। एआरपी गिरीश कुमार तिवारी द्वारा निपुण लक्ष्य प्राप्त करने में अभिभावक एवं शिक्षकों के संयुक्त प्रयास की जरूरत रेखांकित किया और बताया कि जिस प्रकार हवाई जहाज को उड़ाने के लिए रनवे पर एक मिनिमम स्पीड की जरूरत होती है।उसी तरह से बच्चों को आगे की पढ़ाई को सुचारू रूप से चलाने के लिए आधारभूत दक्षताएं कक्षा 1,2,3 की जरूरत है। कार्यक्रम में एआरपी डॉक्टर गोपाल कृष्ण यादव तथा एआरपी कमलाकांत पांडे जी द्वारा गीत के माध्यम से संबोधन किया गया। पुष्पराज जी द्वारा उदाहरण के माध्यम से निपुण भारत मिशन की सफलता पर उत्तरोत्तर हो रही वृद्धि को रेखांकित किया। अंत में विद्यालय के प्रधानाध्यापक सूर्य नारायण तिवारी ने सभी अभिभावकों को धन्यवाद देने के उपरांत बैठक समाप्ति की घोषणा की।इस मौके पर विद्यालय के अध्यापक शरद, मिली श्रीवास्तव, शिक्षामित्र तथा अन्य ग्रामीण और पूर्व प्रधान एसएमसी अध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

### तीन दिवसीय ध्यान शिविर संपन्न



**फाफामऊ।** कतवारू गांव में आयोजित तीन दिवसीय ध्यान शिविर संपन्न हो गया। यहां पहले दिन रिलेक्सेशन, दूसरे दिन सफाई तथा तीसरे दिन प्रार्थना के साथ ध्यान कराया गया। कार्यशाला में तनावमुक्त कैसे रहे, अपने अंतःकरण को कैसे साफ करे और उच्चतम स्त्रोत से जुड़ने के लिए प्रार्थना कैसे की जाये इन सभी विधियों को बताया गया और इसका अनुभव भी करवाया गया। हार्टफुलनेस ध्यान प्रशिक्षक राम बरन ने कहा कि इसका नियमित रूप से अभ्यास किया जाये तो स्वयं में आंतरिक रूप से शांति, समझ, जुड़ाव व परिवर्तन को महसूस कर सकते है। इस मौके पर एस.एन. त्रिपाठी ने कहा कि यहां प्रत्येक सप्ताह ध्यान सत्र आयोजित किया जायेगा। इस मौके पर शिव कुमार, दिनेश त्रिपाठी, ज्ञान सिंह डा एमएम पांडेय इत्यादि लोग उपस्थित थे।

### खिटीरिया में गिरा कच्चा घर बरसात से गिरा मकान



**जारी।** कौंधियारा क्षेत्र के खिटिरिया गांव में बरसात के चलते कच्चा मकान गिर गया। मकान गिरने से घर के लोग बाहर पन्नी छा कर रहने को मजबूर है। कृष्ण चंद्र पुत्र गोपीचंद , अजीत बिंद पुत्र कृष्ण चंद्र ने बताया की घर गिरने के बाद लेखपाल को सूचना दिया गया लेकिन अभी तक कोई अधिकारी नहीं आया हम लोग बाहर पन्नी छा कर रहने को मजबूर है। घर गिरने से समान दब जाने की वजह से खाने-पीने की दिक्कत हो गई है। अभी तक कोई सरकारी सुविधा नहीं मिली है।

### दबंगों ने युवक को पीटा , दो पर केस दर्ज

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के छबीलहा पौडन गांव में दबंगों द्वारा आपसी विवाद में युवक की जमकर पिटाई कर दी। वहीं युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक के मां की तहरीर पर पुलिस ने दो के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई है। छबीलहा पौडन थाना उतराव निवासिनी मंजू देवी जो कपड़े की दुकान चला कर अपने परिवार का भरण पोषण करती है। परिवार में ही आपसी विवाद चल रहा है।पीड़ित के निवास कर रहे छप्पर में आरोपियों द्वारा ट्रैक्टर व थ्रेसर खड़ा कर दिया है। जिसको हटाने को लेकर उसके बेटे सत्यम श्रीवास्तव से आपसी कहा सुनी हुई जिसमें दोनों सगे चाचा ने अपने ही भतीजे की जमकर पिटाई कर दी।पिटाई में घायल युवक ने पुलिस को सूचना दी। घायल युवक के मां मंजू देवी की तहरीर पर पुलिस ने अनिल कुमार श्रीवास्तव,बच्चा उर्फ ज्ञानेंद्र श्रीवास्तव पर केस दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई है।

### संपूर्ण समाधान दिवस पर आए 198 शिकायती पत्र

**फूलपुर।** फूलपुर तहसील में शनिवार को शासन के निर्देश पर एक पखवाड़े बाद संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमे कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों से विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 198 शिकायती पत्र आए। मौके पर तहसीलदार फूलपुर ओम प्रकाश शुक्ला और नायब तहसीलदार धनंजय सिंह ने शिकायती पत्रों की सुनवाई करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण के लिए सौप दिया। मौके पर एक भी शिकायती पत्र का निस्तारण नहीं हो सका। मौके पर खंड विकास अधिकारी फूलपुर हनुमान प्रसाद वर्मा,सहायक विकास अधिकारी पंचायत गुलाब चंद्र पांडेय,आपूर्ति निरीक्षक फूलपुर अमित कुमार चौधरी, उपखंड अधिकारी विद्युत फूलपुर प्रांजल मिश्रा सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### कांग्रेस का बूथ अध्यक्ष ही कांग्रेस की रीढ़ : अरूण तिवारी




**करछना।** श्रीमती इन्दिरा गांधी विद्यालय जगौती में करछना ब्लाक कांग्रेस के पदाधिकारियों न्याय पंचायत अध्यक्षों को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष यमुनापार अरूण तिवारी ने कहा कि हमारे कांग्रेस कमेटी का बूथ अध्यक्ष ही हमारे कांग्रेस पार्टी का रीढ़ है यही कार्यकर्ता कांग्रेस के बड़े पदों पर पहुंचेंगे पार्टी कार्यकर्ता पूरी तन्मयता से संगठन की मजबूती के लिए सक्रिय हो जांय 2024 के चुनाव में कांग्रेस की केंद्र में सरकार बन रही है बैठक को सम्बोधित करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य डॉ दिनेश कुमार सोनी ने कहा कि हमारे देश की जनता कांग्रेस पार्टी की सरकार केंद्र में सत्तारूढ़ करना चाहती है कांग्रेस कार्यकताओं को पार्टी की मजबूती के लिए जन जन तक पहुंचा कर पार्टी की नीतियों सिद्धांतो को पहुंचाना होगा मौजूदा भाजपा सरकार से जनता आजिज आ चुकी है। बैठक का संचालन ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष पक ाश पाण्डेय एंडो ने किया बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष पंडित राम छबीले मिश्र पूर्व प्रधान ने कहा कि कार्यकर्ता पूरी लगन के साथ संगठन मजबूती के लिए सक्रिय हो जाएं जनता आपकी तरफ देख रही है दो हजार चौबीस में कांग्रेस की सरकार केंद्र में बनना तय है बैठक को संबोधित करने वालों में सर्व श्री शिव विजय सिंह पूर्व जिला उपाध्यक्ष रंगराज सिंह जिला उपाध्यक्ष विद्याधर मिश्र एडो राजेश तिवारी सन्तोष कुमार द्विवेदी नागेश पांडेय जिला सचिव सरोज मिश्रा ब्लाक अध्यक्ष महिला जूली सिंह ब्लाक महा मंत्री महिला आशीष कुमार मिश्र एंडो विनय कृष्ण पाण्डेय एंडो रजनीश गौड़ शारदा प्रसाद गुरु चरण मास्टर रामजी शास्त्री श्याम बाबू पूर्व पधान राजकुमार पटेल दरोगा बृजेश कुमार पटेल पंडित जी शुक्ल पवनेश कुमार सोनी राकेश पटेल जी लल्लू पटेल शामिल रहे।

### पल्लवी की समीक्षा बैठक की तैयारियों को लेकर कमेरा समाज के लोगों ने की बैठक



**करछना।** विधायक सिराथू डॉक्टर पल्लवी पटेल की समीक्षा बैठक प्रयागराज में 1 अक्टूबर को विधान सभा कोराव के भागीरथी गेस्ट हाउस में तथा सोराव के पटेल गेस्ट हाउस में 02 अक्टूबर को होना सुनिश्चित हुआ है जिसकी तैयारी में आज अपना दल कमेरावादी द्वारा विधान सभा करछना में एक बैठक तहसील मुख्यालय में जिला अध्यक्ष रमेश पटेल की अध्यक्षता में संपन्न हुई।बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव उमेश पटेल ने बताया कि यह बैठक मुख्य रूप से कार्यकताओं के कार्यों की समीक्षा डॉक्टर पल्लवी पटेल द्वारा किया जाएगा।कार्यक्रम को युवा जिला अध्यक्ष अभय पटेल ने करछना विधान सभा के अध्यक्ष के रूप में एडवोकेट देश राज पटेल को तथा विधान सभा सचिव एडवोकेट शरद पटेल को बनाया गया ।जिला अध्यक्ष यमुनापार अपना दल कमेरावादी ने सभी मनोनीत पदाधिकारियों का स्वागत किया ,तथा जल्द बूथ तक की कमेटी को गठन करने की पैरवी की।श्री राम भारतीय,प्रेम शंकर विश्वकर्मा को विधान सभा सचिव बनाया गया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला महासचिव नंद लाल पटेल, जिला मीडिया प्रभारी राम बाबू पटेल,किसान मंच जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद पटेल,एडवोकेट ए बी सिंह,मुन्नू लाल पटेल,एडवोकेट महेश नंद पटेल सहित दर्जनों कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### समाजवादी पार्टी के डॉ. लाल चंद्र पटेल बने जसरा ब्लाक उपाध्यक्ष सपाइयों में हर्ष



**घूरपुर।** समाजवादी पार्टी संगठन के ड्रॉ लाल चंद्र पटेल को जसरा ब्लाक उपाध्यक्ष नियुक्त किए जानें से सपाइयों में हर्ष है। जसरा के बसहरा मंडी समिति में आयोजित स्वागत समारोह में नव नियुक्त पदाधिकारियो को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस बीच नव नियुक्त जसरा ब्लाक उपाध्यक्ष ड्रॉ लाल चंद्र पटेल ने कहा कि संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी को बखूबी निर्वाहन किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जगदीश सिंह जिला महासचिव जमुनापार, वशिष्ठ अतिथि के रूप में महिला संगठन की यमुनापार जिलाध्यक्ष सत्यभामा मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष कृपा शंकर बिंद, बारा प्रभारी जय शंकर भारती , विधान सभा अध्यक्ष बारा भागीरथी बिंद जी, वा अपना दल कमेरा वादी के मंडल अध्यक्ष राजकमल पटेल जी बलवंत पटेल अपना दल कमेरा वादी,जिला महासचिव महिला मंडल गीता पासी , कार्यक्रम का संचालन कर रहे विधान सभा सचिव अर्जुन सिंह पटेल ने किया, ब्लॉक महासचिव बालेंद्र सिंह यादव, जसरा ब्लाक सपा उपाध्यक्ष डॉ लालचन्द्र पटेल, कौशल किशोर सिंह, तीरथ राज सिंह, पुष्पराज सिंह, विजय बागी, ब्रिजेश यादव, बब्लू यादव,मानस,यादव शेर बहादुर यादव, अनूप सिंह पटेल, विवेक यादव, मानसिंह, दुर्गा कुशवाहा, विनय यादव, मनीष पटेल, आदर्श पटेल। सहित समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक अध्यक्ष बलबीर सिंह पटेल ने किया।

### आदर्श रामलीला कमेटी सहसों का हुआ पुनर्गठन

**सहसों।** आजादी के पूर्व से ही सहसों में खेली जा रही आदर्श रामलीला की पुरानी कमेटी भंग करते हुए नई कमेटी का गठन किया गया। रामलीला मंचन के लिए बने मंच पर राम विशाल सिंह की अध्यक्षता में लेखा-जोखा के साथ नई कमेटी में सर्वसम्मति के साथ संरक्षक धरणी धर द्विवेदी एवं रामानंद सिंह, अध्यक्ष अजय कुमार केसरवानी, उपाध्यक्ष अजय सिंह एवं शीतला प्रसाद गुप्ता, प्रबंधक आलोक कुमार सिंह, उप प्रबंधक शिवलाल केसरवानी, महामंत्री विजय कुमार केसरवानी, मंत्री सिद्ध नारायण, कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, उपकोषाध्यक्ष राजेश केशरवानी एवं महेंद्र सिंह, मंच संचालक शिव बाबू केसरवानी, मेला प्रबंधक राम विशाल सिंह, मेला व्यवस्थापक दिनेश केसरवानी, दिलीप केसरवानी, बालाजी, राजेश केसरवानी, विजय सिंह, पिन्टू केशरवानी, नरेंद्र केसरवानी, रामगोपाल केशरवानी आदि के साथ आदर्श रामलीला कमेटी सहसों का गठन किया गया।

# पीएम मोदी के विजन से बदली देश की तस्वीर : राजमणि कोल

अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** मोदी के विजन से देश की तस्वीर बदली है शोषित वंचित समाज के लोगों का उत्थान हुआ है। समाज के पिछड़े व दलित वर्ग के विकास के लिए सरकार ने अलग से बजट देकर उनका समुचित विकास करते हुए उन्हें यथोचित सम्मान दिलाने का काम किया है। यह बातें कोरांव विधायक राजमणि कोल ने 17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर पीएम विश्वकर्म योजना के शुभारंभ को लेकर ब्लाक मुख्यालय कोरांव पर आयोजित वर्चुअल संबोधन समारोह को संबोधित करते हुए बतौर और मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि बगैर श्रमजीवियों को सम्मान दिए व उनका विकास किए हम विकसित देश की श्रेणी में नहीं आ सकते हैं। विश्वकर्मा योजना का जिक्र करते हुए कहा कि हस्तशिल्पियों व अपने जन्मजात पेशे से जुड़े लोगों के उत्थान में यह मददगार साबित होगी। इस योजना के तहत लोहार, कुम्हार, नाई, धोबी, चर्मकार, माली समेत अपने निजी पेशे से जुड़ी जातियों का संपूर्ण विकास संभव हो सकेगा। पीएम विश्वकर्मा योजना के शुभारंभ के अवसर पर वे बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे।

2014 के बाद वैश्विक अर्थ व्यवस्था को मिली मजबूती : मुकेश कोल



ब्लॉक प्रमुख मुकेश कोल ने कहा कि 2014 के बाद देश की वैश्विक अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। उन्होंने बताया कि 2014 में वैश्विक अर्थव्यवस्था में देश दसवें नंबर पर था आज पांचवें पायदान पर आकर मजबूती से खड़ा है। वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ एल एस ओझा ने सरकार की उपलब्धियां को बताया। अंत में विधायक राजमणि कोल व अन्य नेताओं ने केक काटकर पीएम नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया और लोहार कुम्हार एवं अपने निजी पेशे से जुड़े जाति के लोगों को अंगवस्त्रम देकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष शिवदत्त पटेल, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नरसिंह केसरी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुभाष पटेल, सहायक विकास अधिकारी पंचायत दिनेश चंद्र पाठक, भाजपा महिला मोर्चा की जिला मीडिया प्रभारी संतरा देवी बिंद, रामकृष्ण केसरी, शिवाकांत पांडेय, रामाश्रय शुक्ला, संजय सिंह पटेल, रामराज सिंह, जमुना प्रसाद मिश्र, राकेश मिश्र, विनोद ओझा, मनोज तिवारी, प्रेम शंकर पटेल, नरेंद्र सिंह समेत भारी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी तथा हस्तशिल्पी एवं निजी पेशे से जुड़ी जातियों के लोग उपस्थित रहे। समारोह का संचालन भाजपा नेता भगवान दुबे ने किया।

# धूमधाम से मनाया गया भगवान विश्वकर्मा पूजा समारोह



अखंड भारत संदेश

**सिरसा।** मेजा क्षेत्र में आदि शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती बड़े धूमधाम से मनाया गया। मेजा क्षेत्र में कारखानों से लेकर मोटर गैरेज और इंजीनियरिंग के काम से जुड़े प्रत्येक संस्था मे भगवान विश्वकर्मा के प्रतिमा के समक्ष औजार रखकर विधि-विधान से उनकी पूजा किया गया। और भगवान विश्वकर्मा से भक्त लोग अपनी-अपनी मन्नतें पूर्ण होने का हाथ जोड़कर मथ्था झुकार आशीर्वाद मागा। और नारियल, फल, मेवा, मिश्री, पंजीरी का प्रसाद वितरित किया गया। इसी क्रम में बजहा प्रधान श्रीमती रेशमा देवी विश्वकर्मा के कार्यालय में प्रधान प्रतिनिधि रामशिरोमणि (नानक विश्वकर्मा) अपने ग्रामवासियों के साथ मिलकर भगवान विश्वकर्मा की जयंती बड़े धूमधाम से मनाया गया। इसी क्रम में नगर पंचायत सिरसा, लोहारी, रामनगर,ऊँचडीह,सोनार का तारा, मांडा, भारत गंज,उरुवा, मेजारोड़, कठौली, बरी आदि अनेक स्थानों पर भगवान विश्वकर्मा का पूजन समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।



### कारखानों, प्रतिष्ठान में भगवान विश्वकर्मा की पूजा कर मांगा समृद्धि का आशीष

**घूरपुर।** क्षेत्र के कारखानों व प्रतिष्ठानों में रविवार को भगवान विश्वकर्मा की जयंती धूमधाम से मनाई गई। सुबह से फैक्टरियों प्रतिष्ठानों को फूल मालाओं और विद्युत झालरों से सजाया गया था। भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण कर विधि विधान से हवन पूजन किया गया। मशीनरी व उपयोग में आने वाले यंत्रों को साफ सफाई कर पूजा की गई। लोगों ने व्यवसाय की प्रगति की कामना की। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा जयंती को लेकर क्षेत्र के घूरपुर, सारंगापुर इरादतगंज, जसरा, गौहनिया में सुबह से ही तैयारियां की गई थीं। गौहनिया स्थित सहज आक्सीजन प्लांट को आकर्षण रुप से सजाया गया। प्लांट के मालिक शिव कुमार यादव (पप्पु यादव) यंत्रों के साथ विश्वकर्मा भगवान् का पूजा अर्चना कर हवन किया। और प्रसाद वितरण कर भंडारे का भी आयोजन किया । जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों नागरिक शामिल हुए। इस बीच मशीनरी व यंत्रों की पूजा करने के साथ आराम देने के लिए काम बंद रखा गया।कृष्ण मूर्ति यादव, इंजीनियर विक्रम सिंह यादव, बबलू यादव, रत्नेश यादव, पूर्व प्रधान राजेश सिंह, पूर्व प्रधान तेजबली यादव्, रतन केसरवानी नंघू सिंह, कमलेश यादव आदि दर्जनो गणमान्य नागरिक सहज आक्सीजन प्लांट के पूजन समारोह में शामिल रहें।

### बड़े धूमधाम से मनाया गया विश्वकर्मा पूजा



**नैनी।** नैनी मेवलाल बगिया स्थित एप्पल कंप्यूटर इंस्टिट्यूट में विश्वकर्मा पूजा बड़े धूमधाम से मनाया गया वहीं इंस्टिट्यूट में कंपटीशन रखा गया था जिसमे की जो भी छात्र पहले स्थान दूसरे स्थान पर आएगा उसको इनाम के रूप में दिया जाएगा एप्पल कंप्यूटर एजुकेशन संस्थान में विश्वकर्मा पूजन के अवसर पर एप्पल टैलेंट हंट एग्जाम का परिणाम घोषित किया गया जिसमे अभिषेक राय प्रथम पुरस्कार दिया गया 5100 कैश द्वितीय हर्ष पांडे एवम तृतीय अनंजली को दिया गया । तथा सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। प्रबंधक सुरेश चंद्र विश्वकर्मा ने पुरस्कार वितरण किया गया छात्रों को संबोधित किया की ऐसे कार्यक्रम छात्रों को पढाई करने के लिए प्रोत्साहित करते है संस्थान ऐसे प्रतियोगिता तीन तीन महीने पर होते रहते है इस अवसर पर अनिता साधना अजय पंकज संजय स्नेहा हर्ष प्रियंका आदि टीचर एवम छात्र उपस्थित रहें।

### भगवान विश्वकर्मा मंदिर पर पूजा एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया





**मऊआइमा।** मऊआइमा विकास खण्ड के बांका जलालपुर स्थित भगवान विश्वकर्मा मंदिर पर बड़े धूमधाम से विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया। जिसमे सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ साथ विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। वही विनीता हॉस्पिटल की तरफ से निशुल्क स्वास्थ्य शिशिर का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंचकर शिविर का लाभ उठाया। बताया गया कि सृष्टि के रचयिता भगवान ब्रह्मा जी के सातवें पुत्र भगवान विश्वकर्मा का जन्म हुआ था। भगवान विश्वकर्मा को दुनिया के पहले शिल्पकार, वास्तुकार और इंजीनियर भी कहा जाता है। इस मौके पर राम विशाल विश्वकर्मा, राम मूर्ति, लाल मणि, लाल जी जितेन्द्र प्रसाद, लाल जी, सुरेश चंद्र, अशोक कुमार, जयशिव समेत अन्य विश्वकर्मा समाज के लोग उपस्थित रहे।

### श्रद्धा के साथ पूजे गए भगवान विश्वकर्मा



**जारी।** कौंधियारा क्षेत्र के जारी पावर हाउस विद्युत उपकेंद्र और गौरा उपकेंद्र के अवर अभियंता अभय यादव के नेतृत्व में भगवान विश्वकर्मा की पूजन अर्चन कि गई। विद्युत उपकेंद्र पर एसडीओ सतीश यादव, भुसागर मिश्रा ,धनुर्धर, अशोक कुमार मौर्य ,श्रीकांत ,बबलू, लोकनाथ, सुरजीत ,अर्पित, प्रशांत रघुवंशी, महेंद्र प्रताप सिंह, अनिल लाइनमैन समेत अन्य अवर अभियंताओं के साथ पूजन अर्चन में शामिल रहे। इसी तरह शिवम हॉस्पिटल में भी डॉक्टर देवेंद्र त्रिपाठी ने भी समस्त स्टॉपो के साथ विश्वकर्मा भगवान की पूजा अर्चना की। तो वही लोहे के वर्कशॉपो, कारखानो ,उद्योगो, कार्यालयो, आदि में भी अपने इष्ट देवता भगवान विश्वकर्मा की बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ बाजार के रामराज केसरवानी, बिल्डिंग मटेरियल मेवा लाल ने भी भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की। साथ ही वाहन एजेंसी, गैरेजों में भी पूजन अर्चन किया गया। इसी तरह विश्वकर्मा समाज द्वारा पूजन अर्चन के साथ साथ समूचे ग्रामीण क्षेत्रों में भी विश्वकर्मा पूजा की धूम रही।

## खबर संक्षेप



### घर से खेत के लिए निकला युवक हुआ लापता

**मेजा।** मेजा थाना क्षेत्र के तेंदुआ कला निवासी युवक तीन दिन पूर्व घर से खेत की तरह निकला लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों ने शनिवार शाम मेजा थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। जानकारी के अनुसार तेंदुआ कला निवासी अमन कुमार (17) पुत्र दीप चंद्र विश्वकर्मा बीते 17 सितंबर शाम नौ बजे घर से बाहर खेल की तरफ गए कुछ समय बाद घर वालों ने फोन किया तो फोन बंद आने लगा और अपने सभी नजदीकी रिश्तेदारों से पूछताछ किया परंतु कोई पता नहीं चला। खोजबीन कर थक चुके परिजनों ने शनिवार शाम मेजा थाने में गुमशुदगी दर्ज करा कर बच्चों को सुरक्षित बरामदगी के लिए लगाई गुहार।

# 7 लाख लूटकांड का पुलिस ने किया खुलासा, मुठभेड़ में 4 गिरफ्तार

### लूट कांड में शामिल बिहार के कटिहार गैंग का हाथ

अखंड भारत संदेश







**प्रयागराज।** शहर के एक नामित प्राइवेट अस्पताल के कर्मचारियों से 7 लाख की लूट मामले का प्रयागराज पुलिस ने खुलासा कर दिया है। घटना में बिहार के कटिहार गैंग का हाथ था। यह अंतरराज्यीय गिरोह कई बड़ी लूट की घटनाओं को अंजाम दे चुका हैं। पुलिस की पूछताछ में बताया है कि ये लूट के लिए खुजली पाउडर का प्रयोग करते हैं। रुपयों से भरा बैग जब खुजली होने पर व्यक्ति नीचे उतारता है, तभी उस बैग को लेकर भाग जाते हैं। ऑपरेशन त्रिनेत्र की वजह से इन बदमाशों को पकड़ने में पुलिस को कामयाबी हुई है। इसी गैंग ने सीतापुर में लूट की घटना की थी। लूट के 8.5 लाख रुपए पुलिस ने बरामद किए हैं।

**सीतापुर में भी 15 सितंबर को लूटे थे 7.65 लाख रुपए**

गिरफ्तार अभियुक्त नीरज कुमार बंजारा और शंकर कुमार यादव ने बताया कि उन्होंने 12 सितंबर को प्रयागराज के जीवन ज्योति अस्पताल के कर्मचारी से 7 लाख रुपए लूटने के 3 दिन बाद 15 सितंबर को सीतापुर में भी 7 लाख 65 हजार रुपए एसबीआई बैंक के सामने से लूटे थे।पुलिस ने यह रुपए भी बरामद कर लिए हैं। पूछताछ में बताया कि 12 सितंबर को प्रयागराज की लूट की घटना के बाद 5:50 लाख रुपए नीरज की पत्नी के बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिए थे। 70 हजार रुपए खर्च के लिए अपने पास रखे थे। पुलिस ने उन रुपयों की भी बरामदगी कर ली है।गिरफ्तार अभियुक्त एक अंतरराज्यीय लूट गैंग के सक्रिय सदस्य हैं। यह गिरोह लूट और छिनैती की घटनाओं को अंजाम देते हैं। ये पहले बिहार में ही चोरी की बाइक खरीदते हैं। यहां से सड़क मार्ग से कटिहार से आकर किसी होटल में रुक जाते हैं।जिस होटल में रुकते हैं उससे 2 से 3 किलोमीटर दूर किसी, अस्पताल, होटल, रेलवे स्टेशन, बस स्टाप या किसी मॉल की सार्वजनिक पार्किंग ढूंढते हैं। वहां वाहन पार्क करते हैं। जहां से घटना को अंजाम देना होता है वहां 2 की पैड वाला मोबाइल खरीदते हैं। यहीं से फर्जी आधार कार्ड से प्री एक्टिवेटेड सिम खरीदते हैं। इसी नए मोबाइल और प्री एक्टिवेटेड सिम से आपस में संपर्क करते हैं और अपराध करने के बाद सिम और मोबाइल नष्ट कर देते हैं।लूट की घटना दो बाइक से दो-दो लोग करते हैं। गिरोह के एक सदस्य बैंक के अंदर रेकी कर टारगेट के बारे में अपनी दूसरी टीम को फोन कर जानकारी दी जाती है। इसके बाद दूसरी टीम के सदस्य टारगेट का पीछा किया जाता है। सही जगह चुनकर खुजली का पाउडर डाला जाता है। इसके बाद बैग खुजली होने पर कंधे से उतारते ही छीनकर भाग जाते हैं। दोनों बाइक सवार अलग अलग दिशाओं में भाग जाते हैं और पहले से तय टारगेट पर मिलते हैं।

**झूंसी क्षेत्र में पुलिस से मुठभेड़ के दौरान दो बदमाशों के पैर में लगी गोली**

इससे पूर्व रविवार की भोर में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में एक बदमाश नीरज बंजारा के बाएं पैर में घुटने के नीचे गोली लगी है, जबकि दूसरे बदमाश किशन यादव के दाहिने पैर में गोली लगी है। 2 अन्य बदमाशों शंकर यादव और काशी बंजारा को भी मुठभेड़ में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से लूटे गये रुपए और असलहा बरामद किया है। घायल दोनों बदमाशों को इलाज के लिए एसआरएन अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।मुठभेड़ में घायल बदमाश 12 सितंबर को हुई 7 लाख की लूटकांड में शामिल थे। गिरफ्तार बदमाश बिहार कटियार के रहने वाले हैं। ये बदमाश पश्चिम बंगाल में भी कई लूट में शामिल बताए जा रहे हैं। फिलहाल पुलिस गिरफ्तार और घायल बदमाशों से पूछताछ कर रही है।

**पुलिस ने बहादुरी के साथ चार बदमाशों को किया गिरफ्तार**

रामबाग स्थित जीवन ज्योति अस्पताल में कीडगंज निवासी प्रहलाद सिंह क्लर्क के पद पर कार्यरत हैं। उसी अस्पताल में अनिरुद्ध कुमार यादव एकाउंटेंट है। मंगलवार दोपहर दोनों नोटों से भरा बैग लेकर बाइक से सिविल लाइंस में संगम प्लेस स्थित पंजाब नेशनल बैंक पहुंचे। वहां से सिविल लाइंस में पंजाब नेशनल बैंक पहुंचे। तभी वहां पल्सर बाइक से दो युवक फिल्मी स्टाइल में पहुंचे और बैग में भरे सात लाख रुपए प्रहलाद से लूटकर भाग निकले। तभी से एसओजी और स्थानीय पुलिस बदमाशों को पकड़ने का प्रयास कर रही थी।

**पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किए गए अभियुक्त**

नीरज कुमार बंजारा पुत्र यमुना बंजारा निवासी जुराबगंज कोढ़ा जिला कटिहार बिहार, शंकर कुमार यादव पुत्र लल्लन यादव निवासी नया टोला रौतारा कटिहार बिहार, किशन यादव पुत्र रंजीत यादव निवासी नया टोला रौताग्र कटिहार बिहार,काशी बंजारा पुत्र यमुना बंजारा निवासी जुराबगंज कोढ़ा जिला कटिहार बिहार।

# एयर फोर्स डे का माहौल बनाने के लिए वायु योद्धाओं ने निकाली बाइक रैली

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** प्रयागराज में आयोजित एयरफोर्स डे का माहौल बनाने के लिए वायु योद्धा शनिवार को शहर की सड़कों पर निकले। आम लोगों तक एयरफोर्स डे के मौके पर होने वाले एयर शो की जानकारी पहुंचे, इसके लिए वायु योद्धाओं ने मोटरसाइकिल रैली निकाली। शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए यह रैली बांध स्थित लेटे हुए हनुमान जी मंदिर तक गई।बमरौली स्थित मध्य वायु कमान मुख्यालय से मोटर साइकिल रैली को एयर वाइस मार्शल जेएस मान ने हरी झंडी दिखाई। रैली में कुल 35 वायु योद्धाओं ने शिरकत की। जीटी रोड होते रैली सिविल लाइंस पहुंची। यहां वायु योद्धाओं ने स्थानीय लोगों को एयर फोर्स डे के मौके पर होने वाले आयोजन के बारे में लोगों को जानकारी दी।शहीद चंद्र शेखर आजाद पार्क गेट पर भी लोगों को संगम पर होने वाले एयर डिस्प्ले के बारे में जानकारी दी। इस दौरान आठ अक्तूबर 2023 को अपराह्न ढाई बजे से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम को देखने के लिए प्रोत्साहित किया गया। बता दें कि उक्त कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आना तकरीबन तय है। इसके अलावा पीएम मोदी भी इस कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं।

### भारतीय लोक कला को बचाने के लिए कलाकारों की हुई बैठक

**सहसों।** क्षेत्र के कादीपुर ग्राम सभा में आदर्श लोक कला संस्थान कादीपुर सिंगरामऊ प्रयागराज की एक आवश्यक बैठक आहुति की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संस्थान के अध्यक्ष दीपचंद्र प्रजापति ने उपस्थित संस्थान के सदस्यों के समक्ष चर्चा परिचर्चा करते हुए दो बिंदुओं पर प्रस्ताव पारित किया। जिसमें प्रस्ताव एक में आदर्श लोक कला संस्थान का बचत खाता किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में खोला जाए और संस्थान को प्रगति की ओर ले जाने में सहायक हो। दूसरे प्रस्ताव में संस्था द्वारा अपने पारंपरिक लोक कलाओं को बचाने के लिए एक कजरी महोत्सव का कार्यक्रम रखा जाए जिससे नवयुवक कलाकारों को प्रोत्साहित कर उनकी कला की प्रस्तुति के लिए मंचन दिया जाए और गुरु शिष्य की परंपरा को कायम रखी जाए। इस प्रस्ताव पर उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से समर्थन किया। बैठक में दीपचंद्र प्रजापति ने कहा कि हम सब अपनी लोक कलाओं को बचाने के लिए निरंतर प्रयास करते आ रहे हैं। जैसे कि कजरी, होली गीत, चैता गीत, कहरवा, विवाह गीत, लोकनाट्य, नौटंकी, बिरहा, लोकगीत सहित आदि लोक कलाएं हमारी धरोहर बची रह सके। बैठक में प्रमुख रूप से लालता प्रसाद प्रजापति, सौरव प्रजापति, प्रकाश चंद्र, राम बहादुर, अशोक कुमार, प्रभावती देवी, प्रेमचंद्र, भूल्लन प्रसाद, ननकू राम, मेवालाल, लाल चंद्र बिन्द, कृष्णा राज यादव, गुलाब चंद्र मौर्य आदि कलाकार उपस्थित रहे।

### कोरांव पुलिस पिस्टल और 12 बोर तमंचे की भी नहीं कर पा रही पहचान

**सोशल मीडिया में पिस्टल से लगातार फायरिंग करने व टांग कर चलने की वायरल हो रही तस्वीरें व वीडियो, पुलिस ने दिखाया अवैध तमंचा, कार्रवाई के बाद लोग यह भी बहस करते देखे गए कि 12 बोर का अवैध तमंचा लगातार 6 राउंड की फायरिंग नहीं कर सकता है**



**कोरांव।** पुलिस ने पिछले कई दिनों से सोशल मीडिया में वायरल हो रहे पिस्तौल से तड़ातड़ फायरिंग व टांग कर चलने की तस्वीरों को लेकर अजीबोगरीब करवाई कर दी है। जहां लोग सोशल मीडिया में पिस्टल के साथ तड़ातड़ फायरिंग करने व पिस्टल टांग कर चलने की तस्वीर व वीडियो वायरल होने को लेकर तरह-तरह के कयास लग रहे थे। वहीं लोगों के कयासों पर पुलिस ने लीपा पोती करते हुए विराम लगा दिया। सोशल मीडिया में वायरल हो रहे वीडियो व तस्वीरें क्षेत्र के श्रीनगर पथरताल गांव के रहने वाले दो युवकों की बताई जा रही है। पुलिस की कार्रवाई के बाद लोग यह भी बहस करते देखे गए कि 12 बोर का अवैध तमंचा लगातार 6 राउंड की फायरिंग नहीं कर सकता है। जो वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रही है उस वीडियो में तड़ातड़ छह बार फायरिंग की जा रही है। ऐसे में लोग यह भी चर्चा करते देखे गए कि कोरांव पुलिस पिस्तौल और 12 बोर तमंचे को भी नहीं पहचान पा रही है। कई दिनों से सोशल मीडिया में चल रही बहस के बाद रविवार को पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए वायरल हो रही दो तस्वीरों में से एक युवक आशीष कुमार कुशवाहा पुत्र संतोष कुमार कुशवाहा निवासी श्रीनगर पथरताल थाना कोरांव को कोरांव बाजार के लेडियारी रोड तिराहे के पास से गिरफ्तारी दिखाते हुए एक अदद 12 बोर अवैध तमंचा एक जिंदा कारतूस 12 बोर की बरामदगी करते हुए 3 / 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।

## न्यूज झरोखा

### अधिवक्ता मिलन समारोह में अधिवक्ताओं के हित व उनके सम्मान में गरजे अधिवक्ता




**फाफामऊ।** बनारस रोड फाफामऊ स्थित गोकुल धाम गेस्ट हाउस में रविवार को अधिवक्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने अधिवक्ताओं के हित एवं उनके सम्मान में अपने - अपने विचार रखें और अधिवक्ता एकता का आवाहन करते हुए सीनियर अधिवक्ताओं ने उनके साथ कंधा से कंधा मिलाकर चलने की बात कही। लगातार हो रहे अधिवक्ताओं का उत्पीड़न और उनके साथ हो रही अप्रिय घटनाओं को संज्ञान में लेते हुए रविवार को फाफामऊ बनारस रोड स्थित गोकुल धाम गेस्ट हाउस में अधिवक्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। अधिवक्ताओं ने कहा की आज के समय में अधिवक्ता सुरक्षित नही है लगातार उनका उत्पीड़न किया जा रहा लेकिन शासन और प्रशासन अधिवक्ताओ की समस्या को ध्यान नहीं दे रही और न ही उनके सुरक्षा और हित के बारे में कुछ कानून बना रही है जिससे की अधिवक्ताओं का उत्पीड़न बंद हो सके। समारोह में अधिवक्ताओं ने एक दूसरे के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चलने और आंदोलन कर अपनी मांगों को पूरी करने के लिए अधिवक्ताओं का आवाहन किया। समारोह में आयोजक जसकरन यादव, बृजेश कुमार सिंह, शीतला प्रसाद मिश्र, नरेंद्र गिरी, दिलीप पुरी, सुनील पांडेय, राजकुमार पटेल, रामकुमार प्रजापति, आकाश पटेल, जितेंद्र यादव, जगमोहन यादव, पिंटू दुबे, मिलिंद मगन, आशीष यादव, पालन यादव, रणविजय यादव सहित सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहें।

### कार्यकताओं ने नव नियुक्त जिलाध्यक्ष का किया भव्य स्वागत



**प्रयागराज।** शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने नव नियुक्त जिलाध्यक्ष गंगापार कविता पटेल का उनके शहर स्थित आवास पर भव्य स्वागत किया। इस अवसर कार्यकताओं ने फूल मालाओं से लाद दिया तथा एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की तथा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी को धन्यवाद दिया कि उन्होनें एक ईमानदार व तेज तर्रार कार्यकर्ता को जिलाध्यक्ष बनाया। युवा भाजपा नेता सांसद मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी के नेतृत्व में भी जिलाध्यक्ष कविता पटेल का स्वागत किया गया।इस अवसर पर मुख्य रूप से, ब्रिजेश त्रिपाठी, जीत लाल त्रिपाठी,लक्ष्मी कांत उपाध्याय,संगीता पटेल, धरणीधर त्रिपाठी, आलोक भूषण, कुलदीप सोनी, राजकुमार गुप्ता, धरणीधर द्विवेदी,सिद्धू उपाध्याय, गुड्डू राजा,सुरेन्द्र पटेल, अंकित मिश्रा, आदि मौजूद रहे।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में पीटीसी की बैठक आयोजित




**मेजा।** जवाहर नवोदय विद्यालय मेजा में शनिवार को सामान्य अभिभावक शिक्षक परिषद (पीटीसी) की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्या सुधा सेठी ने की। संचालन वरिष्ठ शिक्षक डॉक्टर अरविंद चौधरी ने किया। इस दौरान प्राचार्य ने सभी अभिभावकों को उपलब्धियों और समस्याओं से अवगत कराते हुए अपील किया कि हर हालत में विद्यालय में अनुशासन कायम रखने व बच्चे परीक्षा में उम्दा प्रदर्शन करें इसमें सहयोग अपेक्षित है। सभी उपस्थित अभिभावकों ने इस बात का समर्थन किया तथा एक स्वर में सदा सहयोग करने का आश्वासन दिया। अभिभावकों ने प्राचार्य से यह भी अनुरोध किया कि कोई भी अनुशासनहीन बच्चों को एक दो मौका देकर अगली बार विद्यालय से निकाला जाए। अभिभावक संदीप शुक्ला,विजय मौर्य और गणेश शंकर तिवारी ने ने अपने विचारो को व्यक्त किया।वरिष्ठ शिक्षक डॉक्टर द्विजेंद्र कुमार त्रिपाठी ने किया।सभा में शिक्षक अभिषेक श्रीवास्तव और श्रीमती दीपिका ने अपने विचारो को व्यक्त किया।व्यवस्था डॉक्टर रजनीश परिहार ने किया।श्री ज्योति श्री विश्वकर्मा और स्कॉट गैर ने सबका स्वागत किया।अंत में शिक्षक अरविंद जायसवाल ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

### सहसों में जिलाध्यक्ष कविता पटेल का हुआ स्वागत



**सहसों।** भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज के गंगापार की नवनियुक्त जिलाध्यक्ष कविता पटेल का सहसों में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत करते हुए शुभकामनाओं के साथ बधाई दी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष के स्वागत में कार्यकर्ताओं की अगुवाई करते हुए पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार एवं भूमि विकास बैंक अध्यक्ष फूलपुर वीरेंद्र बहादुर सिंह ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष कविता पटेल को मंडल सहसों के समस्त कार्यकर्ताओं की तरफ से शुभकामना देते हुए हर्ष व्यक्त किया। और कहा कि नए जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में गंगापार की भाजपा संगठन मजबूत होगी एवं एक नई जोश के साथ नए तरीके से तैयार होकर कार्यकर्ता जनता के बीच संगठन के लिए काम करेंगे। स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार सरोज, जिला संयोजक नमामि गंगे गंगापार राजधर द्विवेदी, जय प्रकाश द्विवेदी, मनीष गुप्ता प्रधान, अमन सिंह राजपूत सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दुग्ध डेरी का टैंकर पलटने से चालक की मौत, कडंक्टर हुआ घायल



**प्रतापपुर।** हंडिया कोखराज के सिंगरामऊ गांव के सामने पराग डेरी के टैंकर का टायर फटने से वाहन पलट गया जिसमें चालक एवं कंडक्टर गंभीर रूप से घायल हो गए इलाज के दौरान घायल चालक ने रविवार भोर में दम तोड़ दिया। फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के करुआडीह गांव निवासी संतोष कुमार पाल 24 वर्ष पुत्र छोटेलाल प्रतापपुर में स्थित राजेश कुमार यादव के पराग डेरी में टैंकर चालक था। शनिवार शाम दूध टैंकर वाहन को फाफामऊ मलाका लेकर जा रहा था शाम करीब 6 बजे जैसे ही टैंकर सिंगरामऊ गांव हाइवे पर पहुंचा टैंकर का अगला पहिया फट गया और टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें चालक संतोष कुमार की गर्दन फंस गई और कंडक्टर सुनील पाल हबासपुर, झूंसी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचें परिजनों ने घायलों को स्वरुपरानी अस्पताल प्रयागराज में इलाज हेतु भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान रविवार भोर में चालक संतोष कुमार की मौत हो गई। छोटेलाल के दो पुत्रों में संतोष छोटा एवं अविवाहित था। संतोष का शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया मां गीता देवी पिता छोटेलाल भाई हरेंद्र का बुरा हाल है। सूचना पर फूलपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

# नैनी के व्यापारियों ने कैबिनेट मंत्री को सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश




**नैनी।** नैनी व्यापार मंडल नैनी का एक प्रतिनिधि मंडल प्रयागराज पहुंचे कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह से मिलकर उन्हें एक ज्ञापन सौपा। सांसद प्रो. रीता बहुगुणा जोशी की मौजूदगी में अध्यक्ष एवं पार्षद राकेश जायसवाल एवं व्यापारी नेता घनश्याम जायसवाल के नेतृत्व में दिये गए ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया कि नैनी के लेप्रोसी चौराहे से मेवालाल की बगिय तक। महाकुम्भ के मद्देनजर प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण को प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा मनमाने ढंग से किया जा रहा है। लिंक रोड पर हाइवे की तर्ज पर नाप की गई, जिससे सैकड़ो व्यापारी बेघर हो जाएंगे। प्रतिनिधि मंडल ने मांग किया है कि अधिकारियों से बात करके एक बार फिर से नाप कराई जाए जिससे व्यापारी बेघर न हों। ज्ञापन देने वालो में सुभाष चंद्र केसरवानी, धर्मराज पटेल गुड्डू गुडविल गैरेज चांदबाली जाट दिनेश केसरवानी, विनय जायसवाल, कुवंर जी जायसवाल, फूलचंद केसरवानी, मनोज शर्मा, रामबाबू यादव समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

### स्टेशन रोड पर पीडीए ने दर्जनों व्यापारियों को दी नोटिस

**नैनी।** नैनी महाकुंभ में प्रस्तावित लेप्रोसी से मेवालाल की बगिया तक सड़क चौड़ीकरण को लेकर प्रयागराज विकास प्राधिकरण की टीम ने दर्जनों व्यापारियों को नोटिस रिसीव कराई। जो घर मे मौजूद नही मिला उनके गेट पर नोटिस चस्पा कर फोटो खींची गई। नोटिस मिलने के बाद से व्यापारी काफी परेशान है। उन्हें बेघर होने का डर सता रहा है।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर स्वच्छता कर्मचारियों के चरण धुलाकर किया माल्यार्पण



अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी आदर्श वार्ड 81 चकभटाई में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के पावन अवसर पर महापौर गणेश केशरवानी एवं राजेन्द्र मिश्र भाजपा जिलाध्यक्ष के निदेर्शानुसार आदर्श वार्ड 81 चकभटाई में मयंक यादव पार्षद कार्यकारिणी सदस्य नगर निगम प्रयागराज के नेतृत्व में वार्ड में स्वच्छता अभियान चलाया तत्पश्चात अपने कार्यालय पर स्वच्छता कर्मचारियों के चरण धुलाकर, चन्दनअछत्र लगाकर, माल्यार्पण कर-के उनका मुँह मीठा कराकर,आरती करकर मोदीजी के महत्वकांक्षी अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर को निरन्तर समाज के हित में करने की प्रेरणा एवं संकल्प कराया। इस कार्यक्रम मुख्यरूप से संजय श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा, पतविन्दर सिंह , विद्या सिंह, संगीता सिंह, कौशल सिंह, सुनील कुशवाहा, कौशलेश केशरवानी, राज सिंह, सुधीर प्रजापति, शील कुमार स्थानीय निवासी एवं स्वच्छता कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अनाथ बच्चों को मिठाई खिलाकर मनाया प्रधान मंत्री का जन्म दिन



**फाफामऊ।** रविवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने भाजपा नेता सांसद मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी के नेतृत्व में माता दीन का पूरा स्थित अनाथ आश्रम में बच्चों को मिठाई और फल खिलाकर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिन मनाया। भाजपा नेता उमेश तिवारी ने कहा कि ये देश की जनता का सौभाग्य है जो हमे नरेंद्र मोदी जैसा प्रधान मंत्री मिला कांग्रेस की सरकार में देश भी अनाथ हो गया था आज भारत विश्व गुरु बन रहा है। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा नेता उमेश तिवारी, सोनू कुमार पाण्डे, गुड्डू राजा, शिवम त्रिपाठी, अंकित मिश्रा, सुनील मिश्रा, गोलू पाण्डेय, विनोद कुमार, सचिन,रमेश, शशि प्रकाश पटेल, ओम अमितेष आदि मौजूद रहे।

### भजन संध्या के द्वारा की गई मोदी जी के दीघार्यु की कामना



**प्रयागराज।** मीरपुर में प्रधानमंत्री मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर मीरापुर वार्ड में वार्ड अध्यक्ष सुभाष तिवारी एवम सेक्टर संयोजक अरुण निषाद के नेतृत्व में ललिता देवी द्वार के समीप हनुमान मंदिर में भजन संध्या का आयोजन किया गया उसके बाद प्रसाद वितरण एवं केक काटकर मोदी जी का जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महानगर उपाध्यक्ष बृजेश मिश्रा, मंडल महामंत्री राजेंद्र कुशवाहा, महामंत्री गया निषाद, उपाध्यक्ष संजय कुशवाहा, विजय सिंह, विनोद निषाद, महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा कनौजिया समेत मंडल एवं वार्ड के पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# घर-घर पूजे गए शिल्पकार विश्वकर्मा

## जयंती पर निकाली गई शोभा यात्रा और सजी झांकियां

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रविवार को घर-घर भगवान विश्वकर्मा की पूजा की गई। शिल्पकार विश्वकर्मा की जगह-जगह झांकियां सजाकर श्रद्धालुओं ने विश्वकर्मा महाराज की जयंती को धूमधाम से मनाया। इस दौरान भक्तों ने भव्य शोभा यात्रा भी निकाली।

आकर्षक रथ पर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा के साथ निकली शोभा यात्रा को लेकर लोगों में उत्साह देखा गया। कौशिल्यापुर चकवा के पूर्व बीडीसी हरिश्चंद्र विश्वकर्मा के संयोजन में शोभा यात्रा निकाली गई। हरिश्चंद्र ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर देश के सभी लोगो की सलामती की प्रार्थना की। क्षेत्र के चकवा के सदा शिव विश्वकर्मा व रानीगंज कैथौला के बबलू सिंह ने भी विश्वकर्मा महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई।

इसके साथ ही लालगंज, वर्मा नगर, घुईसरनाथ, जलेसरगंज, अर्जुनपुर में यादव बिलि्डग, चांदीपुर समेत जगह-जगह मिल्स व कारखानों में शिल्पकार विश्वकर्मा की पूजा की गई। हरिश्चंद्र विश्वकर्मा के यहां सजी झांकी पर राज्यसभा सांसद के प्रतिनिधि भगौती प्रसाद तिवारी, रामचंद्र तिवारी, लालबहादुर विश्वकर्मा, अरविंद विश्वकर्मा, नन्हे विश्वकर्मा, शिवमोहन विश्वकर्मा, प्रमोद सिंह, अनुभव गौड़, पिंटू सिंह, विनोद मौर्य समेत सैकड़ों लोगों ने पहुंच कर माथा टेककर आशीर्वाद लिया।



विश्वकर्मा महाराज की पूजा अर्चन करते लोग।

## कालाकांकर पावर हाऊस में हुआ विश्वकर्मा पूजन अर्चन

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** विश्वकर्मा जयंती पर कालाकांकर पावर हॉउस में रविवार को बिजली कर्मचारियों ने पावर हॉउस के अंदर बिजली से चलने वाले सभी उपकरण की शास्त्री सुधीर मिश्रा के कर कमलो द्वारा पूजन अर्चन कर प्रसाद वितरण किया, जिसमें पावर हॉउस के जेई ब्रजेश कुमार, नोडल अधिकारी सुनील कुमार यादव, आपरेटर ब्रजेश कुमार पांडे, लाइनमैंन शुभम सिंह, सुरेश भदौरिया, राजेंद्र कुमार, बब्बू आदि लोग मौजूद रहे। इसी क्रम में मानिकपुर चैसा पावर हाउस मे एस डी ओ राहुल कुमार वैश्य, जेई ओसामा सिद्दीकी व आपरेटर ने पावर हॉउस में बिजली से चलने वाले सभी उपकरण की पूजन अर्चन कर प्रसाद वितरण किया। इसी प्रकार परियावां में विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष मिश्रीलाल विश्वकर्मा व श्यामलाल विश्वकर्मा अजय कुमार विश्वकर्मा ने विश्वकर्मा जयंती पर अपने कारखाने के अंदर उपकरण की पूजन अर्चन किया और प्रसाद वितरण किया। इसी तरह बिजली पावर हॉउस संग्रामगढ़ मे एसडीओ अनिल कुमार यादव व जनवामऊ फीडर मे जेई ने अपने स्टॉफ के साथ विश्वकर्मा जयंती पर बिजली से चलने वाले सभी उपकरण की पूजन अर्चन कर प्रसाद वितरण किया।



कालाकांकर पावर हाउस पर पूजन अर्चन करते कर्मचारी।



भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण करते सपाई।

## सपाइयों ने मनाई भगवान विश्वकर्मा की जयंती

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी कार्यालय मीराभवन पर भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर पूजा की गयी। इस दौरान सृष्टि में उनके महान योगदान पर चर्चा की गयी। इस अवसर पर जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी, रोहित विश्वकर्मा, भईया राम पटेल, जिलाउपाध्यक्ष आशुतोष पाण्डेय, अधिवक्ता सभा अध्यक्ष सुनील यादव, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मनीष पाल, कोषाध्यक्ष अश्वनी सोनी, अमित सिंह, हरीश शुक्ला, अनिल यादव, अल्पसंख्यक सभा जिलाध्यक्ष साबिर अली, पं.करोड़ीमल शर्मा, संजय यादव, सुधीर श्रीवास्तव, विमल सिंह यादव, ज्ञान सिंह यादव, विजय सिंह, मीडिया प्रभारी वकार अहमद सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

## वृद्ध पर प्राणघातक हमले को लेकर दो आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने शनिवार की रात वृद्व पर जांनलेवा हमले को लेकर दो आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत कई गम्भीर धाराओं में केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे छत्तू भईयापुर निवासी श्रीराम पाण्डेय शनिवार की सुबह पूजा के लिए फूल तोड़कर घर जा रहे थे। सुबह करीब साढ़े सात बजे पुरानी रंजिश को लेकर गांव के विपक्षी सुरेन्द्र पाण्डेय उर्फ कोटेदार पुत्र राममणि तथा शैलेश पाण्डेय उर्फ दुर्गा पुत्र राममणि पहले से घात लगाये बैठे थे। मौका देख आरोपियों ने श्रीराम पाण्डेय पर लाठी डंडे से जानलेवा हमला कर दिया। लहुलूहान श्रीराम मौके पर बेहोश होकर गिर पड़े। रास्ते में बुजुर्ग पर जानलेवा हमला देख लोग चीखे चिल्लाये तो आरोपी गाली गलौज करते हुए श्रीराम पाण्डेय व उसके परिवार के सदस्यों को जांन से मार देने की धमकी देते चले गये। घायल श्रीराम का शनिवार को लालगंज पुलिस ने ट्रामा सेंटर में इलाज करवाया। चिकित्सकों ने प्रारम्भिक उपचार के बाद गम्भीर स्थिति में घायल श्रीराम को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। तहरीर पर पुलिस ने शनिवार की रात आरोपी सुरेन्द्र पाण्डेय समेत दो खिलाफ हत्या के प्रयास तथा मारपीट व गाली गलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित का कहना है केस दर्ज किया गया आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाई की जायेगी। इधर बुजुर्ग पर जांनलेवा हमले को लेकर घटना के दूसरे दिन भी गांव में तनाव का माहौल दिखा।

## प्रधानमंत्री की दीघार्यु के लिये मंदिरों में हुई पूजा अर्चना, मरीजों को बांटा गया फल

### सांसद संगम लाल गुप्ता ने प्रेसवार्ता कर गिनाई सरकार की उपलब्धियां

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर आज रविवार को संगठन के द्वारा सभी शक्ति केन्द्रो पर कार्यकर्ता बन्धुओं के द्वारा उस स्थान पर स्थित मंदिरो में जाकर पूजा अर्चना कर प्रधानमंत्री की दीघार्यु की कामना सभी कार्यकर्ता ने की। इस दौरान नगर क्षेत्र के बाबागंज में स्थित मंदिर में पूजा अर्चना किया गया। यह बातें सांसद संगम लाल गुप्ता ने प्रेसवार्ता में करते हुए बताई।

सांसद ने बताया कि सभी जिला कार्यकारणी और सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य द्वारा जिला महिला अस्पताल में फल वितरण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इसके उपरान्त मोदी के द्वारा आज विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना लॉन्च को वर्चुवली विश्वकर्मा समाज के साथ सुना गया। इस योजना से 18 व्यवसायों से जुड़े लोगों को फायदा होगा। इसकेचटाई, झाड़ू बनाने वाले, पारंपरिक लिए 13 हजार करोड़ का आउटलेगुड़िया और खिलौने बनाने वाले, (फंड) बनाया गया है। 18 व्यवसायोंनाई, मालाकार, धोबी, दर्जी, में कारपेंटर (बढ़ई), नाव बनाने वाले,मछली का जाल बनाने वाले इसमें अस्त्र बनाने वाले, लोहार, ताला बनानेब्याज पर मिलेगा एक लाख का वाले (मरम्मतकार), हथौड़ा औरलोन प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल टूलकिट निमार्ता, सुनार, कुम्हार,सम्मान योजना पर वित्त वर्ष 2023-मूर्तिकार, मोची, राज मिस्त्री, टोकरी,24 से 2027-28 तक 13,000 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस योजना में देशभर में करीब 30 लाख पारंपरिक कारीगरों को फायदा मिलेगा। योजना के पहले चरण में कामगारों को 5 प्रतिशत ब्याज दर से 1 लाख रुपए का लोन मिलेगा। वहीं, अगले चरण में यह रकम 2 लाख रुपए कर दी जाएगी। योजना के अंतर्गत कारीगरों और शिल्पकारों को ट्रेनिंग भी मिलेगी। प्रेसवार्ता में प्रमुख रूप से राजेश सिंह महामंत्री, ओमप्रकाश त्रिपाठी, राघवेन्द्र शुक्ल, देवेश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।



प्रेसवार्ता में बोलते सांसद संगम लाल गुप्ता।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर किया गया पूजन अर्चन

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर पट्टी नगर में नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक जायसवाल के नेतृत्व में पट्टी नगर के सभी सभासदों एवं पट्टी के संभ्रांत लोगों ने भारत के लोकप्रिय प्रधानमंत्री के 73वें जन्मदिवस के अवसर पर उनके लंबी आयु के लिए किया मंदिर में पूजा अर्चना एवं हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया। पट्टी नगर में नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल द्वारा मेन रोड स्थित राम जानकी मन्दिर पर प्रधानमंत्री के लम्बी आयु के लिए हनुमान चालीसा पाठ और पूजन-अर्चन किया एवं पट्टी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीजों को फल वितरित किया। इस मौके पर सीएचसी अधीक्षक डॉ अखिलेश जायसवाल,सभासद राम चरित्र वर्मा,गौरव श्रीवास्तव, संतोष पुष्पाकर, सजीवन सोनी, राजेश सरोज, मोहम्मद कैफ, रजनीश मौर्या, सत्यप्रकाश जायसवाल, अतुल सिंह, ब्रम्ह कुमार सिंह, मन्दिर की प्रधान पुजारी अर्चना तिवारी, पूर्व सभासद जगन्नाथ सिंह, फूलचंद मौर्या, रमेश सोनी आदि मौजूद रहे।

## लायंस क्लब विश्व की सबसे बड़ी सेवा करने वाली संस्थाः जगत नारायण

### लायंस क्लब प्रतापगढ़ अवध एवं शक्ति का संयुक्त अधिष्ठापन समारोह सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** लायंस क्लब प्रतापगढ़ शक्ति व प्रतापगढ़ अवध का संयुक्त शपथ ग्रहण समारोह जिंजर रेस्टोरेंट में उल्लास पूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे लायंस क्लब 321 ई के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन जगत नारायण श्रीवास्तव ने कहा कि लायंस क्लब विश्व की सबसे बड़ी सेवा कार्य करने वाली संस्था है जो 210 देशों में संचालित है इससे जुड़कर सेवा कार्य के साथ ही हम अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़ते हैं जहां लाखों लोगों का परिवार विश्व स्तर पर हमें प्राप्त होता है।

मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व मंडल अध्यक्ष लायन निधि कुमार न कहा कि हमारे द्वारा अनेक सेवा कार्य किए जाते हैं जिसमें नेत्र चिकित्सा सर्वोपरि है लायंस क्लब द्वारा सैकड़ो नेत्र चिकित्सालय संचालित किया जा रहे हैं। लायन्स क्लब प्रतापगढ शक्ति व अवध के सदस्यों को उप मंडल अध्यक्ष द्वितीय लायन अर्पणधर दुबे द्वारा ईमानदारी एवं निष्ठा पूर्वक कार्य करने की शपथ दिलाई गईं। शपथ ग्रहण में लायंस क्लब प्रतापगढ़ शक्ति के अध्यक्ष अनीता पांडे, सचिव कुसुम गुप्ता पिंकी दयाल, कोषाध्यक्ष मीना पुष्पाकर, उपाध्यक्ष प्रथम प्रमिला शुक्ला, उपाध्यक्ष द्वितीय सारिका श्रीवास्तव, लायन टेमर रितु सिंह, टेल ट्विस्टर सारिका केसरवानी, प्रशासक लक्ष्मी मिश्रा, क्लब मेंबरशिप चेयरपर्सन प्रतिभा भगवन, क्लब एलसीआईएफ कोऑर्डिनेटर शीला मिश्रा, क्लब सर्विस चेयर परसन लायन रागिनी श्रीवास्तव क्लब मार्केटिंग कम्युनिकेशन चेयरपर्सन मनप्रीत कौर, निदेशक गीता मिश्रा, डॉक्टर अवंतिका पांडे, रेखा शुक्ला, जया व राशिका भगवन को तथा लायंस क्लब प्रतापगढ़ के अध्यक्ष लायन नीलेश मिश्रा, सचिव पंकज शुक्ला, कोषाध्यक्ष राम कुमार पांडे, उपाध्यक्ष प्रथम डॉक्टर एके सिंह, उपाध्यक्ष द्वितीय अनिल प्रताप त्रिपाठी, लायन टेमर शमीम अंसारी, टेल ट्विस्टर विनय शर्मा, प्रशासक संतोष पांडे, क्लब मेंबरशिप चेयर परसन श्याम शंकर दिवेदी, क्लब एलसी आई एफ कोऑर्डिनेटर उमाकांत ओझा, क्लब सर्विस चेयर परसन सूबेदार उपाध्याय, क्लब मार्केटिंग कम्युनिकेशन चेयरपर्सन राजेश मिश्रा, निदेशक राजेंद्र शुक्ला दीनबंधु, उदय मिश्र, के के पांडे, अमित पांडे को शपथ दिलाई गई। लायन्स क्लब के डिस्ट्रिक चेयरपर्सन सन्तोष भगवन ने कहा कि लायन्स क्लब का उद्देश्य पिछड़े, वंचित, एवं स्थानीय समुदायों की मदद करने के साथ-साथ उनके नेतृत्व कौशल को विकसित करके उन्हें क्रियान्वित करने के साथ बेहतरीन शिक्षा एवं मार्गदर्शन देकर उन्हें एक नया स्थान प्रदान करना है। लायंस क्लब प्रतापगढ़ अवध के अध्यक्ष नीलेश मिश्रा ने कहा कि लायन्स क्लब निरंतर लोगों की सेवा में तत्पर रहता है, चाहे वो समय समय पर ब्लड डोनेट कर गम्भीर मरीजों को मौत से बचाना, या तमाम संस्थानों में वृक्षारोपण करना, कर्मठ शिक्षक और चिकित्सक को सम्मान कर उनका मनोबल बढ़ाना ऐसे तमाम कार्य को सेवा का अंजाम देता है। लायंस क्लब शक्ती की अध्यक्ष ने कहा हमारे क्लब द्वारा निरंतर अनेक सेवा कार्य किए जा रहे हैं। समारोह में दोनों क्लब द्वारा एक जरूरत मंद को सिलाई मशीन देकर उसके जीवनयापन और उज्जवल भविष्य की कामना की गईं। कार्यक्रम का बेहतरीन संचालन लक्ष्मी मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में एसोसिएट कैबिनेट सचिव मनोज खत्री, जोन चेयर परसन शिशिर खरे, पीयूष कांत शर्मा, पुष्पांजली शुक्ला, कुंवर बहादुर सिंह, ला. राजेश पाल, संतोष भगवन डा क्षितिज श्रीवास्तव, डॉली केसरवानी, मालिनी केसरवानी, श्रद्धा केसरवानी साथ ही विशेष अतिथि के रूप में सीडीपीओ आकाश डालमिया, राकेश चैरसिया, कौशल कुमार उपस्थित रहे।



संयुक्त अधिष्ठापन समारोह में मौजूद लायंस क्लब के पदाधिकारीगण।

## कांग्रेसियों ने मनाया भगवान विश्वकर्मा की जयंती

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर सृजन और निर्माण के देवता भगवान विश्वकर्मा की जयंती कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉक्टर लालजी तिवारी की अध्यक्ष में मनाई गई, जिसका संचालन नगर अध्यक्ष इरफान अली ने किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष डॉक्टर लालजी तिवारी और सेवा दल जिला अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा जी निर्माण और सृजन के देवता थे। हम कांग्रेस जन भगवान विश्वकर्मा की आज पूजा करते हैं। कार्यक्रम में नीरज तिवारी, वेदांत तिवारी, राम रतन तिवारी, पृथ्वीराज, भाग्य बहादुर, आशुतोष तिवारी, नीरज गौतम, अनिल मौर्य, मोहम्मद इश्तियाक आदि मौजूद रहे।

## हनुमान मंदिर चिलबिला में विशाल भंडारे का हुआ शुभारंभ

### छप्पन भोग लगाकर भक्तों ने भगवान श्री कृष्ण की मनाई बरही

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** श्री हनुमान मंदिर चिलबिला तालाब पर गतवर्षों की भांति इस वर्ष भी भगवान श्री कृष्णा के जन्म के बाद बरहवें दिन भगवान की बारही विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह से ही हनुमान भक्तों ने भंडारे को सफल बनाने में लगे रहे।

दोपहर दो भगवान श्री कृष्णा को छप्पन भोग लगाकर हनुमान जी महाराज, माता जी, राम दरबार, भगवान श्री कृष्ण की आरती की गई। आरती के पश्चात भगवान श्री कृष्णा के लगे भोग से भक्तों ने भंडारे के आयोजन का शुभारंभ किया। पहले भक्तों ने ब्राह्मण पूजन कर विधिवत भंडारे का शुभारंभ हुआ। मंदिर के महासचिव ने हनुमान जी महाराज व भगवान श्री कृष्णा का पूजन अर्चन कर आरती की। आए हुए अतिथि का स्वागत किया। ब्राह्मण पूजन कर सभी हनुमान भक्तों ने आशीर्वाद प्राप्त किया। संतोष कुमार, देवानंद, छेदीलाल, विधायक सदर राजेंद्र मौर्य, राम जी, शनि महराज, सूरज, श्याम बाबू ,आशीष कुमार, राजू, राजा गुरु, विकास, ऋषभ, अशोक उमरवैश्य, विवेक कुमार, आदर्श कुमार, परमानंद मिश्रा, हरिकृष्ण जायसवाल आदि भक्तगण भंडारे के आयोजन में लगे रहे।



भण्डारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

## गहरे नाले में समाये दो किशोर, मौत से कोहराम

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बकरी चराने गये दो किशोर नाले में गहरे पानी में समा गये। रविवार को दोपहर हुई बच्चों के डूबने से मौत को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। सांगीपुर थाना के पूरे मुरली निवासी कल्पनाथ सरोज का पुत्र मनीष (9) तथा इसी गांव के बुधराम सरोज के पुत्र हिमाशु (10) गांव से सौ मीटर दूर बकरी चराने गये थे। पास बह रही सई नदी से एक नाला निकला हुआ है। बच्चे दोपहर में नाले में नहाने गये। अचानक दोनो नाले में गहरे पानी में फिसल गये। बच्चों को नाले में डूबता देख वहां अन्य मौजूद बच्चे चीखने चिल्लाने लगे। शोर सुनकर ग्रामीण दौड़कर वहॉ पहुंचे । दोनो बच्चों को नाले से निकाला गया। तो उनकी सांसे थम चुकी थी। बच्चों की मौत से वहॉ पहुंचे परिजन दहाड़ मारकर रोने बिलखने लगे। हालाकि बच्चों के परिजनों ने शव को पीएम के लिए नही भेजवाया। दोनो बच्चों का नदी के किनारे परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया। बच्चों को नाले डूबने से हुई मौत की जानकारी पर आस पास के ग्रामीण भी बड़ी संख्या में वहॉ जुट गये। नाले में डूबने से दो किशोरों की मौत की खबर जिसने भी सुनी उसकी ऑखे भर आयीं।

## ट्रैक्टर ने कार को नेशनल हाइवे पर मारी टक्कर, चालक की मौत

### आधा दर्जन हुए चुटहिल, जिला अस्पताल रेफर

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नेशनल हाइवे पर तेज गति से मिट्टी ओवर लोड लेकर आ रहे ट्रैक्टर ट्राली ने कार को जोरदार टक्कर मार दिया। दुर्घटना में कार चालक की लालगंज ट्रामा सेंटर पहुंचने पर मौत हो गयी। वही गम्भीर रूप से आधा दर्जन घायलों को प्रारम्भिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

नेशनल हाइवे लखनऊ-वाराणसी पर रविवार को सुबह करीब सवां नौ बजे लीलापुर थाना के तीन चितरी के पास सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने कार को जोरदार टक्कर मार दिया। कार अनियंत्रित होकर बगल के खड्ड में पलटा खा गयी। वही ट्रैक्टर भी खड्ड में जा गिरा। प्रयागराज जिले इफको फूलपुर निवासी सलीम सऊदी अरब में काम करता है। रविवार को सलीम हाइवे जहाज से लखनऊ पहुंचा। सलीम को लेने के लिए परिजन कार से लखनऊ गये। लौटते समय तिना चितरी के पास दुर्घटना हो गयी। दुर्घटना में कार चालक समेत सात लोग घायल हो गये। कार चालक सिकंदर के पुत्र समीर (40) को गम्भीर चोटे आयी। उसे इलाज के लिए घायलों के साथ ट्रामा सेंटर लाया गया। इलाज के दौरान समीर ने दम तोड़ दिया। वही दुर्घटना में घायल कार सवार सलीम, शबाना व वाजिद को गम्भीर दशा में राजा प्रताप बहादुर अस्पताल रेफर कर दिया गया। कार में सवार साहिब तथा शाजिद को भी चोटे आयी है। दुर्घटना को लेकर नेशनल हाइवे पर अफरा तफरी मच गयी। इसी बीच जिला मुख्यालय किसी काम से जा रहे राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल व लालगंज संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल महेश दुर्घटना देख वहां रूक गये। ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने हादसे की सूचना लालगंज सीओ तथा कोतवाल को दी। इस बीच ग्रामीणों की मदद से घायलों को रास्ते में गुजर रहे आटो को रूकवा रूकवा कर लालगंज ट्रामा सेंटर भेजवाया गया। हादसे के बाद एम्बुलेंस सेवा का फोन सम्पर्क नही हो सका। दुर्घटना के आधे घण्टे बाद लालगंज पुलिस मौके पर पहुंच सकी। तब तक आस पास के ग्रामीण व राहगीर घायलों को अस्पताल भेजवा चुके थे। पुलिस के देर में पहुंचने को लेकर भी लोगों में आक्रोश दिखा।

## सर्पदंश से दो सगे भाईयों की मौत, कोहराम

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ।** सर्पदंश से नौनिहाल मेधावियों की मौत से रविवार को परिजनों में कोहराम मच गया। वही एक ही परिवार के दो सगे भाइयों की एक साथ मौत को लेकर गांव तथा आसपास इलाके में भी मातम का माहौल देखा गया। लालगंज के धधुआगाजन निवासी बब्लू यादव के पुत्र अगम (8) तथा अरनव (5) को बीती रात सोते समय अचानक जहरीले साप ने डस लिया। बच्चों की चीख सुनकर उसकी मॉ जगी और चीखने चिल्लाने लगी। शोर सुनकर पास पड़ोस के लोग जुट गये और आनन-फानन में दोनो बच्चों को लालगंज ट्रामा सेंटर ले आये। यहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने दोनो बच्चों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने बच्चों को मृत घोषित कर दिया। बच्चों की मौत को लेकर मॉ बेसुध हो गयी। वही गांव में भी कोहराम मच गया। बच्चों के पिता रोजी रोटी के सिलसिले में इस समय हरियाणा में रह रहा है। सर्पदंश से मृतक बच्चे लालगंज क्षेत्र के ही मॉर्डन कॉन्वेंट स्कूल में पढ़ाई किया करते थे। मासूमों की मौत की जानकारी होने पर गांव में भी मातम छा गया। परिजन अभी बच्चों के पिता तथा अन्य की प्रतीक्षा में बताये जाते है। सम्भावना है मासूमों का अंतिम संस्कार सोमवार को किया जा सकेगा।

# जिम्मेदार एसपी व डीएम के खिलाफ कार्रवाई तक न्याय पाने को संघर्ष करेंगे अधिवक्ता : नर नारायण मिश्र

## जिला बार एसोसिएशन स्थल पर चौथे दिन भी जारी रहा धरना प्रदर्शन आमरण अनशन

अखंड भारत संदेश




**कौशाम्बी।** हापुड़ में वकीलों के साथ हुई पुलिस बर्बरता के खिलाफ जिले में अधिवक्ताओं के द्वारा शुरू किया गया आमरण अनशन आज चौथे दिन भी जारी रहा विरोध के दिन जैसे-जैसे बढ़ रहे हैं वैसे-वैसे अधिवक्ताओं का गुस्सा भी बढ़ता जा रहा है अधिवक्ताओं का कहना है कि जिम्मेदार जिला अधिकारी और पुलिस अधीक्षक पर जब तक कठोर कार्रवाई नहीं की जाएगी पूरे प्रदेश के अधिवक्ताओं के साथ जिले के अधिवक्ता भी संघर्षरत रहेंगे इस आमरण अनशन की अगुवाई कर रहे बार के पूर्व अध्यक्ष नर नारायण मिश्र ने कहा कि हापुड़ जिले के पुलिस अधीक्षक व जिला अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई तक यह धरना अनवरत जारी रहेगा। लाइब्रेरी हाल में आमरण अनशन पर बैठे बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष नरनारायण मिश्र ने बताया कि उनकी प्रमुख मांग है कि हापुड़ की घटना में दोषी पुलिस कर्मियों को सस्पेंड किया जाए। उनके तबादला करते हुए दूसरे जनपद में भेजा जाए। आंदोलन के दौरान प्रदेश के किसी भी जिले में वकीलों पर दर्ज मुकदमें वापस लिया जाए। चोटिल वकीलों का सरकारी खर्च पर उपचार हो और एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को प्रदेश में लागू किया जाए। प्रदेश के हर जिले में वकीलों की समस्याओं को लेकर शिकायत प्रकोष्ठ का गठन किया जाए। जिससे वकीलों की समस्या पर त्वरित निदान मिल सके। अपनी मांगों को लेकर पूर्व अध्यक्ष समेत अध्यक्ष सिराथू शिवसेवक अग्रहरि, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष मनुदेव त्रिपाठी, सिराथू के पूर्व अध्यक्ष बसंत सिंह, राम प्रकाश मिश्रा देवेंद्र सिंह, देवेश श्रीवास्तव, दीपक मिश्रा, शशी त्रिपाठी, सुनील कुमार गुप्ता, प्रदीप रस्तोगी, उमाकांत सुकला, महामंत्री लक्ष्मीकांत तिवारी कौशलेश द्विवेदी आशुतोष द्विवेदी तुसार तिवारी महामंत्री तहसील सिराथू प्रदीप रस्तोगी, आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# पत्रकार के साथ मारपीट गाली-गलौज करने वाले सिपाही के खिलाफ सीओ से शिकायत

### क्षेत्राधिकारी चायल ने कहा मामला संज्ञान में आया है दोषी पुलिसकर्मी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी

**कौशाम्बी।** जनपद में कुछ पुलिसकर्मी वर्दी को कलंकित करने में लगे हैं जो किसी प्रकार से वर्दी तो हासिल कर लिए हैं लेकिन वर्दी का फर्ज कैसे अदा करना है इनको जरा सा ज्ञान नहीं है। ऐसे पुलिस कर्मी समाज और विभाग दोनों के लिए घातक साबित होते हैं जिसके चलते पूरा पुलिस महकमे को शर्मसार होना पड़ता है। महकमे की वर्दी कलंकित करने वाले पुलिस कर्मी गरीब, मजलूम एवं निर्दोष लोगों पर वर्दी का रौब गांठते हैं और गाली - गलौज व मारपीट पीड़ित और अपराधी दोनों पक्ष से वसूली भी कर कुछ समय में मालामाल हो जाते हैं लेकिन पुलिस अफसरों की नजर अवैध तरीके संपत्ति अर्जित करने वाले पुलिस जनों पर नहीं है। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के पंडा चौराहा के पास शुक्रवार की रात होरीलाल, शिवसरण और ब्रजकली एक साथ एक परिवार के तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या की खबर सुनकर अखंड भारत संदेश हिंदी दैनिक समाचार पत्र से राजकुमार पत्रकार घटनास्थल पर पहुंचकर खबर कवरेज करने जा रहा था लेकिन घटनास्थल से कुछ पहले सड़क किनारे खड़ा गोविंद शर्मा नाम का सिपाही राजकुमार पत्रकार को हांथ देकर रोक लिया और गाड़ी की चाबी छीनकर कहने लगा कि घटनास्थल पर पत्रकारों के जाने पर अधिकारियों ने रोक लगाई है। जब राजकुमार पत्रकार ने उक्त सिपाही से सवाल जवाब किया तो सिपाही का पारा गरम हो गया और पत्रकार को जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली - गलौज एवं मारपीट कर मोबाइल छीन कर सड़क पर पटक दिया जिससे पत्रकार की मोबाइल टूट गया और बिना खबर कवरेज किए घर वापस लौट आया। इस संबंध में पीड़ित पत्रकार सीओ कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र दिया और दोषी पुलिस कर्मी गोविंद शर्मा के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर निलम्बन करते हुए कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

## न्यूज झरोखा

# सेवा व सदभाव से भारत बनेगा विश्वगुरु : रोहणी त्रिपाठी

### प्रधानमंत्री मोदी जी के जन्म दिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाया गया



**तिल्हापुर कौशाम्बी।** नेहरू युवा केन्द्र के तत्वाधान में नेहरू युवा संगठन डकशरीरा द्वारा ऐतिहासिक बौद्ध नगरी कोसम खिराज के गढ़वा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिन सेवा दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अध्यक्ष रोहणी त्रिपाठी ने केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना, जनधन योजना, किसान सम्मान निधि व उज्जवला योजना आदि पर विस्तार से चर्चा की साथ ही उन्होंने कहा कि दिल्ली में आयोजित ज़20 सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत विश्व पटल पर अपनी नई पहचान बनाने में सफल रहा, दुनिया को अपनी भारतीय संस्कृति व विरासत से रूबरू कराया गया जिसकी पूरे विश्व में सराहना हुई। भारत पुनः विश्व गुरु बनने की दिशा में अग्रसर है। ऐसे में हम सभी देशवासियों का दायित्व है राष्ट्र निर्माण में सहयोग करें कार्यक्रम में बतौर मुख्य ग्राम प्रधान कोसम खिराज मुन्नू लाल दिवाकर ने ग्रामवासियों को बताया कि भारत किस प्रकार नई उपलब्धियां कर रहा है और कहा जब गांव विकसित होगा तभी देश विकसित होगा हम सभी का दायित्व है कि अपने बालक बालिकाओं को शिक्षित करें और प्रधानमंत्री के सपनों को साकार करें। कार्यक्रम में स्वच्छता श्रमदान भी किया गया उसके बाद मेरी माटी मेरा देश के अंतर्गत घरों से एक-एक मुट्ठी मिट्टी और अक्षत एकत्रित किया गया कौशांबेश्वर संकट मोचन आश्रम में वृक्षारोपण भी किया गया। इस मौके पर कृष्ण कुमार रोहित मिश्र छविनाथ, आलोक, हर्ष, कौशिक अग्रहरि ,नीरज जयसवाल, राजा निषाद,संतोष केसरवानी, धर्म पाल दिवाकर, कलीम हसन,विजय पाल, अरविन्द कुमार पाण्डेय,सुधीर कुमार सिंह, राहुल विश्वकर्मा सहित दर्जनों युवा, ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद रहे।

### दलित बस्ती में उपहार बांटकर मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन



**कौशांबी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर की दलित बस्ती में पहुंचे भाजपा नेताओं ने बच्चों के बीच केक काटकर और बच्चों को किताब फल पेन कॉपी बिस्किट टॉफी आदि उपहार देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके लंबी उम्र की कामना की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के कार्यक्रम के अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष अमरेश कुमार केशरवानी उर्फ कल्लू पण्डा की अगुवाई में कार्यक्रम का आयोजन किया गया भाजपा नेता मंझनपुर कस्बे की दलित बस्ती पहुंचे और दलित बस्ती के बच्चों के बीच में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाते हुए कार्यक्रम में उपस्थित बच्चो को उपहार बाटा और पार्टी की नीतियों की चर्चा की है इस मौके पर भजपा जिला उपाध्यक्ष आशीष कुमार केसरवानी बच्चा भैया अमरेश कुमार उर्फ कल्लू पांडा उमेश केसरवानी दीपक जायसवाल सत्यम केसरवानी राम सिंह सरोज मोहित गिहार रमन श्यामू यादव राजू चौधरी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### भगवान विश्वकर्मा जयंती पर पूजा कर पुलिस अधीक्षक ने मनाया विश्वकर्मा जयंती



**कौशाम्बी।** पूरे जिले में विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई है कारखाने फैक्ट्री संस्थानों में मिस्त्रीओ द्वारा विश्वकर्मा जयंती पर विश्वकर्मा भगवान की पूजा की गई सरकारी कार्यालय में भी इंजीनियरों द्वारा विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर पुलिस लाइन में विभिन्न शस्त्रों एवं उपकरणों की पूजा किया इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक कौशाम्बी व अन्य अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे

### पीएम के जन्म दिन को सेवा दिवस के रूप में मनाया गया



**अझुवा कौशांबी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन के अवसर पर आदर्श नगर पंचायत अझुवा स्थित हनुमान मंदिर में भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों ने सेवा भाव के रूप में मनाया है,सर्व प्रथम कार्यकर्ताओं ने मंदिर और परिसर की सफाई की है तत्पश्चात प्रधान मंत्री के तस्वीर को मिष्ठान खिलाकर जन्म दिन मनाया है। इस अवसर पर प्रशांत केसरवानी, शिव प्रताप मौर्य, गिरिराज बाबू कुशवाहा, जगदीश केसरवानी सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष का जनपद आगमन पर जोरदार स्वागत

## सैकड़ों गाड़ियों के काफिले के साथ समर्थकों ने गाजे बाजे से किया स्वागत

अखंड भारत संदेश




**अझुवा कौशांबी।** रविवार को लखनऊ से नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का काफिला ज्योंहि लेहदरी पुल के पास पहुंचा सैकड़ों गाड़ियों के काफिले के साथ खड़े समर्थकों ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य जिंदा बाद धर्मराज मौर्य जिंदाबाद के नारे लगाते हुए नव नियुक्त जिला अध्यक्ष को माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया काफिला बढ़ते हुए देवीगंज पहुंचा वहां युवा नेता भारतीय जनता पार्टी के सभासद राहुल कुशवाहा अजय मौर्य ने साथियों के साथ माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया है कड़ा धाम में स्थित शीतला धाम में मा शीतला का आशीर्वाद लेते हुए धर्मराज मौर्य का काफिला आगे बढ़ा। सिराथू क्षेत्र में जगह जगह कार्यकर्ताओ ने स्वागत किया कड़ा के बीआरसी, दारानगर फरीदगंज मोड़, ख्वाजकीमई में इंजीनियर मनीष सम्राट के नेतृत्व में जोरदार स्वागत हुआ। शीतला गेस्ट हाउस में समर्थकों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई थी शीतला गेस्ट हाउस में धर्मराज मौर्य ने महापुरुषों की मूर्तियों में माल्यार्पण किया है। काफिला सौराई बाजार होते हुए देउखरपुर मोड़ पर कार्यकताओं और समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया लगभग 3 बजे मंझनपुर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में काफिला पहुंचा है यहां आयोजित स्वागत समारोह में पदाधिकारियों एवम कार्यकताओं का जमावड़ा लगा रहा धर्मराज मौर्य ने कहा पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है उसे पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी से पूरा करने का प्रयास करेंगे स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व ब्लाक प्रमुख रामू सिंह अझुवा चेयर मैन प्रतिनिधि ओमप्रकाश कुशवाहा, डिस्ट्रिक्ट कोपरेटिव अध्यक्ष शिव मोहन मौर्य, ब्लॉक प्रमुख सिराथू प्रतिनिधि लवकुश मौर्य, रिंकू मौर्य (शिव प्रताप मौर्य) प्रशांत केसरवानी, राहुल कुशवाहा, गुड्डू दराना रंजीत केसरवानी, चुन्नू भाई, अच्छू भाई, हीरालाल मौर्य, अमृत लाल मौर्य, ओमप्रकाश गुप्ता, नरसिंह यादव, भैराएं प्रधान गोपी मौर्य, बालकरन मौर्य, पंकज मौर्य, सत्येंद्र कुशवाहा, मोनी कुशवाहा, ऋषभ केसरवानी, राजू मौर्य रामबाबू मोदनवाल सभासद शिव प्रताप मौर्य, डा रामराज मौर्य सहित हजारों समर्थकों ने स्वागत किया है।

### सैकड़ो गाड़ियों के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष की जिले में हुई इट्री

**भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य के स्वागत में पहुंची दीपा श्रीवास्तव तमाम उनके सहयोगी**



**कड़ा कौशाम्बी।** लेहदरी पुल पर भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष धर्मराज मौर्या का काफिला जैसे पहुँचा जोरदार तरीके से उनका स्वागत किया गया भाजपा नेता धर्मराज मौर्य जिंदाबाद के नारों से वातावरण गूंज उठा लोगों ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत कर उनका हौसला बढ़ाया दीपा के तमाम सहयोगी राहुल कुशवाहा ने पहुंच कर अजय मौर्या समेत भारी संख्या में मौजूद भाजपाइयों ने जिलाध्यक्ष का जोरदार से किया स्वागत किया है। शरीफाबादगाँव में भाजपा नेता मुन्ना साहू एवं समाजसेवी गुलाब मौर्य के नेतृत्व में कार्यकताओं ने जिलाध्यक्ष को माला पहनाकर एवं लड्डू खिलाकर भव्य स्वागत किया स्वागत कार्यक्रम के दौरान जीपीएस इंटर कॉलेज के प्रबंधक रमेश कुमार साहू,अकास मौर्य,भाजपा नेता बम भोला पंडा,भाजपा नेता प्रकाश पाल एडवोकेट शशि कमल मिश्रा,बच्छल तिवारी,अंकित तिवारी,विकास पाल समेत सैकड़ो भाजपाई मौजूद रहे।



### भाजपा कार्यालय में नव नियुक्त जिला अध्यक्ष का जोरदार स्वागत

**जिला अध्यक्ष ने कहा आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में पार्टी के प्रत्याशी की जीत कराना पहली प्राथमिकता**

**कौशांबी।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य जैसे ही भाजपा कार्यालय मंझनपुर पहुंचे वहां पहले से उनके स्वागत के लिए मौजूद भाजपा नेताओं ने माल्यार्पण कर जोरदार तरीके से जिला अध्यक्ष का स्वागत किया है पूर्व जिला अध्यक्ष अनीता त्रिपाठी का पैर छूकर धर्मराज मौर्य ने आशीर्वाद लिया इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश पासी जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर उनके पति पूर्व प्रमुख जितेंद्र सोनकर जिले के तीनों पूर्व विधायक संजय गुप्ता शीतला प्रसाद पटेल लाल बहादुर ने भी नव नियुक्त जिला अध्यक्ष का स्वागत किया इस मौके पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में पार्टी के प्रत्याशी की जीत कराना उनकी पहली प्राथमिकता होगी उन्होंने कहा कि कार्यकताओं का मान सम्मान घटने नहीं दिया जाएगा और उनके कंधे से कंधे मिलाकर कार्य किए जाएंगे कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री संजय जायसवाल ने किया इस मौके पर जिला प्रभारी अनिल सिंह सहकारी बैंक के अध्यक्ष शिवमोहन मौर्य आशीष केसरवानी दुर्गेश गुप्ता अमरेश कुमार कल्लू पण्डा ज्योति केसरवानी शिव प्रताप मौर्य राहुल कुशवाहा राकेश पांडे कविता पासी कमलेश पटेल प्रतीक जायसवाल सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# बलीपुर टाटा में परिवार को बंधक बनाकर हुई लूट, नगदी समेत जेवर ले उड़े चोर

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बलीपुर टाटा में शनिवार की देर रात को आठ हथियार बन्द लुटेरों ने एक परिवार को बंधक बनाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया। हथियार के दम पर आठों लुटेरों ने नगदी और जेवरात उड़ा लिए। जिनके पास कट्टे और धारदार हथियार रॉड होने का दावा पीड़ित परिवार ने किया है। चरवा थाना पुलिस ने शिकायत पर मौके पर पहुंचकर लूट का मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है। फिलहाल ग्रामीणों द्वारा मामले में संलिप्त एक सदिग्ध को गांव से पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया है जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है। आपकों बता दें कि बलीपुर टाटा निवासी रामचन्द्र यादव पुत्र रामनेवाज यादव ने चरवा थाना में रविवार सुबह लिखित शिकायती प्रार्थना देकर बताया कि बीती रात समय लगभग 12:50 बजे रामचंद्र अपने घर वालों के साथ घर के अंदर सो रहा था तभी रामचंद्र के घर अज्ञात आठ बदमाशों द्वारा बंधक बना लिया गया तथा रामचंद्र के छोटे भाई के कमरे के अंदर सो रहा था उसे बाहर से दरवाजा बंद कर लिया और दूसरे कमरे का ताला तोड़कर बक्सा सहित उठा ले गए जिसमें रामचंद की छोटी बहन का जेवर गहने रखा था दो नाग नदिया सोने की एक नाग नाक की कील सोने की एक नग बिंदी 3 ग्राम सोने की अंगूठी पांच नग जिसमें दो पुरुष एवं तीन महिला एवं एक सोने की चैन लॉकेट सहित तीन चैन सैंपल एक मंगलसूत्र एक गले का हार तीन तोला तीन पाव गान सुपारी वा थाली चांदी के आधा किलो पायल तीन पाव पेटी चांदी की तीन चैन पट्टी चांदी की इस बक्से में थी तथा रामचंद्र की मां की एक चैन पट्टी 10 तोला की तथा दूसरे दूसरे पांच तोला कि छोटे भाई की पत्नी के गले का हार सोने का और 56000 नगदी इस बक्से में था पूरा का पूरा बक्सा बदमाश उठा ले गए रामचंद्र को शक है कि रामचंद्र पुत्र शिवमंगल पटेल निवासी ग्राम पिपराहटा माजरा अलामचंद थाना संदीपन घाट लगभग पिछले 1 सप्ताह से रहता था कल दिनांक 16 सितंबर को समय करीब 11:30 बजे रामचंद्र के छोटे भाई के साथ रामचंद्र की बहन के यहां उपरोक्त गहने लाने साथ में गया था तब घर में गहना रखते हुए देखा था तत्पश्चात उक्त व्यक्ति लगभग 5:00 बजे जाने लगा तो रामचंद्र ने बहुत रोका मत जाओ लेकिन नहीं माना चला गया रामचंद्र को पूरा का पूरा शक है कि उक्त व्यक्ति द्वारा ही उसके घर में चोरी की घटना का अंजाम दिया गया है।

# कौशाम्बी ट्रिपल हत्याकांड के पीड़ितों से मिलने पहुंचे चिराग पासवान

**बोले हर संभव मदद करूंगा दिलाऊंगा न्याय**



**कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना के मोहिद्दीनपुर गौस गांव में एक ही परिवार के तीन दलितों की गोली मार कर हत्या की खबर पर रविवार को पीड़ित परिवार से मिलने लोकजनशक्ति पार्टी के नेता अध्यक्ष व सांसद चिराग पासवान उनके गांव मोहिद्दीनपुर पहुंचे। उन्होंने तिहरे हत्याकांड के पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उनको ढाढस बंधाया और हर संभव मदद का विश्वास दिलाया घटना स्थाल को देखा और पूरी वारदात की जानकारी परिजनो से लिया साथ ही उन्होंने पीड़ित परिवार से पूछा की मामले में शासन प्रशासन से किस प्रकार की न्यायिक कार्यवाही हुई उसका भी जायजा लिया उन्होंने कहा कि आरोपियों को किसी भी दशा में बक्शा नही जाएगा। मीडिया से बात करते हुए चिराग पासवान ने कहा कि यह घटना बहुत ही दुखद एवं निंदनीय है इस तरह की निर्मम हत्या को अंजाम देने वालो को सख्त से सख्त सजा दिलाई जाएगी और पीड़ित परिवार की हर तरह से मदद होगी चाहे ओ आर्थिक रूप से हो या शासनिक प्रशासनिक उन्होंने कहा की मैं इसके लिए यहां के अधिकारियो से और प्रदेश के मुख्यमंत्री से बात कर-के हर संभव मदद करेंगे।

# सड़क दुर्घटना में पार्सल ट्राला चालक गंभीर घायल

**दुर्घटना के बाद सड़क पर लगा जाम पुलिस ने वाहनों को हटाकर खाली कराया जाम घायल चालक को भेजा अस्पताल**

अखंड भारत संदेश




**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली के नगर पंचायत अझुवा नवीन गल्ला मंडी समिति के सामने रविवार सुबह तकरीबन 8 बजे प्रयागराज से कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार पार्सल ट्राला ऊछ 1ट इ 0232 चालक आगे जा रहे अज्ञात डीसीएम से भिड़ गया जिससे पार्सल ट्राला चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है हादसे की जानकारी पर मौके पर लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पुलिस भी पहुंची और हादसे में घायल चालक को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है दुर्घटना के बाद सड़क पर जाम लग गया था पुलिस ने वाहनों को सड़क से हटवाकर जाम खाली करवाया है। जानकारी के मुताबिक महावीर पुत्र कागो यादव निवासी भराजो थाना टांडी जिला हजारी बाग झारखंड पार्सल ट्राला चालक वाहन में पार्सल लेकर कानपुर प्रयागराज मार्ग पर जा रहे थे रविवार की सुबह 8 बजे जैसे ही वह सैनी कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत अझुवा नवीन गल्ला मंडी के पास पहुंचे आगे जा रहे डीसीएम से भीड़ गया जिससे पार्सल ट्राला चालक गंभीर रूप से घायल हो गया ड्राइवर का एक पैर क्षतिग्रस्त हो गया। सड़क पर दो वाहनों की टक्कर के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पूरी तरह बाधित हो गया।मौके पर तमाम राहगीरों ,नगरवासियों की भीड़ लग गई।सूचना पर मौके पर पहुंचे अझुवा चौकी इंचार्ज अरुण कुमार मौर्य ने गंभीर घायल ड्राइवर को एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल भिजवाया और हाइड्रा मंगवाकर क्षतिग्रस्त वाहन को सड़क किनारे करवाते हुए यातायात मार्ग सुचारू रूप से चालू कराया है। हादसे की जानकारी चालक के परिजनों को पुलिस ने भेज दी है और दुर्घटना में क्षतिग्रस्त वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है।

# ट्रीपल मर्डर में शामिल एक आरोपी साजिश रचकर अस्पताल में कर रहा आराम

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मोहिद्दीन पुर गांव में शुक्रवार को दलित परिवार के तीन लोगों की हत्या करने के बाद हत्या में शामिल लोगों के बीच का एक हमलावर साजिश रच कर इलाज के बहाने अस्पताल में भर्ती हो गया है झूठे नाटक में अस्पताल के डॉक्टर भी शामिल है इस बात की जानकारी थाना पुलिस को भी है जबकि तीन लोगों की हत्या के मामले में हमलावर पक्ष का कोई भी व्यक्ति मौके पर घायल नहीं हुआ है लेकिन तीन लोगों की हत्या करने के बाद हमलावरों द्वारा अब बचाव करने के लिए झूठी कहानी बनाई जाने लगी है साजिश रच कर क्रास केस करने की योजना बनाने वाले तीन लोगों के हत्यारे किस हद तक सफल होते हैं यह भविष्य के गर्त में है। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मोहिद्दीन पुर गांव में शुक्रवार को जिस निर्ममता से तीन लोगों की हत्या की गई है लोगों की रूह कांप गई है तीन लोगों की हत्या करने की घटना के दूसरे दिन अस्पताल में भर्ती होकर इलाज का झूठा पर्चा हमलावरों द्वारा बनवाया जा रहा है जिससे मृतक परिवार के लोगो पर क्रास केस बन सके जिससे मृतक परिवार का मनोबल टूट जाए और हत्यारो को कम दंड मिले साजिश रचकर झूठे तरीके से इलाज करने वाले चिकित्सक के भी कारनामे की जांच कर उन्हें भी हत्यारो को बचाने के साजिश में बेनकाब करने की जरूरत है झूठे तरीके से इलाज कर पुलिस कार्रवाई में खलल डालने वाले डॉक्टर की भी गिरफ्तारी किए जाने की जरूरत है तभी साजिश का पदार्फाश होगा और तीन लोगों की हत्या करने वालों को कानून के मुताबिक तभी कठोर दंड मिल सकेगा।

## तीन लोगों की हत्या को 60 घंटे बीतने के बाद लापरवाह पुलिस कर्मियों को चिन्हित नहीं कर सके पुलिस अफसर!

**कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मोहिद्दीन पुर गांव में शुक्रवार की सुबह एक परिवार के तीन दलित लोगों की गोली मार कर हत्या कर दी गई घटना को 60 घंटे बीत चुके हैं लेकिन हत्याकांड में लापरवाही बरतने वाले थाना पुलिस सर्किल पुलिस को अफसर चिन्हित नहीं कर सके हैं लंबे समय से दलित परिवार का जमीनी विवाद चल रहा था पहले भी दलित परिवार के लोगों की सामूहिक हत्या का प्रयास किया गया था लेकिन पहले वार में दलित परिवार जान बचाने में सफल हो गया था इस मामले में भी थाना पुलिस सर्किल पुलिस ने हमलावरों पर कार्रवाई नहीं की थी मृतक पक्ष लगातार अधिकारियों से मिलकर शिकायती पत्र देकर हत्या किए जाने की आशंका जता रहे थे लेकिन थाना पुलिस मामले को गंभीरता से नहीं ले रही थी जिसके चलते हमलावरों के मंसूबे बढ़ते गए इसी लापरवाही का नतीजा था कि तीन लोगों की हत्या कर दी गई लेकिन तीन लोगों की हत्या की घटना को 60 घंटे बीत जाने के बाद भी मामले में अभी तक दोषी पुलिस कर्मियों को अफसर चिन्हित नहीं कर सके हैं अभी तक किसी पुलिसकर्मी की जवाब देही नहीं तय हो सकी है और किसी भी लापरवाह पुलिसकर्मी पर विभागीय जांच कार्यवाही करते हुए निलंबन आदि की कार्यवाही नहीं हुई है तीन लोगों की हत्या करने वाले लोगों के संपर्क स्थानीय थाना और सर्किल कार्यालय में थे और हत्या के बाद अभी भी हत्यारो को बल दिए जाने का प्रयास शुरू है तीन लोगों की हत्या की घटना में नया मोड़ देने का प्रयास शुरू हो गया है हत्या में शामिल लोगों को बचाने की रणनीति शुरू हो गई है तीन लोगों की हत्या के बाद हत्यारे को बचाने के लिए झूठा क्रॉस केस बनाने की साजिश रचनी शुरू हो गई है हत्या करने वाले लोगों के पक्ष के एक व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कर दिया गया है और यह बताया जा रहा है कि उसे भी गोली लग गई है जबकि यह बात पूरी तरह से झूठ है जिससे क्रास केस बन जाए और तीन लोगों की हत्या करने वाले लोग कठोर दंड पाने से बच जाए तीन लोगों की हत्या में शामिल लोगों को बचाने के लिए रणनीति बनाने वाले को चिन्हित किए जाने की जरूरत है पुलिस अफसरो को इस मामले को गंभीरता से लेते हुए साजिश रचने वाले लोगों को तत्काल चिन्हित कर पर कठोर कार्रवाई कर हत्यारो को दंड दिलाए जाने की ठोस कार्रवाई करनी होगी वरना लंबे समय से आतंक का पर्याय बने दबंग तीन लोगों की हत्या के बाद भी अपनी रणनीति में सफल हो जाएंगे और पुलिस हाथ मलती रह जाएगी।

## संपादक की कलम से

# भाषा के स्तर पर हीनता का भाव

**सर्वमित्रा सुरजन**

इस देश का प्रचलित नाम इंडिया ही है, और इसमें कुछ असंवैधानिक नहीं है, क्योंकि इंडिया दैट इज भारत संविधान के पहले अनुच्छेद में ही लिखा गया है। लेकिन संविधान में लिखी बहुत सी बातों से भाजपा को जिस तरह आपत्ति है, उसी तरह इस बात से भी है। इंडिया को औपनिवेशिक दासता का प्रतीक बताया जा रहा है। लेकिन इस विरोध के पीछे ऐसा लग रहा है कि यह दासता का नहीं हीनताबोध का सवाल है। 8 से 10 तारीख तक जी-20 शिखर सम्मेलन कई कारणों से सुर्खियों में छाया रहा। आलीशान भारत मंडपम में एक रात की बारिश में पानी भर गया, गरीबों को छिपाने के लिए उन्हें उनके ही घरों में कैद कर, ऊपर से हरे पर्दे ढंक दिए गए, सड़क पर रहने वाले पशुओं को बेदर्दी के साथ बाड़ाबंद किया गया, सोने-चांदी के पानी चढ़े बर्तनों में मेहमानों को भोजन परोसा गया, सभी राष्ट्रों के मेहमान गांधी समाधि पर नमन करने गए और आखिर में चर्चा इस बात की भी रही कि दिल्ली घोषणापत्र पर आम सहमति बन गई। प्रधानमंत्री मोदी ने किस राष्ट्राध्यक्ष के साथ कितनी देर हाथ मिलाया, किसके साथ कैसी फोटो खिंचवाई, कौन आया, कौन नहीं आया, कोई नहीं आया तो उसके पीछे क्या कारण रहे, इन तमाम बातों पर भी चचाएं हुईं। इन सबके अलावा इंडिया हटाकर भारत कहने की मोदी सरकार की जिद भी जी-20 के मंच पर नजर आई। राष्ट्रपति के रात्रिभोज निमंत्रण पत्र में प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखा गया। प्रधानमंत्री मोदी के आगे प्राइम मिनिस्टर ऑफ भारत लिखा गया। भारत रोमन लिपि में लिखा गया, क्योंकि सभी विदेशी मेहमान देवनागरी से परिचित नहीं थे। उनके लिए इस देश का प्रचलित नाम इंडिया ही है, और इसमें कुछ असंवैधानिक नहीं है, क्योंकि इंडिया दैट इज भारत संविधान के पहले अनुच्छेद में ही लिखा गया है। लेकिन संविधान में लिखी बहुत सी बातों से भाजपा को जिस तरह आपत्ति है, उसी तरह इस बात से भी है। इंडिया को औपनिवेशिक दासता का प्रतीक बताया जा रहा है। लेकिन इस विरोध के पीछे ऐसा लग रहा है कि यह दासता का नहीं हीनताबोध का सवाल है। हीनता अंग्रेजी और हिंदी की तुलना को लेकर, हीनता चमड़ी के रंग को लेकर। इसलिए भारत में आज भी गोरेपन की क्रीम का विज्ञापन धड़ल्ले से होता है। पहले केवल लड़कियों के गोरेपन तक बात सीमित थी, अब लड़कों को भी गोरा दिखाने की चाहत पैदा हो गई है। विवाह के विज्ञापन में शादी योग्य लड़के या लड़की में योग्यता का पैमाना सुंदर और गोरे होने से भी तय होता है। इस हीनभावना को दूर किया जा सकता है, अगर हम अपनी खासियत पर ध्यान दें और उन कमजोरियों को दूर करने की कोशिश करें, जिनकी वजह से हम दुनिया के बाकी देशों से पिछड़े हुए हैं। सभी के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार की अच्छी व्यवस्था। देश के गांव-शहर साफ-सुथरे होना। काम और जाति के आधार पर किसी को छोटा या बड़ा न मानना। एक नागरिक के तौर पर अपने अधिकारों और कर्तव्यों के लिए जागरुक होना और समाज को भी जागरुक करना। इंसानों के साथ-साथ प्रकृति के अन्य जीवों, जंगलों, नदी-पहाड़ों का सम्मान करना। ऐतिहासिक धरोहरों को सहेजना। ऐसी बहुत सी छोटी-छोटी बातों पर मेहनत करके हम दुनिया में आगे निकल सकते हैं। लेकिन आगे निकलने की जगह हम पिछड़ा होने की हीनता में ही उलझे हुए हैं। इस हीनता को कभी विश्वगुरु के तमगे से हम दूर करना चाहते हैं और कभी अपने शहरों को विदेशी शहरों जैसा बनाने की चाहत से दूर करने की कोशिश करते हैं। हीनता का एक भाव भाषा के स्तर पर भी दिखाई देता है। इसका एक उदाहरण जी-20 में नजर आया।

# विधानसभा चुनावों से पहले राजनीतिक यात्राओं का क्या है मकसद?

**अशोक भाटिया**



**किसी बड़े** चुनाव से ठीक पहले अगर राजनीतिक दलों को चुनावी यात्राओं की याद आती है, तो इसमें कुछ भी अस्वाभाविक नहीं है। पार्टियों को लगता है कि बड़े पैमाने पर यात्राएं करने से लोगों में जागरुकता फैलेगी, लोग उनके साथ जुड़ेंगे और चुनाव में इन सबका फायदा मिलेगा। इन यात्राओं से पार्टियों को मतदाताओं के मन-मिजाज को टटोलने में मदद तो मिलती ही है। साथी ही 'करंट' किसके पक्ष में है, इसका भी मोटे तौर पर अनुमान लगाया जा सकता है। इसमें भी कोई दो राय नहीं कि ऐसी यात्राओं से हमारे राजनेता लोगों की बुनियादी समस्याओं और जमीनी मुद्दों को ठीक से पहचान पाते हैं। अब कुछ ऐसी यात्राओं के बारे में संक्षेप में जान लीजिए, जो इस वक्त चर्चा में हैं। हालांकि चुनाव नजदीक आते-आते ऐसी यात्राओं की तादाद और बढ़ने वाली है।

वैसे तो मध्य प्रदेश में पिछले विधानसभा चुनावों में भी 'जन आशीर्वाद' यात्राएं निकाली जाती रही हैं। लेकिन इस बार की यात्रा कुछ अलग हटकर है। इसके तहत कई यात्राएं होनी हैं। भाजपा ने प्रदेश में 10,643 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए पांच 'जन आशीर्वाद' यात्राओं की योजना बनाई है। इन यात्राओं के जरिए प्रदेश की 230 विधानसभा सीटों में से कम से कम 211 सीटें कवर करने का लक्ष्य रखा गया है। इनकी शुरूआत 3 सितंबर को चित्रकूट से हो चुकी है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इसकी शुरूआत की है। गौर करने वाली बात यह है कि पार्टी ने इन यात्राओं में शिवराज सिंह चौहान का चेहरा आगे नहीं रखा है। जाहिर है कि इस बार पार्टी कई कारणों से एक-एक कदम फूंक-फूंककर रखना चाहती है। इन यात्राओं का समापन होगा 25 सितंबर को, जिस दिन पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती है।

राजस्थान में जीत के लिए जोर लगाने की खातिर भाजपा 'परिवर्तन संकल्प यात्रा' निकाल रही है। इसके तहत प्रदेश में भाजपा चार 'परिवर्तन संकल्प यात्रा' निकाल रही है। चारों दिशाओं से इन चार यात्राओं के जरिए राजस्थान के सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों को कवर करने का लक्ष्य रखा गया है। इन यात्राओं के दौरान आदिवासी, दलित, किसान, युवा और महिलाओं के लिए खास तौर पर चौपाल का आयोजन होगा। पार्टी की पूरी कोशिश होगी कि यात्राओं के जरिए लोगों को अपनी ओर खींचे और विधानसभा चुनाव में वापसी करे। बीते सप्ताह जेपी नड्डा राजस्थान के सवाई माधोपुर से 'परिवर्तन संकल्प यात्रा' को हरी झंडी दिखा चुके हैं। यात्राओं के दौरान छोटी-बड़ी कई रैलियों का आयोजन होना है।

भाजपा की छत्तीसगढ़ में हो रही परिवर्तन यात्रा बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह यात्रा छत्तीसगढ़ में चुनाव के परिप्रेक्ष्य में 20 साल बाद निकल रही है। भारतीय जनता पार्टी इसके लिए बहुत दिनों से तैयारी कर रही थी, इस यात्रा के लिए ही रायपुर से एक हाइड्रोलिक लिफ्ट वाली हाईटेक बस भी दंतेवाड़ा भेजी गई थी । यह यात्रा 45+ विधानसभा सीट से होकर 1728 किमी कवर करके 16 दिनों में बिलासपुर पहुंचने वाली है। चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी की पहली इतनी बड़ी यात्रा है जो शुद्ध छत्तीसगढ़ में सुनियोजित तरीके से निकलने वाले हैं। ऐसे में एक बड़ा सवाल यह उठता है कि क्या भारतीय जनता पार्टी यात्राओं के दौर में कांग्रेस के पीछे रह गई है?

स्थानीय राजनीतिक पत्रकारों की मानें तो यह परिवर्तन यात्रा 2003 में भी छत्तीसगढ़ में निकली थी, तब इसे तीन चरणों में निकाला गया था। डॉ रमन सिंह, दिलीप सिंह, जूदेव नंद कुमार, चन्द्रशेखर साहू साय अलग-अलग डिवीजन में हेड कर रहे थे और तब यात्रा को मई-जून के महीने में ही निकल कर खत्म भी किया जा चुका था। अगर इसे देखा जाए तो इस बार भारतीय जनता पार्टी अपनी यात्राएं निकालने में लेट हो चुकी है। भौगोलिक दृष्टि से देखा जाए तो छत्तीसगढ़ भौगोलिक दृष्टि से 9वां सबसे बड़ा राज्य तमिलनाडु से बड़ा है। ऐसे में हर विधानसभा में जो एक दूसरे से काफी दूर है, उन तक पहुंच पाना कोई राजनीतिक पार्टी के लिए आसान नहीं होने वाला था। अगर भारतीय जनता पार्टी एक दिन में दो विधानसभा सीट भी कवर करती है तो 90 विधानसभा सीटों को कवर करने के लिए 45 दिन लग जाएंगे और चुनाव के इतने करीब आकर मध्य सितंबर में यात्रा निकालना शायद भाजपा को चुनाव में उतना फायदा ना पहुंचा पाए।

वहीं अगर कांग्रेस की बात हो जाए तो छत्तीसगढ़ में उनके लगतार संकल्प शिविर चल रहे हैं और मुख्यमंत्री पिछले एक साल से लगातार लोगों से मुलाकातें कर अपनी योजनाओं के फायदे गिना रहे हैं। साथ ही लोगों से अच्छा कनेक्ट बनाने में सीएम बघेल भाजपा की अपेक्षा ज्यादा सफल नजर आ रहे हैं। ऐसी राजनीतिक यात्राएं किसी भी पार्टी के लिए बेहद महत्तवपूर्ण होती हैं, क्योंकि वहां वोटर्स को मनोवैज्ञानिक तौर पर मनाना बेहद मददगार साबित होता है। वोटर्स को हमेशा याद होता है कि कौन सा राजनीतिक दल या उम्मीदवार को देखकर उनसे वोट मांगे जाएं। भारतीय जनता पार्टी को देर से निकलने से नुकसान होगा, ये कहना अभी मुश्किल है। लेकिन फायदा जितना उठा सकती थी, वो पार्टी को नहीं होगा।

छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ राजनीतिक पत्रकार का भी यही मानना है कि भारतीय जनता पार्टी परिवर्तन यात्रा को निकालने में जरूर शामिल हुई है। कांग्रेस ने भी परिवर्तन यात्रा निकाली थी, 2013 में वह मई के महीने में निकल चुकी थी। ऐसा लगता है कि जनता तक अपना संदेश लेकर यात्राएं के लिए जाना बहुत आसान है। ऐसे में 1728 किलोमीटर की यात्रा आचार संहिता लगने से पहले कितनी पूरी हो जाएगी, यह देखना दिलचस्प होगा। क्योंकि आचार संहिता लग जाने से इस तरह के राजनीतिक कैम्पेनिंग की गति धीमी हो जाती है। भाजपा यात्राओं की पार्टी रही है। आडवाणी जी की रथ यात्रा हो या एफआईआर या परिवर्तन यात्रा। लेकिन अब छत्तीसगढ़ में इस यात्रा का कितना फायदा भाजपा को मिलेगा, यह अभी देखना बाकी है।

वैसे तो इन दिनों भाजपा मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में अपनी यात्राओं पर पूरा जोर लगा रही है। ऐसे में कांग्रेस महाराष्ट्र सरकार की नाकामियों को जनता के सामने रखने को आतुर है। प्रदेश सरकार की कमजोरियों को उजागर करने के बहाने केंद्र सरकार पर भी हमलावर है। दरअसल, मुंबई में विपक्षी दलों के 'इंडिया' सम्मेलन के तीन दिन बाद कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई ने एक सप्ताह की विशाल 'जन संवाद यात्रा' शुरू की है। कांग्रेस इसी बहाने महाराष्ट्र में अपने कार्यकताओं में जोश भरना चाहती है। 'जनसंवाद यात्रा' मुंबई-कोंकण, विदर्भ, पश्चिमी और उत्तरी महाराष्ट्र में एक साथ शुरू हुई। लेकिन मराठवाड़ा में यात्रा फिलहाल रोक दी गई है, क?योंकि वहां कोटा समर्थक आंदोलन कर रहे हैं। महाराष्ट्र के सियासी घटनाक्रम पर सबकी नजरें टिकी हुई हैं।

राहुल गांधी की अगुवाई में 'भारत जोड़ो' यात्रा अलग-अलग कारणों से सुर्खियों में रही थी। अब कांग्रेस देशभर के सभी जिलों में पदयात्रा निकालने जा रही है। यात्रा का तात्कालिक मकसद है राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो' की पहली वर्षगांठ मनाना। पार्टी राहुल गांधी की उस यात्रा को यादगार बनना चाहती है, जिसके तहत उन्होंने देशभर में करीब ?3,970 किमी की यात्रा की थी। कांग्रेस का ऐसा मानना है कि राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो' यात्रा ने देश की राजनीति को प्रभावित किया है। पार्टी कार्यकताओं के बीच संदेश देने की कोशिश कर रही है कि यात्रा की वजह से ही कर्नाटक चुनावों में कांग्रेस ने सत्ता में वापसी की। आगे भी लाभ के सपने दिखाए जा रहे हैं। इन यात्राओं के किसी बड़े राजनीतिक असर को लेकर कोई दावा करना अभी जल्दबाजी होगी। फिर भी उम्मीद की जानी चाहिए कि ये यात्राएं देश के गरीबों, पिछड़ों और वंचितों के जीवन-स्तर में सुधार की बयार लेकर आएं।

अशोक भाटिया,

# खतरे में आदिवासियों का अस्तित्व

**बरखा लकडा**

**विकास** के आंकड़ों पर अगर नजर डालें तो आदिवासी शिक्षा, स्वास्थ्य, आयु, जन्म के समय मृत्युदर, सालाना आय आदि कई मापदंडों पर नीचे के पायदानों पर पाये जाते हैं। इसके कारण बहुत सी बातों में आदिवासी शोषण के सहज ही शिकार बन जाते हैं। बड़े उपक्रमों के अलावा जहां कहीं भी छोटे शहर या कस्बों का दबाव बढ़ने लगता है, वहां आदिवासी विभिन्न भूमाफियाओं द्वारा प्रताड़ित किये जाते हैं और उन्हें लगातार अपनी जमीन से बेदखल होना पड़ता है। आज पूरे भारत में हर समाज अपनी जाति-व्यवस्था को बचाने के लिए संघर्ष कर रहा है। इनमें से एक आदिवासी समुदाय है जो खुद को हिन्दू नहीं, बल्कि आदिवासी मानता है। अगर आदिवासी खुद को हिन्दू नहीं मानते तो फिर इनका इतिहास क्या है? ये एक बड़ा सवाल है जिसका विश्लेषण तत्थ्यों के आधार पर किया जाना चाहिए। जस्टिस पाजीटर का मानना है कि अनार्य तो आर्यों से भी प्राचीन हैं, उनके पहले के हैं जब भारत में आर्यों का जन्म भी नहीं हुआ था। ईसवी सन्‌ से लगभग 2200 वर्ष पहले आर्य लोगों ने मध्य हिमालय के रास्ते से भारतवर्ष में प्रवेश किया था। आर्यों ने भारतवर्ष में आकर अनार्यों से संघर्ष किया और आर्य - अनार्य युद्ध को च्देवासुर संग्रामज की संज्ञा दी। उन्होंने अनार्यों को असुर और भारत में पहले से रह रहे लोगों को अनार्य कहा। आर्यों -अनार्यों में मूल भेद यह था कि यूरेशिया से मध्य भारत में प्रवेश करने वाले आर्य शीत प्रधान भू-भाग के निवासी होने के कारण शरीर से गोरे, ऊंचे कद, लंबी नाक और भूरी आंख, भूरे बाल वाले थे, जबकि अनार्यों का कद छोटा, शरीर तथा बालों का रंग काला, नाक मोटी, होंठ मोटे तथा सिर गोल था। प्रथम वैदिक काल में दो ही वर्ग थे। पहला आर्य, दूसरा अनार्य। आर्यों ने अनार्यों को अपना शत्रु माना। आर्यों -अनार्यों की शारीरिक रचना, संस्कृति एक-दूसरे से बिलकुल भिन्न थी। वैदिक काल भारत का सबसे प्राचीन काल है। उससे पहले का इतिहास क्रमबद्ध रूप से उपलब्ध नहीं है। वैदिक साहित्य में असुरों का नाम मिलता है जिन्हें आर्यों ने अनार्य माना है। विद्वानों का मत है कि अनार्य और असुर एक-दूसरे के पर्यायवाची हैं। अनार्य जिन्हें आस्ट्रेलाइड, द्रविडियन कहते हैं और जिसे वर्तमान में आदिवासी कहते हैं, असुरों की ही उत्पत्ति हैं। इस प्रकार अनार्य कौन हैं? इस प्रश्न के उत्तर में इतना पर्याप्त है कि अनार्य, असुर, द्रविडियन, आस्ट्रेलाइड एक ही वंश, नस्ल के भिन्न-भिन्न नाम हैं। पंडित रघुनंदन प्रसाद शर्मा अपनी पुस्तक 'वैदिक सम्पति' में लिखते है कि 'उस समय भारत और आस्ट्रेलिया के बीच इतना बड़ा अन्तर नहीं था। लंका और मेडागास्कर की भूमि अधिक चौड़ी थी और भारत तथा आस्ट्रेलिया को जोड़ती थी तथा समस्त टापुओं में एक ही जाति निवास करती थी। आस्ट्रेलिया वालों की और भारतीय आस्ट्रेलाइड, द्रविडियन, भील, संथाल और कोल की भाषा एक सी थी। राहुल सांस्कृत्यायन ने लिखा है कि 'मोहनजोदड़ो और हड़प्पा का अन्तिम उत्कर्ष काल 2400 ईसा पूर्व माना गया है। उसके एक हजार साल बाद आर्यों का आगमन अनार्यों के भू-भाग में हुआ और कम-से-कम 300 वर्ष बाद वशिष्ठ, भारद्वाज, विश्वामित्र आदि ने अपनी रचना की। लाला लाजपतराय अपनी पुस्तक 'भारतवर्ष का इतिहास' में लिखते हैं कि 'मेरे विचार से इस बात को ऐतिहासिक रूप से स्वीकार कर लेना चाहिए कि हिन्दू-आर्य भारत के मूल निवासी नहीं हैं। पंडित बाल गंगाधर तिलक अपनी पुस्तक 'आर्यन' में लिखते हैं कि आर्य लोग सबसे पहले उत्तरी-ध्रुव के रहने वाले थे। नेहरू ने 'पिता के पुत्र, पुत्री के नाम' पुस्तक में लिखा है कि 'आर्यों ने उत्तर की ओर से अनार्यों पर आक्रमण किया। इन आर्यों का मध्य एशिया में अवश्य ही बहुत बड़ा समूह रहता था।' भारत के इतिहास में 'गोंण्डहवाना लैण्ड' का जिक्र है। भूतत्वविदों और ज्योतिर्विज्ञानियों ने 'गोण्डवाना लैण्ड' का नामकरण किया था। उस समय यह विशाल समूह इस भूमिखण्ड के मध्यभाग में निवास करता था। भारत आदिवासियों का देश है इससे इन्कार नहीं किया जाता, पर वर्तमान समय में भारत में मात्र 15 प्रतिशत भू-भाग में आदिवासियों का निवास रह गया है। भारत की जनगणना 1951 के अनुसार आदिवासियों की संख्या 9,91,11,498 थी जो 2001 की जनगणना में 12,43,26,240 हो गई। यह देश की जनसंख्या का 8.2 प्रतिशत है। भारत में दिन-प्रतिदिन जनसंख्या की वृद्धि हो रही है, पर उसी रफ्तार से आदिवासियों की जनसंख्या कम हो रही है। विस्थापन के अलावा इसका सबसे बड़ा कारण आदिवासियों का दूसरे धर्मो में विलय हो जाना है, जबकि आदिवासी न धार्मिक समूह है और न ही यह 'वर्ण एवं जाति' व्यवस्था का हिस्सा है, बल्कि यह एक अलग नस्लीय समुदाय है। स्पष्ट है कि आदिवासी जन्मजात हिंदू नहीं है, बल्कि बड़े पैमाने पर उनका हिंदूकरण हुआ है जो अब भी जारी है। अब समय आ गया है, आदिवासी को 'संगठन' से ज्यादा 'संगठित' होने की जरूरत है। भारत सरकार ने अपनी 'राष्ट्रीय आदिवासी नीति 2006' के प्रारूप में आदिवासी समूहों की संख्या 698 बताई है। 2011 की जनगणना में आदिवासी समुदायों की संख्या 705 बताई गई है। हर आदिवासी समुदाय में लगभग 10 से 15 संगठन हैं।

यानि पूरे आदिवासी समुदाय में सात हजार से लेकर 15 हजार तक आदिवासी संगठन हैं। कई संगठनों का विचार दूसरे संगठनों के विचार से बिल्कुल अलग होता है जिससे दोनों संगठनों के बीच मनभेद और मतभेद की स्थिति बनी रहती है। अब वक्त आ गया है कि कुछ ऐसी 'सर्व आदिवासी सामुदायिक शक्ति' बने जिसमें आदिवासी कार्यकर्ता सभी आदिवासी समुदायों को इकठ्ठा कर शक्ति का निर्माण करायें। इसमें समुदाय के विभिन्न क्षेत्रों एवं राज्यों में निवास करने वाले, विभिन्न आदिवासी समुदाय शामिल हों। आज पूरे भारत में आदिवासियों की स्थिति बहुत नाजुक है। मणिपुर में हाहाकार मचा हुआ है। छत्तीसगढ़, झारखंड, उड़ीसा, मध्यप्रदेश आदि राज्यों के अनुसूचित इलाकों में आदिवासियों का लगातार पलायन और विस्थापन हो रहा है। आदिवासियों के पास पांचवीं अनुसूची 244(1), छठी अनुसूची 244(2), अनुच्छेद 371, 366(25), अनुच्छेद 275 (1) और संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रदत्त 'आदिवासी दिवस 1994' हैं फिर भी पूरे भारत में 40 प्रतिशत आदिवासी विकास के नाम से विस्थापित हो चुके हैं। विकास के आंकड़ों पर अगर नजर डालें तो आदिवासी शिक्षा, स्वास्थ्य, आयु, जन्म के समय मृत्युदर, सालाना आय आदि कई मापदंडों पर नीचे के पायदानों पर पाये जाते हैं। इसके कारण बहुत सी बातों में आदिवासी शोषण के सहज ही शिकार बन जाते हैं। बड़े उपक्रमों के अलावा जहां कहीं भी छोटे शहर या कस्बों का दबाव बढ़ने लगता है।

# कब तक अधूरा रहेगा अपराधमुक्त राजनीति का काम

**ललित गर्ग**

**आगामी** पांच राज्यों में विधानसभा एवं अगले वर्ष लोकसभा चुनाव की आहट के साथ एक बार फिर अपराधी उम्मीदवारों को लेकर चिन्ता के स्वर उभर रहे हैं। राजनीति में आपराधिक पृष्ठभूमि के लोगों का प्रवेश रोकने के लिए लंबे समय से बहसें चलती रही हैं। अमूमन सभी दल और उनके नेता इसे लेकर चिंता जताते हैं, मगर विडंबना यह है कि अब तक कोई ऐसी व्यवस्था नहीं बन सकी है, जिसमें किसी अपराध में लिप्त रहे व्यक्ति को संसद या विधानसभा में पहुंचने से रोका जा सके। एसोएिशन आफ डेमोक्रेटिक रिसर्च की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि करीब चालीस फीसद मौजूदा सांसदों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें से पचीस फीसद मामले गंभीर अपराधों से जुड़े हुए हैं, जिनमें हत्या, हत्या की कोशिश, अपहरण, महिलाओं के विरुद्ध अपराध जैसे मामले शामिल हैं। ये ही अपराधी छवि वाले सांसद एवं विधायक एक बार फिर उम्मीदवार बनने में सफल होने वाले हैं। सवाल है कि देश की संसद तक में इस स्थिति के रहते अपराधमुक्त राजनीति का लक्ष्य कैसे प्राप्त हो सकेगा? निश्चित रूप से भारतीय लोकतंत्र की यह एक विद्रूपता एवं त्रासदी ही है कि किसी अपराधी का दोषी होने और सजायाफ्ता होने के बावजूद उसे कैसे उम्मीदवार बनाकर कर भोली-भाली जनता पर थोप दिया जाता है। ऐसे अपराधी किस्म के जनप्रतिनिधि क्या जनता की भलाई करेंगे एवं क्या विधायिका में बैठकर जनता के हित के कानून बना पायेंगे? आजादी के अमृतकाल की दुदुम्भी और शंखनाद से इतर जब राजनीति के अपराधीकरण पर हम नजर डालते हैं तो शर्म से सिर झुक जाता है। जो सदन कभी जनता के सवालों पर गूंजता था, एक से बढ़कर एक वक्ताओं के ऐतिहासिक एवं सार्थक भाषणों की संसद से लेकर सड़क तक चर्चा होती थी, लोकतंत्र की इस खूबी पर दुनिया को भी जलन होती थी, आज वही लोकतंत्र, वही सदन दागी नेताओं की उपस्थिति और उसके खेल से शर्मसार है। भारतीय संसद के अबतक के इतिहास पर नजर डाले तो लगता है कि जिस तेजी से संसद और विधानसभाओं में दागी नेताओं की उपस्थिति बढ़ रही है।

# जनता के सवालों के लिए शाहरुख ने बॉलीवुड में बनाई नई राह

**जगदीश रत्तनानी**

**हिंदी** फिल्म उद्योग एक ऐसी जगह है जहां का चलन, काम की गुणवत्ता और दर्शकों द्वारा स्वीकृति है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि दिवंगत सुशांत सिंह राजपूत के नाम पर क्या कहा गया है। हिंदू, मुस्लिम और अन्य सभी धर्मों के कलाकार और टेक्निशियन दर्शकों को सपनों की दुनिया में ले जाने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। किंग खान और एसआरके के नामों से भी मशहूर शाहरुख खान अपनी फिल्म 'जवान' के साथ बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रहे हैं। पिछले हफ्ते रिलीज हुई इस फिल्म ने कथित तौर पर सप्ताहांत तक 350 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की जिसे बॉलीवुड फिल्म इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग कहा जा रहा है। कुछ लोग जो सोचते थे कि शाहरुख का करियर गिरावट पर है वे देख सकते हैं कि वह एक बड़े धमाके के साथ लौट आया है। शाहरुख के जादू में इस बार दक्षिण भारतीय फिल्मों की नायिका नयनतारा, दक्षिण के ही कलाकार विजय सेतुपति और निर्देशक एटली कुमार जैसे तमिल सिनेमा के सितारों ने उत्तर और दक्षिण की प्रतिभाओं को एक पैकेज में जोड़ा है जिसे पूरे देश के दर्शकों द्वारा पसंद किया जा रहा है। पौने तीन घंटे लंबी फिल्म का वर्णन निमार्ता कंपनी रेड चिलीज एंटरटेनमेंट इन शब्दों में करती है- 'एक हाई-ऑक्टेन एक्शन थ्रिलर, एक ऐसे व्यक्ति की भावनात्मक यात्रा को रेखांकित करती है जो समाज में गलतियों को सुधारने के लिए तैयार है।' कहने की जरूरत नहीं है, इसमें से बहुत कुछ ठेठ बॉलीवुड बड़बोलापन है। लेकिन इसमें 'समाज में हुई गलतियों' को रेखांकित किया गया है जो 'जवान' को अलग-अलग राजनीतिक रंग के साथ एक साहसिक कदम बनाता है। इसे कई लोग इस समय के विशेष राजनीतिक माहौल में बड़े जोखिम के रूप में देखेंगे जो आगामी चुनावों से और गर्म हो जाएगा। यह फिल्म एक सार्वजनिक अस्पताल में ऑक्सीजन सिलेंडर की कमी के कारण मरीजों की मौत, किसानों की आत्महत्या, घटिया उपकरणों के खराब सौदे जो हमारे सैनिकों की जान को खतरे में डालते हैं, पानी और हवा को प्रदूषित करने वाले हमारे कारखानों या चुनिंदा व्यवसायियों, व्हीलर-डीलरों की सुरक्षा पर प्रकाश डालती है।

इसमें, फिल्म समाज की बुराइयों के खिलाफ सामान्य निंदा से परे जाती है क्योंकि वे अपना हक पाने के लिए संघर्ष करते हैं जिसे आम तौर पर दुष्ट बिचौलिए, भ्रष्ट राजनेता या रोजमर्रा के लोगों की परेशानियों की रूढ़ियों में चित्रित किया जाता है। यह सही है कि 'जवान' में अभी भी बहुत सारी सामान्य बातें हैं लेकिन उचित विषयों को भी उछाला गया है। इस लिहाज से शाहरुख और उनकी टीम ने बेहिचक वास्तविक मुद्दों को खोला है और पलायनवादी मसाला इस्तेमाल करते हुए उन ज्वलंत राजनीतिक सवालों को उभारा है जिन्हें कई लोग देख सकते हैं लेकिन वर्तमान राजनीतिक माहौल में बॉलीवुड के कुछ ही लोग ऐसे सवाल पूछने की हिम्मत करेंगे। बहुत पहले यह माना जाता था कि बॉलीवुड इसलिए काम करता है क्योंकि हल्के- फुल्के गानों और नृत्यों से मिला मनोरंजन लाखों लोगों के लिए रोजमर्रा की जिंदगी के दुख से मुक्ति दिलाता है। पिछले कुछ दशकों में यह बदल गया। शुरूआती दौर की रोमांटिक कहानियों और अमीर-गरीब टिप्पणी से लेकर एंग्री-यंग-मैन, बोल्ड रोमांस वाली फिल्मों और फिर उदारीकरण के बाद कम लागत वाली फिल्मों का आगमन हुआ जिन्होंने नए विषयों के साथ प्रयोग किया। बदलते समय ने बड़े पर्दे पर आधुनिक समय के मुद्दों को और अधिक मुखर किया जैसे लिव-इन रिलेशनशिप, एलजीबीटीक्यू+अधिकार और उनके वैवाहिक संबंध, जातीय संघर्ष, 'मुठभेड़' हत्याएं, ग्रामीण-शहरी विभाजन, ऑटिज्म, अकेलापन, मानसिक स्वास्थ्य आदि। पिछले कुछ वर्षों में कई फिल्मों में राजनीतिक संदेश भी रहे हैं और इस अर्थ में बॉलीवुड हमेशा राजनीतिक था लेकिन अप्रत्यक्ष तरीके से। यह ज्यादातर सुरक्षित क्षेत्र में खेला जाता था- बहुत से लोगों ने प्रतिष्ठान की आंखों में नहीं देखा लेकिन विषय पर झुकाव के साथ अपनी बात कही। बॉलीवुड एक ऐसी जगह है जो गीत और नृत्य के लिए जानी जाती है जिसका घोषवाक्य मनोरंजन और ग्लैमर हैं। बॉलीवुड हमेशा एक जीतने वाला फॉमूर्ला पसंद करता है, खासकर बड़े बजट की फिल्मों में जो मोटी फीस लेने वाले रॉकिंग सितारों से भरी होती हैं। क्या 'जवान' की सफलता के साथ यहां से यह बदल जाएगा?

हमारे पास बॉलीवुड के लिए एक नए रास्ते का प्रस्ताव है, एक ऐसा रास्ता जो अपनी विशाल और बेजोड़ सॉफ्ट पावर का उपयोग करके इस तरह के कुछ महत्वपूर्ण संदेशों को घर-घर तक पहुंचा सकता है और एक तरह से बड़े बजट के असाधारण आयोजन में इस तरह का संदेश पहुंचाने का शायद ही कभी ऐसा प्रयास किया गया हो। इन अर्थों में, फिल्म सभी को सतर्क रखती है और नई कल्पनाओं तथा संभावनाओं को खोलती है कि खतरनाक राजनीतिक स्थानों में घुसने के बाद बॉलीवुड क्या कर सकता है। फिल्म का मुख्य आकर्षण एक भाषण है जिसमें शाहरुख खान प्रत्याशी से पूछता है- 'प्रिय उम्मीदवार, आप अगले पांच वर्षों में हमारे लिए क्या करेंगे? अगर परिवार में कोई बीमार पड़ता है, तो आप उनके इलाज के लिए क्या करेंगे? मुझे नौकरी दिलाने के लिए आप क्या करेंगे? और यह सवाल उठाने के बाद नागरिकों से यह चुनने के लिए कहता है कि वे किसे वोट देंगे?'

फिल्म का संदेश स्वास्थ्य, शिक्षा, नौकरियों के क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन और सेवा के वितरण की मांग करना है। धर्म, नस्ल या जाति के नाम पर ध्यान भंग नहीं करना है। ये बिल्कुल ऐसे सवाल और मुद्दे हैं जो आज के भारत में फोकस में नहीं हैं। फिल्म में इन सवालों और मुद्दों को एक सफल मसाला प्रारूप में प्रस्तुत कर उन्हें किसी भी अन्य माध्यम की तुलना में जनता तक ले जाया गया है। इन ज्वलंत मुद्दों में से किसी पर गहराई से टिप्पणी नहीं की गई है। गहराई में न जाकर मुद्दों को उठाने का यह वही खेल है जो सत्तापक्ष ने किया है। इस रूप में 'जवान' की टक्कर वही रास्ता अपनाकर,उछल-कूद करके जनता के सामने दूसरा पक्ष रख रही है। जनता तक इस संदेश की सुपुर्दगी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की पृष्ठभूमि में आती है जो 2024 के चुनावों के बहुत ही जीवंत संदर्भ में है। इनमें से कोई भी प्रगतिशील संदेश नहीं है या हमारे समय के जटिल राजनीतिक मुद्दों की एक महत्वपूर्ण परीक्षा नहीं है। यह एक आधारभूत शैली है लेकिन इसका महत्व यह है कि इसे वितरित किया गया था और इसकी सफलता- इसकी व्यापक पहुंच, इसके स्लीक पैकेज और इसके बड़े सवालों में है। यह विडंबना पूर्ण है कि यह उन लोगों के अपरिष्कृत दृष्टिकोण से मेल खाता है जिन्होंने राष्ट्रीय एजेंडे को तोड़-मरोड़ कर पेश किया है, राजनीतिक विमर्श को बदल दिया है और अब जो लोग सभी प्रकार के कनेक्शन खींचकर फिल्म का बहिष्कार करने के बेताब आह्वान के साथ सामने आए हैं- सनातन धर्म पर टिप्पणी के वर्तमान विवाद से लेकर शाहरुख खान की हालिया तिरुपति मंदिर की यात्रा तक। हिंदी फिल्म उद्योग एक ऐसी जगह है जहां का चलन, काम की गुणवत्ता और दर्शकों द्वारा स्वीकृति है।

# पीएम के जन्मदिन पर भाजपाइयों ने किये कई कार्यक्रम

## स्वस्थ्य भारत से बनेगा समृद्ध भारत: लवकुश चतुर्वेदी-लोनिवि मंत्री जितिन प्रसाद के साथ जिलाध्यक्ष ने किया पूजन-अर्चन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** देश के यशस्वी प्रधानसेवक नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा ने विभिन्न कार्यक्रम किये। भाजपा के कार्यकताओं ने जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी की अगुवाई में 11 मण्डलों के 124 शक्तिकेंद्रों के देवालयों में पूजन-अर्चन कर प्रधानमंत्री मोदी के आरोग्य एवं दीघार्यु की कामना की। रविवार को भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी व लोनिवि मंत्री जितिन प्रसाद ने कामतानाथ के दर्शन-पूजन कर मंगल कामना की। जिलाध्यक्ष की अगुवाई में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, डीसीबी चेयरमैन पंकज अग्रवाल, पूर्व सांसद भैरोप्रसाद मिश्र, ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी, पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे, जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय, नगर संयोजक रवि गुप्ता ने कार्यकताओं के साथ कर्वी तहसील परिसर के शिवालय में अभिषेक व हवन करके मोदी की दीघार्यु की कामना की। शक्तिकेंद्रों पर पूजन-अर्चन के बाद कार्यकताओं ने हस्तशिल्प से जुड़े लोगों के साथ हस्तशिल्प को निर्मित यशोभूमि के लोकार्पण एवं हस्तशिल्पियों के सर्वांगीण विकास को पीएम विश्वकर्मा योजना के शुभारंभ के ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनते हुए जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी की अध्यक्षता एवं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सुधीर सिंह के मुख्य आतिथ्य में पूर्व राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, डीसीबी चेयरमैन पंकज अग्रवाल आदि ने प्रधानमंत्री मोदी के वर्चुअल सम्बोधन सुने। प्रधानमंत्री के वर्चुअल संबोधन के बाद ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ताओ ने बाइक रैली निकाली। बाइक रैली शहर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सुधीर सिंह एवं जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने प्रेस वार्ता में कहा कि जनता तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाएगी। अभियानों से मतदाता से सतत सम्पर्क कर घर-घर भाजपा का विस्तार सुनिश्चित कर रहे हैं। गांव-गांव तक विकास के कार्य हुए हैं। घर-घर तक लोककल्याण की योजनाओं का लाभ पहुंचा है। मोदी की अगुवाई में गरीब कल्याण भाजपा सरकारों की पहचान बन गया है। गरीब के सपनों को भाजपा सरकारें पूरा कर रही हैं। युवाओं के संकल्प बल को भाजपा सरकार बढावा दे रही है। पीएम विश्वकर्मा योजना से मोची, लोहार, बढ़ई, नाई, सिलाई-कढाई, धोबी, स्वर्णकार, मैकेनिक, राजमिस्त्री आदि का जीवन बदलने वाला है।





हस्तशिल्प उद्योग को विश्व बाजार पर पकड़ बनाने को संकल्पबद्ध हैं। जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि भाजपा सरकारें सभी वर्गों के लोगो को लाभान्वित कर रही है। बूथ से लेकर जिला पदाधिकारी तक और सभी जनप्रतिनिधि मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाडे. में सहभागिता कर रहे हैं। 18 सितंबर को युवा मोर्चा 73 यूनिट रक्तदान करते हुए 1100 रक्तदाताओं के संकल्प पत्र तैयार करेगी। 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक आयुष्मान कार्ड बटेंगे। जिले के सभी गांवों में पात्रों के आयुष्मान कार्ड घर तक पहुंचाये जायेंगे। 23-24 सितंबर को नि:शुल्क जांच शिविर लगेगा। 24 सितंबर को 850 बूथों पर प्रधानमंत्री के मन की बात सभी गांवों में सुनी जायेगी। 25 सितंबर को अजातशत्रु पं दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर 124 शक्तिकेंद्रों पर पुष्पांजलि देने के कार्यक्रम होंगे। प्रेसवार्ता संचालन जिला मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी ने किया। इसके पूर्व जिला महामंत्री तीरथ तिवारी, जिला उपाध्यक्ष ब्रजेश पाण्डेय, हरिओम करवरिया, अंजू वर्मा, महेन्द्र कोटार्य, विपुल सिंह, सुरेश अनुरागी अखिलेश, राघव अग्रवाल, लवलेश, सुशील द्विवेदी, ओमप्रकाश, रमाकांत, विनोद, आशीष, सच्चिदानंद, अरविन्द रलिहा, संजय पाण्डेय, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, आनन्द प्रताप सिंह पटेल आदि मौजूद रहे।

## सर्पदंश से बालिका की मृत्यु , देशी इलाज से नहीं हुआ लाभ, अस्पताल ले जाते हुई मृत्यु

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** शिवरामपुर पुलिस चैकी क्षेत्र में 13 वर्षीय बालिका अर्चना की सर्पदंश से मृत्यु हो गई। परिजनों में कोहराम मचा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।

ये हादसा शनिवार की रात हुआ। बताया गया कि अर्चना रात में भोजन कर सोने चली गई थी। बिस्तर में सर्प ने उसे डस लिया। अर्चना ने पिता राजकरण को जानकारी दी। पिता ने झाड़फूंक करने वाले देशी वैद्य आनन्द के पास ले गए, उसे आराम नहीं मिला।

पिता ने बताया कि रात एक बजे सर्प ने बेटी को डसा है। गांव के आसपास देशी दवा कराई है। हालात सही न होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवरामपुर में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने गंभीर दशा के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचते ही अर्चना ने दम तोड़ दिया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अर्चना गांव के स्कूल में कक्षा आठ में पढती थी।

## कर्ज से परेशान युवक ने की आत्महत्या, मजदूरी कर चला रहा था परिवार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कर्ज से परेशान एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फांसी के फंदे में लटके वीरेंद्र को देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने युवक को फांसी के फंदे से उतारकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊ ले गई। डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

आत्महत्या की ये घटना मऊ थाना क्षेत्र के भैंसवार गांव में शनिवार की रात हुई। बताया गया कि गांव के वीरेंद्र कुमार पुत्र राम निरंजन ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वीरेंद्र के छोटे भाई शंकरदयाल ने बताया कि वह बाहर मजदूरी करता था। उसी से परिवार का भरण-पोषण होता था। वीरेंद्र ने गांव के कई लोगों से कर्ज ले रखा था। आए दिन कर्जदार उससे तकादा करते थे। इससे परेशान वीरेन्द्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वीरेंद्र के एक पुत्र व दो पुत्री हैं। इस बाबत मऊ क्षेत्राधिकारी राजकमल ने बताया कि युवक के फांसी लगाकर आत्महत्या करने बाबत परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी है। शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम को मर्चरी भेजा गया है।

## डेढ़ साल में मान ने पंजाब के साथ सिर्फ वादा खिलाफी और बेवफाई की : शेरगिल

**चंडीगढ़। चरमराती का**नून-व्यवस्था, टूटे हुए वादे, बड़े स्तर पर नशे की समस्या, बढ़ता वीआईपी कल्चर और पंजाब के संसाधनों की बबार्दी, पंजाब में आप सरकार के पिछले डेढ़ साल के कार्यकाल का निचोड़ पेश करती है। यह शब्द भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता जयवीर शेरगिल ने कहे, जिन्होने मान सरकार के कार्यकाल के डेढ़ साल पूरे करने पर आप सरकार पर 'असंवैधानिक' तरीके से 'तानाशाही' के तौर पर काम करने आरोप लगाया है।

यहां जारी एक बयान में शेरगिल ने कहा कि जहां तक पंजाब में अपराध की बात है, स्थिति दयनीय है। दिनदहाड़े हत्या, जबरन वसूली, लूट और गैंगवार की खबरें एक दिनचर्या बन गई हैं और आम आदमी अपने जीवन और संपत्ति के लिए निरंतर भय में जी रहा है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक साल से अधिक समय के बाद भी सिद्धू मूसेवाला के पिता न्याय की गुहार लगा रहे हैं।

शेरगिल ने टूटे वादों के मुद्दे पर प्रकाश डालते हुए, मान से स्पष्टीकरण मांगा ही कि उनकी सरकार 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाली सभी महिलाओं को 1,000 रुपये प्रति माह देने के अपने वादे को पूरा क्यों नहीं कर पाई है।

## मोदी के जन्मदिन पर परिक्रमा मार्ग में चला स्वच्छता अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कामदगिरि स्वच्छता समिति के 86वें अभियान में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर समिति ने स्वच्छता अभियान चलाया। कामदगिरि परिक्रमा मार्ग में स्वच्छता अभियान में ईओ नगर पालिका लालजी यादव ने कहा कि स्वच्छता मनुष्य के जीवन में एक अच्छी आदत है। जीवन की गुणवत्ता को स्वच्छता बढ़ाती है।

रविवार को कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष/ब्रांड एम्बेसडर नगर पालिका राकेश केसरवानी ने कहा कि स्वच्छता मनुष्य के जीवन में अहम है। स्वच्छ मनुष्य ही स्वच्छ समाज की नींव रख सकता है। सभी मिलकर कामतानाथ पर्वत में परिक्रमा मार्ग को स्वच्छ रखने में अमूल्य सहयोग दें। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने कहा कि स्वस्थ्य जीवनशैली सभी को अपनानी चाहिए। आज के अभियान में जितेंद्र केसरवानी, कृष्णा शुक्ला, शुभम केसरवानी, राजेंद्र त्रिपाठी, विनोद कुमार, वीरेंद्र कुमार, जानकी कुशवाहा, मिथलेश कुमार, रवि कुमार, दिनेश आदि ने सहयोग किया।



## भरतकूप पुलिस ने पांच पेटी देशी शराब समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द की अगुवाई में दरोगा यदुवीर सिंह की टीम ने क्षेत्र भ्रमण दौरान रम्पुरवा पुलिया के पास से विष्णु गर्ग पुत्र स्व श्यामलाल निवासी तरौंहा कोतवाली कर्वी के कब्जे से 225 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। बरामदगी पर थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा यदुवीर सिंह, सिपाही लवलेश यादव, सतीश यादव, विकास व अंकित राजपूत शामिल रहे।




## पुलिस ने तमंचा समेत एक दबोचा




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर वीर प्रताप सिंह की अगुवाई में दरोगा अशोक सिंह की टीम ने मारपीट के वारंटी लालमन पुत्र लालता कोल निवासी गिदुरहा को एक तमंचा व कारतूस समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा अशोक सिंह, सिपाही शाकीर अली शामिल रहे।

# गांव-गांव पात्रों के बनेंगे आयुष्मान कार्ड: सीडीओ

## कार्ड से पांच लाख तक के इलाज में मिलेगी सुविधा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मुख्य विकास अधिकारी सुश्री अमृतपाल कौर ने कहा कि भारत सरकार की महत्वाकांक्षी आयुष्मान भवः योजना 17 सितम्बर से दो अक्टूबर तक सेवा पखवाडे के रुप में मनाई जायेगी। गांव-गांव लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाये जायेंगे। इससे लोगों को इलाज में सुविधा मिलेगी।

रविवार को विकास भवन सभागार में सीडीओ अमृतपाल कौर पत्रकारों से रुबरु हुईं। उन्होंने कहा कि अभियान का शुभारम्भ 13 सितम्बर को राष्ट्रपति कर चुके हैं। इसका सजीव प्रसारण सभी चिकित्सा इकाइयों व गांव स्तर पर हेल्थ एंड वेलनेश सेन्टर पर हुआ है। स्वच्छ भारत अभियान के तहत कायाकल्प के निदेर्शों का मूल्यांकन कर साफ-सफाई, रंगाई-पुताई, दीवार लेखन से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। गांव स्तर पर स्वच्छता एवं पोषण समिति व महिला आरोग्य समिति से गतिविधियों का संचालन कराया जायेगा। सीडीओ ने बताया कि आयुष्मान आपके द्वार थ्री के तहत प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना के तहत पूरे पखवाडे में विशेष अभियान चलाकर पात्रों के आयुष्मान कार्ड बनाये जायेंगे। इससे आम जनता को पांच लाख रुपये तक का चिकित्सकीय लाभ मिलेगा। संचारी एवं गैर संचारी बीमारियों के मद्देनजर सभी मरीजों की पहचान की जायेगी। प्रत्येक हेल्थ एंड वेलनेश सेन्टर पर प्रत्येक शनिवार को आयुष्मान मेला लगेगा। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रत्येक रविवार को आयुष्मान मेला लगेगा। शासन की मंशानुसार साप्ताहिक मेले में लोगों की जांच की जायेगी। दो अक्टूबर को प्रत्येक गांव में सभा में स्वास्थ्य विभाग के कर्मी हिस्सा लेंगे।




इस मौके पर मौजूद सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि 17 सितम्बर को मानिकपुर, 21 सितम्बर को मऊ, 22 को रामनगर, 23 सितम्बर को शिवरामपुर, 26 सितम्बर को पहाडी व एक अक्टूबर को रक्तदान शिविर लगाया जायेगा। अंगदान करने वाले लाभार्थियों का पोर्टल पर पंजीयन कर प्रमाण पत्र दिये जायेंगे। जिला एवं ब्लाक स्तर पर 21 सितम्बर को साइकिल रैली निकाली जायेगी।

## मुंबई की जलती हुई इमारत से 60 लोगों को बचाया

**मुंबई। कुर्ला** की एक इमारत में आधी रात के बाद आग लगने के बाद कम से कम लोगों को बचाया गया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

कुर्ला पश्चिम में 12 मंजिला एसआरए बिल्डिंग नंबर 7 में देर रात करीब 12.15 बजे आग लगने की सूचना मिली।

आग बिजली के प्रतिष्ठानों, तारों और कुछ स्क्रैप में लग गई और बिजली के नलिकाओं के माध्यम से जमीन से 12वीं मंजिल तक फैल गई, इससे ऊपरी मंजिलों पर रहने वाले अधिकांश निवासी फंस गए।

सूचना मिलने पर पहुंची मुंबई फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पा लिया, दूसरी टीम इमारत में रहने वालों को बचाने में जुट गई।

विभिन्न मंजिलों पर धुएं में फंसे 60 लोगों को दमकलकर्मियों ने सीढ़ियों के जरिए बाहर निकाला। इनमें से 43 लोग दम घुटने और सांस लेने की समस्या से प्रभावित थे और उन्हें इलाज के लिए विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। बीएमसी आपदा नियंत्रण ने कहा कि बाद में आग बुझा दी गई और शीतलन अभियान जारी है।

## तीन के कब्जे से 55 क्वार्टर-15 लीटर महुआ शराब बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने तीन के कब्जे से 55 क्वार्टर देशी शराब व 15 लीटर महुआ शराब बरामद की है।



रविवार को कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में चैकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग प्रवीण सिंह ने सिपाही रवीन्द्र कुमार व आशीष कुमार के साथ कल्लू पुत्र जौहरी रैदास निवासी मैनहाई माफी के कब्जे से 35 पाउच देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर वीर प्रताप सिंह की अगुवाई में दरोगा अरविन्द कुमार पाण्डेय ने सिपाही रोहित यादव व चन्द्रभूषण राय के साथ सुनील कोल पुत्र दद्दू कोल निवासी रम्पुरिया के कब्जे से 15 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ अंजनी कुमार सिंह की अगुवाई में दरोगा राजेश कुमार यादव ने सिपाही मनीष यादव व राहुल यादव के साथ कृष्णकुमार साहू उर्फ लाल पुत्र बृजबिहारी निवासी रीमारी थाना पनवार जिला रीवा मप्र के कब्जे से बीस क्वार्टर मस्तीहू शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ भी थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

## मऊ बसअड्डे की स्ट्रीट लाइटें बनीं शोपीस

### जिम्मेदारों की लापरवाही की बानगी

अखंड भारत संदेश

मऊ/चित्रकूट। नगर पंचायत मऊ के मध्य से गुजरे झांसी-मिजार्पुर राष्ट्रीय राजमार्ग में लगी स्ट्रीट लाइटें शोपीस बन गई हैं। अब तक स्ट्रीट लाइटें जल नहीं सकीं। वह किसी म्यूजियम में पुरातत्व सामग्री की भांति लगी हैं, जिन्हें सिर्फ देखकर ही लोग संतोष कर रहे हैं। सवाल है कि सरकार ने नेशनल हाइवे के विकास पर भारी धनराशि खर्च की है, लेकिन जिम्मेदार लोग विकास की बत्ती गुल किये हैं।

रविवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर शोपीस बनी स्ट्रीट लाइटें दिन को तो नगर पंचायत मऊ के बसअड्डे की शान बढ़ाती हैं, लेकिन शाम ढलते ही बुझी शक्ल से जिम्मेदार लोगों की लापरवाही की बानगी बयां करती हैं। लोग कहते हैं कि संबंधित विभाग में कई बार शिकायत की गई है, हाल जस के तस हैं। इस बाबत लोग कहते हैं कि स्ट्रीट लाइटों के न जलने से नगर पंचायत मऊ बसअड्डे में अंधेरा रहता है। आवागमन में लोगों समेत व्यापारी वर्ग भी अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। अंधेरा रहने से हादसों की आशंका बनी है। लोगों ने बताया कि संबंधित विभाग को अवगत कराया जा चुका है, समस्या समाधान को कोई रुचि नहीं ले रहा। क्षेत्र के प्रबुद्ध वर्ग समेत व्यापारियों ने सरकार से मांग की है कि जल्द स्ट्रीट लाइटों को जलवाया जाए, ताकि नगर पंचायत मऊ बसअड्डे में प्रकाश हो सके। बसअड्डे में रौनक होने से कस्बावासियों को भी सुकून महसूस होगा। मऊ क्षेत्र के सवर्ण आर्मी संगठन मंत्री संदीप द्विवेदी, प्रशांत तिवारी, सुदेश श्रीवास्तव, राहुल श्रीवास्तव, नरेंद्र खरे, श्रेयांस वाजपेयी (बेटू), अजय राज त्रिपाठी, प्रकाश शुक्ला, राजा शुक्ला समेत क्षेत्र के सभी लोगों ने जल्द स्ट्रीट लाइट जलवाने की मांग की है।






## स्वास्थ्य विभाग बीमार, सीएमओ मजबूर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय समेत पहाड़ी, राजापुर, मानिकपुर, मऊ, शिवरामपुर आदि गांवों में बने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी व डॉक्टर समय से नहीं पहुंचते। सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी इस मामले को बेहद हल्के में लेते हैं। उन्होंने कहा कि वह क्या करें।

स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की मनमानी का खुलासा रविवार को हुआ। बताया गया कि स्वास्थ्य कर्मी सरकार की मंशा पर पानी फेर रहे हैं। ज्यादातर स्वास्थ्य कर्मी व डॉक्टर पहले अपने प्राइवेट अस्पताल, मेडिकल, पैथोलॉजी में पहुंचते हैं। उसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जाते हैं।

मरीजों ने बताया कि सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य कर्मी इलाज नहीं करते। उन्हें अपने प्राइवेट अस्पताल व मेडिकल पैथोलॉजी में बुलाते हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी को भी ऐसे मामलों की जानकारी है। इस बाबत सीएमओ ने मामले को काफी हल्के में लिया। उन्होंने कहा कि डॉक्टर नहीं आते तो वे क्या कर सकते हैं। इससे जाहिर है कि सीएमओ की भी स्वास्थ्य कर्मियों से मिलीभगत है। जिले में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए सरकार से भारी भरकम बजट मिलता है। इसके बाद भी स्वास्थ्य केन्द्रों में लाइट-पानी आदि सुविधाओं का अभाव रहता है। आखिर ये बजट कहां जाता है। लोगों ने आशंका जताई कि सरकार का बजट कमीशनखोरी की भेंट चढ़ जाता है। स्वास्थ्य विभाग खुद में बीमार प्रतीत हो रहा है।

## अनंत चतुर्दशी के महाप्रसाद को लेकर समिति की बैठक आहूत

**चित्तौड़गढ़ । चित्तौड़** महोत्सव समिति की ओर से शहर में अनंत चतुर्दशी के अवसर पर होने वाले महाप्रसाद वितरण की तैयारी हेतु एक बैठक श्रीनाथ गार्डन में आयोजित की गई इसमें 50000 लोगों के भोजन की व्यवस्था करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है।

## अमेरिका-कनाडाः चक्रवाती तूफान 'ली' का कहर, हजारों घरों की बिजली गुल; एक व्यक्ति की मौत

**नई दिल्ली।** खबर के मुताबिक, अमेरिका के मैसाचुसेट्स और मेन के कुछ हिस्सों में गंभीर मौसम की स्थिति का पूर्वानुमान लगाया गया था। अधिकारियों ने बताया कि मेन से नोवा स्कोटिया में हजारों उपभोक्ता वर्तमान में बिजली के बिना हैं। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, बाइडन प्रशासन ने मेन के लिए एक आपातकालीन घोषणा जारी की और राज्य के लिए संघीय सहायता प्रदान की है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव केरिन जीन पियरे ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'हम इस बड़े और खतरनाक तूफान के रास्ते में आने वाले सभी लोगों को सतर्क रहने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।' अमेरिका के राष्ट्रीय तूफान केंद्र (एनएचसी) के मुताबिक, तटीय बाढ़ और भारी बारिश के साथ 130 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाओं ने अमेरिका और अटलांटिक कनाडा में न्यू इंग्लैंड क्षेत्र के कुछ हिस्सों में सामान्य जीवन को प्रभावित किया।

कनाडाई तूफान केंद्र ने तूफान 'ली' के नोवा स्कोटिया में दोपहर 3 बजे (कनाडाई समय) के बाद न्यू ब्रंसविक में तेज हवाओं के साथ तूफान दस्तक देने की भविष्यवाणी की है। राष्ट्रीय मौसम सेवा के मौसम विज्ञानी लुईस फोडे ने कहा कि तटीय मेन के कुछ हिस्सों में 4.5 मीटर ऊंची लहरें उठ सकती हैं, जिससे कटाव और नुकसान हो सकता है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि हवा के तेज झोंके बिजली कटौती का कारण बन सकते हैं। ताजा जानकारी के मुताबिक, चक्रवाती तूफान ली ने 110 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से कनाडा में दस्तक दी है। भारी मात्रा में तबाही मचाई है। तूफान से नोवा स्कोटिया में नुकसान पहुंचा। एक व्यक्ति की मौत भी हो गई।

## महसा अमिनी की बरसीः ईरान पुलिस ने पिता अमजद को हिरासत में लिया, पिछले साल हिरासत में हुई थी युवती की मौत

**तेहरान।** सख्त हिजाब नियमों के खिलाफ आवाज उठाने वाली प्रगतिशील युवती महसा अमीनी की मौत की पहली बरसी के मौके पर अधिकारियों ने उनके पिता को हिरासत में ले लिया। सीएनएन ने ईरानी पत्रकारों और अधिकार समूह के हवाले से यह जानकारी दी।

ईरान की कुख्यात नैतिकता पुलिस ने कुर्द-ईरानी युवती अमीनी (22 वर्षीय) को हिरासत में लिया था। जिसके बाद उसकी हिरासत में मौत हो गई थी। अमीनी ने कथित तौर पर अपना हेड स्कार्फ ठीक नहीं पहना हुआ था, जिसके बाद उसे 'री-एजुकेशन सेंटर' ले जाया गया था। एक ईरानी पत्रकार के मुताबिक, अमीनी के पिता अमजद को उनकी बेटी की मौत के बाद हाल के महीनों में सुरक्षा अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से तलब किया गया। आज उन्हें कुछ घंटों के लिए हिरासत में लिया गया। सीएनएन ने ईरानवायर के हवाले से बताया कि अमिनी का परिवार उनकी मौत के एक साल पूरे होने की पूर्व संध्या पर पश्चिमी कुर्द शहर सक्केज में पुण्यतिथि के आयोजन के लिए पहुंचा था। हालांकि, उस दिन के बाद अमजद को उनके बेटे के साथ अधिकारियों ने तीन से चार घंटे तक हिरासत में रखा। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमजद के बेटे को चेतावनी दी गई थी कि अगर उसने लोगों को अमिनी की पुण्यतिथि समारोहों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया तो उसे एक दूरदराज के गांव में निर्वासित कर दिया जाएगा। हालांकि, ईरानी अधिकारियों ने अमजद को हिरासत में लिए जाने की खबरों का खंडन किया है। सीएनएन के मुताबिक, ईरान के स्थानीय मीडिया आउटलेट आईआरएनए ने टेलीग्राम पोस्ट में इन खबरों को गलत बताया है। उनके परिवार के एक सदस्य और ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट रिपोर्टों के मुताबिक, इससे पहले अमिनी के चाचा सदा एली को ईरानी अधिकारियों ने पकड़ लिया था।

## नेपाल सरकार सीमा प्रबंधन के लिए भारत के साथ अतिरिक्त संधियों पर हस्ताक्षर करे : शीर्ष अदालत

**काठमांडू।** नेपाल के उच्चतम न्यायालय ने सरकार से सीमा प्रबंधन और नियमन के लिए भारत के साथ अतिरिक्त संधियों पर हस्ताक्षर करने को कहा है। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि आपराधिक गतिविधियों को रोकने और दोनों पड़ोसी देशों के बीच खुली सीमा का प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए समानता और पारस्परिक हितों के आधार पर, यदि आवश्यक हो, तो भारत के साथ अतिरिक्त संधियों और समझौतों पर हस्ताक्षर करें। उच्चतम न्यायालय ने यह फैसला वकील चंद्रकांत ग्यावली और सीमा मामलों के विशेषज्ञ बुद्धि नारायण श्रेष्ठ और अन्य द्वारा दायर याचिका के जवाब में दिया।न्यायमूर्ति प्रकाश मान सिंह राउत और न्यायमूर्ति पुरूषोत्तम भंडारी की पीठ ने प्रधानमंत्री कार्यालय और मंत्रिपरिषद, संघीय संसद सचिवालय, विदेश मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, गृह मंत्रालय सहित अन्य के नाम पर आदेश जारी किया। याचिकाकर्ताओं में से एक श्रेष्ठ ने आदेश के हवाले से कहा, ''क्योंकि नेपाल और भारत के बीच खुली सीमा का अवांछित तत्वों द्वारा अक्सर दुरुपयोग किया गया है, इसलिए इसे ड्रोन और सीसीटीवी जैसी नवीनतम तकनीकों का इस्तेमाल करके सुरक्षा एजेंसियों द्वारा इसे विनियमित किया जाना चाहिए।''

## नेपाल के पूर्व-पश्चिम राजमार्ग पर लैंडमाइन विस्फोट से दहशत, यातायात अवरुद्ध

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व-पश्चिम राजमार्ग पर हुए लैंडमाइन विस्फोट से इलाके में ना सिर्फ दहशत का माहौल है बल्कि सड़क क्षतिग्रस्त होने से यातायात भी बाधित हो गया है। हालांकि विस्फोट के कारण जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

स्थानीय पुलिस को रविवार सुबह राजमार्ग पर अचानक विस्फोट होने की खबर मिली। पूर्व-पश्चिम राजमार्ग के बांके जिला खंड पर राप्ती सोनारी गांव के पास तेज आवाज के साथ विस्फोट की खबर मिलते ही नेपाली सेना का बम निरोधक दस्ता और पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची। सेना ने प्रारंभिक जांच के बाद बताया कि यह लैंडमाइन विस्फोट है जो करीब एक दशक पहले माओवादियों ने संघर्षकाल के दौरान जगह-जगह छिपाया हुआ था। जहां विस्फोट हुआ है वहां राजमार्ग का आधा से अधिक




हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। पुलिस ने एहतियात के तौर पर यातायात को रोक दिया है। डीएसपी नारायण डांगी ने बताया कि दस-बारह साल पहले बिछाए गए लैंडमाइन के विस्फोट होने के बाद सुरक्षा की दृष्टि से आसपास सेना के बम निरोधक दस्ते से जांच करवाई जा रही है। जांच के बाद यातायात को एकतरफा संचालित किया जाएगा क्योंकि विस्फोट के कारण सड़क क्षतिग्रस्त हो चुकी है।

## कुख्यात ड्रग माफिया एल चापो का बेटा मेक्सिको से अमेरिका प्रत्यर्पित

**वाशिंगटन।** मेक्सिको के कुख्यात ड्रग माफिया जोक्विन एल चापो गुजमैन के पुत्र ओविडियो गुजमैन लोपेज (33) को मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में अमेरिका प्रत्यर्पित किया गया। अटॉर्नी जनरल मेरिक बी. गारलैंड ने यह घोषणा की।

गारलैंड के बयान के हवाले से मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि गुजमैन का प्रत्यर्पण अमेरिका और मेक्सिको के कानून प्रवर्तन सहयोग का परिणाम है। गुजमैन को शिकागो ले जाया गया है। उम्मीद है कि उसे 18 सितंबर को अदालत में पेश किया जाएगा।

गुजमैन को जनवरी में मेक्सिको के सिनालोआ राज्य के कुलियाकन में गिरफ्तार किया था। अमेरिका मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में उसके प्रत्यर्पण की मांग कर रहा था। गुजमैन को इससे पहले अक्टूबर 2019 में गिरफ्तार किया गया था। तब तत्कालीन राष्ट्रपति के



आदेश पर रिहा कर दिया गया था। इसके बाद वह भूमिगत हो गया था। सिनालोआ राज्य दुनिया के सबसे शक्तिशाली मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले संगठनों की पनाहगाह है। इन संगठनों का सरगना जोक्विन एल चापो गुजमैन है।ओविडियो गुजमैन लोपेज का प्रत्यर्पण बुधवार को जोक्विन एल चापो गुजमैन की पत्नी एम्मा कोरोनेल ऐसपुरो की अमेरिकी जेल से रिहाई के बाद हुआ। एम्मा मादक पदार्थों की तस्करी और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में लगभग दो साल की सजा काट चुकी है।

# नेपाल–चीन के बीच दर्जन भर समझौते की तैयारी, प्रधानमंत्री प्रचण्ड अमेरिका यात्रा पर रवाना

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड बीती शाम न्यूयॉर्क के लिए रवाना हुए हैं। वे न्यूयॉर्क में होने वाले संयुक्त राष्ट्र महासभा में शामिल होंगे। जिसके बाद वे 23 सितम्बर से 27 सितम्बर तक चीन का दौरा करेंगे। इस दौरान नेपाल और चीन के बीच करीब दर्जन भर समझौते की तैयारी है। 23 सितंबर से चीन की आधिकारिक यात्रा पर जा रहे प्रचण्ड सबसे पहले न्यूयॉर्क से सीधे हैंगजाउ में होने वाले एशियाई खेलों के उद्घाटन समारोह में सम्मिलित होंगे। वहां प्रधानमंत्री प्रचण्ड की मुलाकात चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से होने वाली है। हालांकि यह महज शिष्टाचार मुलाकात होगी। 24 सितम्बर को प्रचण्ड वहां से सीधे बीजिंग के लिए रवाना होंगे।

बीजिंग में प्रचण्ड चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग से द्विपक्षीय बैठक करने वाले हैं। दोनों देशों के प्रधानमंत्री के बीच कई अहम मुद्दों पर चर्चा होगी जिनमें चीन की तरफ से नेपाल पर बेल्ट एंड रोड प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन के लिए दबाव दिया जाएगा। नेपाल की



तरफ से चीन के सामने एक दर्जन परियोजनाओं का प्रस्ताव रखा होगा जिस पर दोनों देशों के बीच हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री प्रचण्ड के मुख्य राजनीतिक सलाहकार रहे हरिबोल गजुरेल ने बताया कि विदेश रवाना होने से पहले कैबिनेट बैठक से एक दर्जन समझौते पर हस्ताक्षर को मंजूरी दी गई है। गजुरेल के मुताबिक चीन के साथ क्रॉस बॉर्डर ट्रांसमिशन लाईन, एग्रीकल्चर पार्क, सुरंग मार्ग, शिक्षा तकनीक, औद्योगिक पार्क, सांस्कृतिक सहयोग, उत्तर दक्षिण कॉरिडोर, व्यापार, वाणिज्य, सीमा सुचारू, भौतिक पूर्वाधार व पर्यटन संबंधी समझौता करने की तैयारी की गई है। सलाहकार गजुरेल ने बताया कि बीआरआई को लेकर देश में सहमति नहीं बन पाई है फिर भी देशहित में करने वाले सभी समझौते किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भारत के तरह चीन के साथ भी विद्युत व्यापार समझौता का प्रस्ताव भेजा गया है। क्रॉसबॉर्डर ट्रांसमिशन लाइन पर दोनों देशों के बीच समझदारी पत्र पर हस्ताक्षर होना तय है। प्रधानमंत्री ने विदेश रवाना होने से पहले पोखरा एयरपोर्ट और भैरहवा एयरपोर्ट संचालन को लेकर भी चीन से बातचीत कर कोई साझेदारी करने का संकेत किया था। चीन भ्रमण पर दो अन्य मंत्री भी जाने वाले हैं जिनमें भौतिक पूर्वाधार मंत्री प्रकाश ज्वाला और मंत्री महेन्द्र यादव का नाम शामिल

## पुलिस की कार से टकराकर जान गंवानी वाली जाह्नवी को इंसाफ दिलाने के लिए जुटे लोग, की ये मांग

**वाशिंगटन।** भारतीय छात्रा जाह्नवी कंडुला की हत्या के लिए संवेदनशीलता, सम्मान और जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों के लिए जेल की मांग करते हुए दक्षिण एशियाई समुदाय के 100 से अधिक सदस्यों ने उस स्थान पर रैली निकाली, जहां तेज गति से आ रही पुलिस गश्ती कार ने उसे टक्कर मार दी थी जिससे उनकी मौत हो गई थी। 23 वर्षीय कंडुला को 23 जनवरी को अधिकारी केविन डेव की ओर से चलाए जा रहे एक पुलिस वाहन ने टक्कर मार दी थी, जब वह एक सड़क पार कर रही थी। पुलिस वाहन ड्रग ओवरडोज कॉल की रिपोर्ट के बाद रास्ते में 74 मील प्रति घंटे (119 किमी प्रति घंटे से अधिक) गति से चल रहा था। सिएटल पुलिस विभाग द्वारा सोमवार को जारी बॉडीकैम फुटेज




में, अधिकारी डैनियल ऑडरर ने घातक दुर्घटना के बारे में हंसते हुए टिप्पणी की थी। इस मामले में उनकी गलती थी या नहीं इसकी जांच की जाएगी। सिएटल क्षेत्र के दक्षिण एशियाई समुदाय के 100 से अधिक सदस्य डेनी पार्क में एकत्र हुए और उस चौराहे पर पहुंचे जहां कंडुला को मारा गया था। उनके हाथों में पोस्टर थे, जिन पर लिखा था, 'जाह्नवी का सिएटल पुलिस विभाग से ज्यादा महत्व था' और जाह्नवी को न्याय मिले, किलर पुलिसकर्मी को जेल हो। रैली को उत्सव की ओर से आयोजित किया गया था। बोथेल में स्थित एक संगठन जो दक्षिण एशियाई लोगों को उनके समुदायों से जोड़ने में मदद करता है।

डी-बेलेव्यू की प्रतिनिधि वंदना स्लेटर ने भीड़ से कहा, 'हम भारतीय समुदाय के लोग एक मोनोलिथ नहीं हैं। समुदाय में प्रवासी हैं, लेकिन हम सभी आज एकजुट हैं।' बता दें कि दुर्घटना के वीडियो में अधिकारी की टिप्पणियों पर अंतरराष्ट्रीय आक्रोश पैदा हो गया है। शनिवार को, रैली में भाग लेने वालों ने बताया कि कंडुला का जीवन मूल्यवान था। अपने तीन साल के बेटे को लेकर आई शिफाली जामवाल ने कहा कि कंडुला स्नातकोत्तर की छात्रा थी और अपने बेहतर भविष्य के लिए अमेरिका आई थी। जामवाल ने कहा, मैं केवल कल्पना कर सकती हूं कि जाह्नवी की मां पर क्या बीत रही होगी।'

## पाकिस्तानः अंतरिम प्रधानमंत्री काकर बोले- सीमाओं पर स्थिति चिंताजनक, लेकिन आम चुनाव पर नहीं पड़ेगा असर

**इस्लामाबाद** ।कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर उल हक काकर ने कहा कि पाकिस्तान की सीमाओं की स्थिति चिंताजनक है, लेकिन इससे देश में आम चुनाव कराने में बाधा नहीं आएगी। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब ईसीपी द्वारा चुनाव की तारीख की तत्काल घोषणा करने की विभिन्न तबकों में मांग बढ़ रही है। पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने पहले ही कहा है कि नौ अगस्त को नेशनल असेंबली के भंग होने के बाद चुनाव संवैधानिक रूप से अनिवार्य नब्बे दिन की अवधि से आगे बढ़ा दिए जाएंगे। ईसीपी ने नई जनगणना के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों का नए सिरे से परिसीमन करने का फैसला किया, जिससे आम चुनावों में देरी हुई। राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने चुनाव के लिए संवैधानिक रूप से अनिवार्य समय सीमा का हवाला देते हुए ईसीपी को छह नवंबर तक आम चुनाव कराने का प्रस्ताव दिया है। काकर ने पुष्टि की कि यह सुनिश्चित करने के लिए उपाय किए जाएंगे कि चुनाव प्रक्रिया बिना किसी व्यवधान के सुचारू रूप से आगे बढ़े। उन्होंने देश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बनाए रखने की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, 'मुझे फिलहाल ऐसी कोई संभावना नजर नहीं आती। हालांकि, हमारे पश्चिमी और पूर्वी सीमाओं पर एक खतरनाक स्थिति है जिसमें सुरक्षा खतरे और आवश्यक प्रतिक्रिया तंत्र को बढ़ाया जा रहा है। हमें भरोसा है कि हम स्थिति को नियंत्रित करेंगे और उसी समय चुनावी प्रक्रिया को पूरा करेंगे।' पाकिस्तान पूर्व में भारत और पश्चिम में ईरान से घिरा हुआ है। काकर ने दोहराया कि अंतरिम व्यवस्था चुनाव के लिए वित्तीय संसाधन और सुरक्षा मुहैया कराने में ईसीपी की मदद करने के लिए तैयार है।

## लापरवाही, उपेक्षा, भ्रष्टाचार से तबाही; समुद्र तटों पर तैरती लाशें और लीबिया में ऐसे चल रहा राहत अभियान

**नोएडा।** लीबिया में आई भीषण बाढ़ के बाद और लोगों के जीवित बचने की उम्मीदों के कम होने के बावजूद अंतरराष्ट्रीय सहायता की खेप शनिवार को लीबिया पहुंचने लगी। तूफान के कारण हुई मूसलधार बारिश के दबाव में दो बांधों के टूटने से बंदरगाह शहर डेरना जलमग्न हो गया और हजारों लोग और घर समुद्र में बह गए। पूर्वी प्रशासन के स्वास्थ्य मंत्री ओथमान अब्देलजलील के अनुसार मृतकों की संख्या 3,166 है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने

**अखंड भारत संदेश**
**स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।**
**सम्पादक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम्**
**RNI No: UPHIN/2001/09025**
**ऑफिस मो.:**
**9565333000**
**Email:-**
**akhandbharatsandesh1@gmail.com**
**सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।**

एएफपी के एक संवाददाता ने सहायता से लदे दो विमानों को डेरना से 300 किलोमीटर पश्चिम में बेनगाजी में उतरते देखा। इतालवी दूतावास ने कहा कि एक जहाज दो हेलीकॉप्टरों, बुलडोजर, टेंट, कंबल और पंपों के साथ कोई जानकारी नहीं है। डेरना से 100 किलोमीटर पश्चिम में स्थित अल-बायदा में लोगों ने सड़कों और घरों को साफ करने का काम किया। मूल रूप से डेरना की रहने वाली अल-बायदा की एक स्वयंसेवी ने कहा कि कई



डेरना पहुंचा था। सऊदी अरब और कुवैत से कई टन सहायता भी पूर्वी क्षेत्र में पहुंच गई है, साथ ही फ्रांस से एक फील्ड अस्पताल भी पहुंचा है बेनगाजी मेडिकल सेंटर के चिकित्सा निदेशक हतेम अल-तवाहनी ने एएफपी को बताया कि डेरना के 15 घायलों का अब वहां इलाज चल रहा है। एक मरीज, ईद कायत अब्देल खलीफ, डेरना में काम कर रहा था जब बाढ़ आई। उन्होंने कहा कि मिस्र में उनके गृहनगर अल-शरीफ के 75 लोग मारे गए। उसने आगे कहा,कुछ ऐसे लोग हैं जो लापता हैं... हमें उनके बारे में लोगों ने उन्हें बाढ़ प्रभावित बंदरगाह शहर में राहत प्रयासों के भ्रम और अराजकता के बारे में बताया था। राहाब श्नाइब ने कहा, मैंने वहां बहुत सारे प्रियजनों को भी खो दिया है।

**डेरना शहर का हर परिवार भीषण बाढ़ से प्रभावित**

डेरना निवासी मोहम्मद अल-दावली ने कहा, इस शहर में, हर एक परिवार प्रभावित हुआ है। सुरक्षा बलों के एक सदस्य सीर मोहम्मद सीर ने कहा कि तीन महीने की एक बच्ची के साथ 1,500 से अधिक परिवारों को बचाया गया है। उसका पूरा परिवार मर गया, वह एकमात्र थी जो बच गई। लीबिया में खराब बुनियादी ढांचे के कारण बाढ़ आई थी, जो 2011 में नाटो समर्थित विद्रोह के बाद उथल-पुथल में डूब गया था, जिसमें लंबे समय से तानाशाह मोमर गद्दाफी की मौत हो गई थी। इस्लामिक रिलीफ एड ऑर्गनाइजेशन ने दूसरे मानवीय संकट की चेतावनी दी है, जो जल जनित बीमारियों के बढ़ते खतरे और भोजन, आश्रय और दवाओं की कमी की ओर इशारा करता है।

लेकिन रेड क्रॉस और डब्ल्यूएचओ ने बताया कि व्यापक धारणा के विपरीत, प्राकृतिक आपदाओं के पीड़ितों के शरीर शायद ही कभी स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा करते हैं। पूर्वी लीबिया की राष्ट्रीय सेना के प्रवक्ता अहमद अल-मेसमारी ने कहा कि बाढ़ से 12 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र ने जरूरतमंदों की सहायता के लिए 71 मिलियन डॉलर से अधिक के मदद की अपील शुरू की है। संयुक्त राष्ट्र सहायता प्रमुख मार्टिन ग्रिफिथ्स ने शुक्रवार को लीबिया के दो प्रतिद्वंद्वी प्रशासनों- त्रिपोली में संयुक्त राष्ट्र समर्थित अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सरकार और आपदा प्रभावित पूर्वी क्षेत्र में स्थित सरकार के बीच समन्वय का आह्वान करते हुए कहा हम समस्या की गंभीरता को नहीं जानते।

**लीबिया में तबाही का कारण लापरवाही, उपेक्षा और भ्रष्टाचार**

पूर्वी सरकार के प्रमुख उस्माना हमाद ने घोषणा की कि शनिवार से नए उपाय लागू किए जाएंगे, जिससे आपदा क्षेत्र से नागरिकों को दूर कर दिया जाएगा। जांच शुरू करने के बाद लीबिया के महाभियोजक अल-सेदिक अल-सुर ने कहा कि आपदा के मूल स्थान पर स्थित दो बांधों में 1998 से दरार आ गई थी। अभियोजक ने कहा कि 2010 में तुर्की की एक कंपनी द्वारा शुरू की गई मरम्मत को कुछ महीनों के बाद निलंबित कर दिया गया था जब 2011 की क्रांति भड़क गई थी, और काम कभी फिर से शुरू नहीं हुआ, अभियोजक ने जिम्मेदार लोगों के साथ सख्ती से निपटने का संकल्प लिया।

इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन ने कहा कि पूर्वी लीबिया में 38,640 से अधिक लोग बेघर हो गए, जिनमें से 30,000 अकेले डेरना में थे। जलवायु विशेषज्ञों ने इस आपदा को लीबिया के क्षयकारी बुनियादी ढांचे और गर्म होते वातावरण का परिणाम बताया है। जर्मन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल एंड सिक्योरिटी अफेयर्स में लीबिया विशेषज्ञ वोल्फ्राम लाचर ने कहा, डेरना में तबाही के पीछे शिथिलता, अक्षमता, लापरवाही, उपेक्षा और भ्रष्टाचार की एक पहेली धीरे-धीरे उभर रही है

## हवा में असंतुलित हुआ विमान तो पैराशूट लेकर कूद गया पायलट, कार में जा घुसा प्लेन, 5 साल की बच्ची की मौत

**तुरीन ।** इटली के तुरीन में सैन्य अभ्यास के दौरान एक जेट का संतुलन बिगड़ने के कारण दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद कार से टकरा गई, जिसमें एक पांच साल की बच्ची की मौत हो गई। दरअसल, जब सैन्य जेट, कार से टकराई तो उस समय कार में एक परिवार मौजूद था। दुर्घटना की जानकारी रक्षा मंत्री गुइडो क्रोसेटो ने दी। इटली की एक मीडिया के अनुसार इस दुर्घटना में मृतक का एक आठ वर्षीय भाई गंभीर रूप से घायल हो गया है। वहीं बच्चे के माता-पिता और जेट पायलट की स्थिति ठीक है। मंत्रालय ने इस दुर्घटना पर शोक जताया है।

क्रोसेटो ने एक बयान जारी करते हुए कहा, 'मंत्रालय परिवारवालों के लिए अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता है। हमने



आपातकाल से निपटने और इसमें शामिल लोगों की सुरक्षा के लिए हर सुविधा मुहैया कराया था।' वहीं उप प्रधानमंत्री मैटेओ सलविनी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए बताया कि पायलट जेट से पैरासूट के सहारे छलांग लगाई थी। उन्होंने इस घटना को बहुत ही भयानक बताया है।

## ब्राजील के उत्तरी अमेजन में विमान दुर्घटनाग्रस्त, चालक दल सहित 14 लोगों की मौत

अमेजॉनस। ब्राजील के अमेजॉनस राज्य में एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, यह दुर्घटना राज्य की राजधानी मनौस से लगभग 400 किमी दूर बार्सिलोस में हुई। मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मृतकों में अमेरिकी नागरिक भी शामिल हैं। अमेजॉनस राज्य के गवर्नर विल्सन लीमा ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, बार्सिलोस में विमान दुर्घटना के शिकार हुए 12 यात्रियों और चालक दल के दो सदस्यों की मौत पर गहरा दुख हुआ। हमारी टीमें जरूरी सहायता प्रदान करने के लिए काम कर रही हैं। मेरी सहानुभूति और प्रार्थना मृतकों के परिवारों और रिश्तेदारों के साथ है।इससे पहले, मनौस एयरोटैक्सी एयरलाइन ने विमान दुर्घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि वह घटना की जांच कर रही है, लेकिन मौतों के बारे में कोई जानकारी साझा नहीं की थी। एयरलाइन ने बयान में कहा कि हम इस कठिन समय में हादसे में जान गंवाने वालों की गोपनीयता के सम्मान पर भरोसा करते हैं और जांच आगे बढ़ने पर सभी जानकारी दी जाएगी। मीडिया रिपोर्ट में सिविल डिफेंस के हवाले से कहा गया है कि इस घटना में कोई भी जीवित नहीं बचा है। रिपोर्ट के अनुसार, दुर्घटना तब हुई जब विमान उतरने की कोशिश कर रहा था। इस विमान से मनौस से उड़ान भरी थी। दुर्घटना दोपहर करीब तीन बजे (स्थानीय समयानुसार) हुई। रिपोर्ट में कहा गया है कि संभवतः खराब मौसम के कारण विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ, लैंडिंग के समय भारी बारिश हो रही थी।